
You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-13 ❒ अंक-284 ❒ गुरुवार, 14 नवम्बर 2024 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव में जो झूठ के सहारे गुब्बारे में हवा भरी थी, वह अब निकल गई। सपा हारने की स्क्रिप्ट तैयार कर रही है। जब हार जायेगी तो अधिकारियों पर आरोप लगाएगी। महाराष्ट्र झारखंड में भी हमारी सरकार बनने जा रही है।

केशव प्रसाद मौर्य

एनडीए का मतलब विकास और महाविकास आघाड़ी का मतलब विनाश : अमित शाह 11

भारत-सऊदी साझेदारी प्रगति पर आधारित और भविष्य पर केंद्रित है : जयशंकर 11

## संक्षेप

### एसई सहारनपुर ने दिया गुंडागर्दी भरा बयान, निलंबित

**लखनऊ।** बिजली महकमें के इंजीनियरों पर राजस्व वसूली का इतना अधिक दबाव है कि अब अधिकारी सामान्य व वर्चुअल बैठकों में इसके लिए आपत्तिजनक बयानबाजी करने लगे हैं। ऐसा एक वीडिया विद्युत वितरण मंडल द्वितीय सहारनपुर के अधीक्षण अभियंता धीरज कुमार जायसवाल का वायरल हुआ है। जिसमें वह अधीनस्थ से बोल रहे हैं कि बकायेदार उपभोक्ता का घर बंद रहता है तो घर में आग लगा दो।यह वायरल वीडियो विभागीय मंत्री एके शर्मा के संज्ञान में आने के बाद आरोपी अधीक्षण अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया गया है। वायरल वीडियो में वर्चुअल बैठक के दौरान अधीनस्थ ने अधीक्षण अभियंता को यह बताया कि कनेक्शन धारक उपभोक्ता दूसरे राज्य में रहकर नौकरी कर रहा है। घर बंद है। जिसके जवाब में अधीक्षण अभियंता (एसई) यह बोलते हुए दिख रहे हैं कि 'घर बंद है तो घर में आग लगा दो। वर्चुअल बैठक की यह वीडियो देखते ही देखते विभाग के उच्चाधिकारियों और मंत्री तक पहुंच गई। जिसके बाद पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने बुधवार को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। एमडी ने लिखा है कि धीरज कुमार जायसवाल का यह कृत्य प्रथम दृष्टया कठोर कार्रवाई का प्रकरण बनता है। निलंबन की अवधि में धीरज जायसवाल को मुख्य अभियंता वितरण मुरादाबाद कार्यालय से संबद्ध किया गया है।

### ग्रीन कारिडोर का अवरोध दूर, सेना ने निर्माण के लिए दी 22 हेक्टेयर जमीन

**लखनऊ।** ग्रीन कारिडोर परियोजना के पिपराघाट से शहीद पथ के बीच बंधे व 4-लेन सड़क के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए सेना ने छावनी क्षेत्र की 21.81 हेक्टेयर भूमि एलडीए को देने की अनुमति प्रदान कर दी है। इसके बनने से छावनी में रहने वाले सेना के अधिकारियों व आम नागरिकों को एयरपोर्ट आने-जाने के लिए सीधी कनेक्टीविटी भी मिलेगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि ग्रीन कारिडोर परियोजना के पार्ट-3 के पिपराघाट से शहीद पथ के बीच गोमती नदी के दाहिने तट पर 5.8 किलोमीटर लंबे फ्लड जोन में बंधे का निर्माण किया जाना है। बंधे का 2.8 किलोमीटर हिस्सा छावनी क्षेत्र में आ रहा है। जिसके लिए लगभग 21.81 हेक्टेयर सैन्य भूमि प्राधिकरण को चाहिए थी। 23 सितम्बर को दिल्ली के साउथ ब्लाक स्थित सैन्य मंत्रालय में ज्वाइंट सेक्रेटरी भूमि एवं कार्य के समक्ष परियोजना का प्रस्तुतिकरण हुआ था। रक्षा मंत्रालय ने सेना की भूमि पर बंधा व 4-लेन सड़क निर्माण की अनुमति एलडीए को दे दी है। मंगलवार को रखा मंत्रालय की अनुमति पत्र प्राप्त हो गयी। इसमें सेना की तरफ से कुछ जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये हैं। इसके अनुसार स्थल पर बंधे का निर्माण होगा।

# उच्चतम न्यायालय ने बुलडोजर पर लगाया ब्रेक

## संपत्तियों को ढहाने पर दिशा निर्देश जारी किए

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने हाल में चलन में आए 'बुलडोजर न्याय' की तुलना अराजकता की स्थिति से की और देशभर के लिए दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि कारण बताओ नोटिस दिए बिना किसी भी संपत्ति को ध्वस्त नहीं किया जाए तथा प्रभावितों को जवाब देने के लिए 15 दिन का वक्त दिया जाना चाहिए।

न्यायालय ने कहा कि प्राधिकारी उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना नागरिकों की संपत्ति को ध्वस्त करके उन्हें दंडित नहीं कर सकते। न्यायालय ने ऐसी ज्यादतियों को ''मनमाना'' करार दिया और कहा कि इससे सख्ती से निपटे जाने की जरूरत है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने एक इमारत को बुलडोजर से ध्वस्त करने और महिलाओं, बच्चों तथा वृद्ध व्यक्तियों को रातों-रात बेघर कर देने के दृश्य को ''भयावह'' करार दिया। पीठ ने अपने 95 पृष्ठ के फैसले में कहा, ''यदि प्राधिकारी न्यायाधीश की तरह काम करते हैं और किसी नागरिक पर इस आधार पर मकान ढहाने का दंड लगाते है कि वह एक आरोपी है तो यह 'शक्तियों के पृथक्करण' के सिद्धांत का

**कारण बताओ नोटिस दिए बिना किसी भी संपत्ति को ध्वस्त नहीं किया जाए तथा प्रभावितों को जवाब देने के लिए 15 दिन का वक्त दिया जाना चाहिए**



उल्लंघन है। इसमें कहा गया है,''जब प्राधिकारी नैसर्गिक न्याय के मूल सिद्धांतों का पालन करने में विफल रहते हैं और वाजिब प्रक्रिया के सिद्धांत का पालन किए बिना काम करते हैं, तो बुलडोजर द्वारा इमारत को ध्वस्त करने का भयावह दृश्य एक अराजक स्थिति की याद दिलाता है, जहां 'ताकतवर ही जीतेगा'। पीठ ने कहा कि इस तरह की मनमानी कार्रवाइयों के लिए संविधान में कोई जगह नहीं है, जो कानून के शासन की बुनियाद पर टिका हुआ है। पीठ ने कई निर्देश जारी करते हुए कहा कि उसके निर्देश उन मामलों में लागू नहीं होंगे जहां सड़क, गली, फुटपाथ, रेल पटरी या किसी नदी या जलाशय जैसे किसी सार्वजनिक स्थल पर कोई अनधिकृत संरचना है तथा उन मामलों में भी लागू नहीं होंगे जहां न्यायालय ने ध्वस्तीकरण का आदेश दिया है। पीठ ने कहा,'' कारण बताओ नोटिस जारी किए बिना (संपत्ति) ढहाने की कोई भी कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। इस नोटिस का जवाब स्थानीय नगर निकाय कानून के अनुरूप निर्धारित अवधि में देना होगा या फिर नोटिस तामील होने के 15 दिन के भीतर देना होगा। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि संवैधानिक लोकाचार और मूल्य शक्ति के इस तरह के दुरुपयोग की अनुमति नहीं देते और इस तरह के दुस्साहस को अदालत द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा, ''प्राधिकारी न्यायाधीश बनकर यह निर्णय नहीं ले सकते कि आरोपी व्यक्ति दोषी है और इसलिए उसकी आवासीय/व्यावसायिक संपत्ति/संपततियों को ध्वस्त करके उसे दंडित किया जाए। अधिकारी का ऐसा कृत्य उसकी सीमाओं का उल्लंघन होगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि राज्य के अधिकारियों की ओर से शक्तियों के मनमाने इस्तेमाल के संबंध में नागरिकों के मन में व्याप्त आशंकाओं को दूर करने के लिए हम संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुछ निर्देश जारी करना आवश्यक समझते हैं। अनुच्छेद 142 उच्चतम न्यायालय को उसके समक्ष लंबित किसी भी मामले में पूर्ण न्याय करने के लिए आवश्यक कोई भी 'डिक्री' या आदेश पारित करने का अधिकार देता है। पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ढहाने का आदेश पारित होने के बाद भी प्रभावित पक्षों को कुछ समय दिया जाना चाहिए ताकि वे उपयुक्त मंच पर आदेश को चुनौती दे सकें। न्यायालय ने कहा कि ऐसे मामलों में भी जहां लोग ध्वस्तीकरण आदेश का विरोध नहीं करना चाहते हैं उन्हें घर खाली करने और अन्य व्यवस्थाएं करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। इसमें कहा गया, ''यह अच्छा नहीं लगता कि महिलाओं, बच्चों और बीमार व्यक्तियों को रातों-रात बेघर कर दिया जाए। यदि अधिकारी कुछ समय के लिए रुक जाएंगे ● शेष पेज 11 पर

### 1. हर आदमी का सपना एक घर, क्या छीन सकते हैं

जस्टिस बीआर गवई बोले, ''एक आदमी हमेशा सपना देखता है कि उसका आशियाना कभी ना छीना जाए। हर एक का सपना होता है कि सिर पर छत हो। क्या अधिकारी ऐसे आदमी की छत ले सकते हैं, जो किसी अपराध में आरोपी हो? आरोपी हो या फिर दोषी हो, क्या उसका घर बिना तय प्रक्रिया का पालन किए गिराया जा सकता है?''

### 2. अधिकारी जज नहीं, फैसला नहीं कर सकते कौन दोषी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ''अगर कोई व्यक्ति सिर्फ आरोपी है, ऐसे में उसकी प्रॉपर्टी को गिरा देना पूरी तरह असंवैधानिक है। अधिकारी यह तय नहीं कर सकते हैं कि कौन दोषी है, वे खुद जज नहीं बन सकते हैं कि कोई दोषी है या नहीं।

### 3. गलत नीयत वाले एक्शन पर अफसर को बख्शा ना जाए

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अगर कोई अधिकारी किसी व्यक्ति का घर इसलिए गिराता है कि वो आरोपी है, यह गलत है। अधिकारी कानून अपने हाथ में लेता है तो एक्शन लिया जाना चाहिए। मनमाना और एकतरफा एक्शन नहीं ले सकते। अफसर ऐसा करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए एक सिस्टम हो।

### 4. घर गिराना आखिरी रास्ता, यह साबित करना होगा

जस्टिस गवई ने कहा, ''एक घर सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने का मसला है। ये सिर्फ एक घर नहीं होता है, यह बरसों का संघर्ष है, यह सम्मान की भावना देता है। अगर घर गिराया जाता है तो अधिकारी को साबित करना होगा कि यही आखिरी रास्ता था। जब तक कोई दोषी करार नहीं दिया जाता है, तब तक वो निर्दोष है। ऐसे में उसका घर गिराना उसके पूरे परिवार को दंडित करना हुआ।''

# कोचिंग संस्थानों के भ्रामक विज्ञापनों पर कार्रवाई के लिए दिशा निर्देश जारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र ने कोचिंग संस्थानों के भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाने के लिए बुधवार को नये दिशानिर्देश जारी किए जिनमें शत-प्रतिशत चयन या नौकरी की पूरी गारंटी जैसे झूठे दावों को निषिद्ध किया गया है।

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) द्वारा तैयार अंतिम दिशानिर्देश का मसौदा, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर कई शिकायतें मिलने के मद्देनजर जारी किया गया। सीसीपीए ने अब तक 54 नोटिस जारी किए हैं और करीब 54.60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने संवाददाताओं से कहा, ''हमने पाया है कि कोचिंग संस्थान जानबूझकर अभ्यर्थियों से जानकारी छिपा रहे हैं। इसलिए, हम कोचिंग उद्योग में शामिल लोगों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए दिशानिर्देश लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार कोचिंग संस्थानों के खिलाफ नहीं है, लेकिन विज्ञापनों की गुणवत्ता से उपभोक्ता अधिकारों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। नये दिशानिर्देशों में, कोचिंग संस्थानों को प्रस्तावित पाठ्यक्रमों और अवधि, अध्यापकों से संबंधित दावे, शुल्क संरचना और शुल्क वापसी की नीतियों, परीक्षा में चयन की दर और रैंक, और चयन की गारंटी या वेतन वृद्धि के बारे में झूठे दावे करने से प्रतिबंधित किया गया है। 'कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक ● शेष पेज 11 पर

## सीआईएसएफ की महिला बटालियन हवाई अड्डों, मेट्रो और वीआईपी को सुरक्षा मुहैया कराएगी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की जल्द ही गठित होने वाली महिला बटालियन हवाई अड्डों और मेट्रो रेल जैसी देश की महत्वपूर्ण अवसंरचना की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेगी और कमांडो के रूप में अतिविशिष्ट व्यक्तियों (वीआईपी) को सुरक्षा प्रदान करेगी। केंद्र सरकार ने अति विशिष्ट व्यक्तियों, हवाई अड्डों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर बल की बढ़ती तैनाती को ध्यान में रखते हुए सीआईएसएफ ● शेष पेज 11 पर

# खुदरा महंगाई बढ़ने से शेयर बाजार में हाहाकार

एजेंसी

मुंबई। देश में अक्टूबर की खुदरा महंगाई के चौदह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचने से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर में कटौती करने की उम्मीदें धूमिल होने के साथ ही कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजे से हतोत्साहित निवेशकों की चौतरफा भारी बिकवाली से आज शेयर बाजार में हाहाकर मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 984.23 अंक अर्थात 1.25 प्रतिशत का गोता लगाकर साढ़े चार महीने बाद 78 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 77,690.95 अंक पर आ गया। इससे पहले 24 जून को यह 77,341.08 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 324.40 अंक यानी 1.36 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 23,559.05 अंक पर रह गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 2.56 प्रतिशत लुढ़ककर 44,107.98 अंक और स्मॉलकैप 3.08 प्रतिशत कमजोर होकर 51,952.79 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4067 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3299 में गिरावट जबकि 670 में तेजी रही वहीं 98 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह 44 कंपनियों में बिकवाली जबकि अन्य छह में लिवाली हुई। विश्लेषकों के अनुसार, मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं कीमतों में तेजी के चलते देश में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई इस साल अक्टूबर में 14 महीने के उच्चतम स्तर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गई। इस साल सितंबर में खुदरा महंगाई दर 5.49 प्रतिशत जबकि अक्टूबर 2023 में यह 4.87 प्रतिशत रही थी। खुदरा महंगाई के बढ़ने से आरबीआई के दिसंबर में होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दर में कटौती किए जाने की संभावना धूमिल हो गई है। इससे निवेश धारणा कमजोर हुई और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी को भारी बिकवाली का सामना करना पड़ा। इससे ● शेष पेज 11 पर

**बाजार**

❒ सेंसेक्स साढ़े चार महीने बाद 78 हजार अंक के नीचे, सेंसेक्स 984 और निफ्टी 283 अंक लुढ़का



# झारखंड के 43 विस क्षेत्रों में 64.86% मतदान

एजेंसी

रांची। झारखंड के प्रथम चरण के 43 विधानसभा क्षेत्रों में आज सुबह 7:00 बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू हुआ और शाम 5:00 बजे शाम शांतिपूर्ण मतदान समाप्त हो गया इस दौरान एक करोड़ 37 लाख मतदाताओं में से 64.86 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि 43 विधानसभा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज सुबह 7:00 बजे से मतदान शुरू हुआ और पांच बजे शाम शांतिपूर्ण मतदान समाप्त हो गया। उन्होंने बताया कि 950 बूथों पर मतदान



शाम चार बजे ही समाप्त हो गया था लेकिन अन्य मतदान केंद्रों पर मतदान शाम 5:00 बजे समाप्त हुआ। इन 43 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने तक 64.86 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। श्री कुमार ने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव में कुल 1.37 करोड़ मतदाता में से पुरुष मतदाता 68.73 लाख पुरुष मतदाता और मह 68.36 लाख महिला मतदाता की संख्या थीह। थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 303 है। 85 वर्ष से अधिक के मतदाताओं की संख्या 63,601 थी जबकि, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1.91 लाख और व 18-19 साल के मतदाताओं की संख्या 6.51 लाख थी। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, राँची स्थित मतदान केंद्र पर जाकर आज अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्यवासियों को लोकतंत्र के इस महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते मतदान करना हम सभी का कर्तव्य है। इसके अलावा उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास जमशेदपुर में, ● शेष पेज 11 पर

# हरियाणा में कोटे में कोटा आरक्षण लागू हुआ

एजेंसी

❒ विधानसभा में मुख्यमंत्री की घोषणा, मुख्य सचिव ने जारी की अधिसूचना

चंडीगढ़। हरियाणा में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) 20 प्रतिशत आरक्षण के कोटे में कोटा लागू हो गया है। इसमें अब सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत कोटा वंचित अनुसूचित जातियों के लिए और 10 प्रतिशत कोटा अन्य अनुसूचित जातियों के लिए होगा।

विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार की शाम एससी-एसटी वर्ग में आरक्षण के उपवर्गीकरण की घोषणा की। मुख्यमंत्री की घोषणा के कुछ देर बाद ही मुख्य सचिव ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी। अन्य अनुसूचित जाति श्रेणी में 15 तथा वंचित अनुसूचित जाति श्रेणी में 66 जातियां शामिल हैं। सरकार के इस फैसले का सबसे अधिक लाभ वंचित अनुसूचित जाति श्रेणी में शामिल 66 जातियों के लोगों को मिलेगा, जिनके लिए नौकरियों के अवसर लगातार कम होते जा रहे थे। हरियाणा देश में ऐसा पहला राज्य है, जिसने सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को अपने यहां सबसे पहले लागू किया है। विधानसभा में मुख्यमंत्री ने जैसे ही सुप्रीम कोर्ट के फैसले को हरियाणा में लागू करने की घोषणा की, पूरा सदन तालियों से गूंज उठा। विगत 18 अक्टूबर को हुई कैबिनेट की बैठक में पहले ही एससी-एसटी वर्ग के ज्यादा जरूरतमंदों को आरक्षण का लाभ देने के लिए उपवर्गीकरण पर मुहर लगा दी गई थी। कोटे में कोटा लागू होने से आरक्षण का लाभ उसी वर्ग के ज्यादा जरूरतमंद लोगों को मिल सकेगा, जिन्हें वास्तव में इसकी अधिक जरूरत है। वर्तमान में वंचित अनुसूचित जातियों का सरकारी सेवाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है, जबकि अन्य अनुसूचित जातियों का उनकी जनसंख्या के अनुपात की तुलना में अधिक प्रतिनिधित्व है। अनुसूचित जातियों के लिए बनाए गए आरक्षण ● शेष पेज 11 पर

## इस बार झारखंड में जेएमएम और कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो जाएगा : नरेंद्र मोदी

# रोटी-बेटी-माटी को बचाने का संकल्प हर बूथ पर दिखा

एजेंसी

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज झारखंड के सारठ और गोड्डा में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित किया।

इस दौरान पीएम ने कहा कि, जो लोग एसी में बैठकर चुनाव का गणित लगा लगा रहे हैं, ये जनसभा में उमड़ी भीड़ उनको बता देगी चुनाव का माहौल क्या है। उन्होंने कहा कि दो दिन बाद हम भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंति का उत्सव गौरव दिवस के रुप में मनाने जा रहे हैं। भारत के हर कोने में इस गौरव दिवस को मनाया जाएगा। पीएम ने कहा कि, हर तरफ एक ही गूंज है रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए सरकार। पीएम मोदी ने कहा कि, आज पहले चरण के लिए मतदान हो रहा है, आज रोटी-बेटी-माटी को बचाने का संकल्प हर बूथ पर दिख रहा है। भाजपा ने नारी शक्ति और युवाओं के लिए जो गारंटी दी है, उनके प्रति भारी समर्थन दिख रहा है। इस बार संथाल क्षेत्र एक नया इतिहास रचने के लिए तैयार है।उन्होंने कहा कि, संथाल में इस बार झामुमो-कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना तय है। पीएम ने कहा कि, संथाल में आदिवासियों की संख्या आधी रह गई है, ऐसे ही आदिवासियों की संख्या कम होती रही तो आपकी जमीन-जल-जंगल पर दूसरे लोग कब्जा कर लेंगे। उन्होंने झामुमो-कांग्रेस-राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि, घुसपैठियों को झारखंड का स्थाई निवासी बनाने के लिए रातों-रात पक्के कागज बना दिए गए।आदिवासी बेटियों को शादी के नाम पर ठगा गया और जमीन हंड़प ली गई। घुसपैठियों ने आदिवासियों का रोजगार और रोटी छीन ली। लेकिन हेमंत सरकार ने कोर्ट में भी बोल दिया कि, प्रदेश में कोई घुसपैठ नहीं हो रही है। लेकिन भाजपा सरकार बनते ही झारखंड की रोटी-बेटी-माटी के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने देगी। हमारी संस्कृति और संस्कारों में माताओं-बहनो-बेटियों के लिए सम्मान होता है। लेकिन कांग्रेस के नेता हमारी बहन को सरेआम गाली देते हैं। बहन सीता सोरेन के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया, क्योंकि ये



लोग सत्ता में हैं और सरकार चला रहे है। पीएम मोदी ने कहा कि, झामुमो को आदिवासी बेटियों के मान-सम्मान की कोई चिंता नहीं है, इसलिए कंग्रेस के नेता आदिवासी बेटियों का अपमान करते हैं। भाजपा ने एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार बनाया, लेकिन झामुमो की सहयोगी कंग्रेस ने द्रौपदी मुर्मू जी को हराने के लिए पूरा तंत्र लगा दिया। कंग्रेस के नेता आज भी आदिवासी बेटी का अपमान करते हैं, लेकिन झामुमो के लोग चुप्पी साध लेते हैं। पीएम ने कहा कि, कंग्रेस के इरादे खतरनाक है, कंग्रेस एससी-एसटी-ओबीसी के आरक्षण को खत्म करना चाहती है। पीएम मोदी ने कहा कि, राजीव गांधी ने आरक्षण हटाने का ऐलान कर दिया था, अखबार में आरक्षण हटाने को लेकर विज्ञापन दिया था। लेकिन एससी-एसटी-ओबीसी की एकजुटता के कारण वे चुनाव हार गए थे, और आज तक केंद्र में कंग्रेस की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार नहीं बन पाई है। जिन राज्यों में एससीऽएसटी आबादी ज्यादा है, वहां कंग्रेस का सफाया हो चुका है। कंग्रेस एससी-एसटी-ओबीसी समाज को आपस में लड़वाकर बांटना चाहती है। पीएम ने कहा कि, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, झामुमो-कांग्रेस-राजद अपने-अपने घर भरने में लगी रहती है। हेमंत सरकार ने पांच सालों तक जल, जंगल, जमीन और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का काम किया। लेकिन भाजपा सरकार ने जो संकल्प लिए उनको सरकार बनते ही पूरा करने का काम करेंगी। भाजपा हर वर्ग के युवा, किसान और महिलाओं को साथ लेकर झारखंड का विकास और नई दशा-दिशा देने का काम करेगी। झारखंड को भाजपा ने बनाया है, हम ही इसको संवारेंगे। जेएमएम-कांग्रेस सरकार घुसपैठियों को यहां का परमानेंट निवासी बनाने के लिए हर गलत काम किए हैं। श्री मोदी ने परिवारवाद पर कड़ा प्रहार करते हुए जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इन लोगों को सिर्फ अपने परिवार के भविष्य की चिंता है। ये इसी तिकड़म में रहते हैं कि इनके परिवार का भला कैसे हो। लेकिन मोदी आपके परिवार की चिंता करते हैं। इन लोगों ने आपका जल लूटा, जंगल लूटा, जमीन लूटी, बालू-गिट्टी ● शेष पेज 11 पर

# विशेष परिस्थितियों में हो रहा कानपुर के सीसामऊ का चुनाव : अखिलेश

❒ सपा मुखिया ने भाजपा पर किया तीखा प्रहार


एजेंसी



कानपुर। भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए बुधवार को समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि सीसामऊ का चुनाव विशेष परिस्थितियों में रहा है। यहां जबरदस्ती चुनाव कराया जा रहा है। बीजेपी के कुछ लोग इस कोशिश में है कि चुनाव हो जाय। जिस तरह से सरकार ने झूठे मुकदमे लगाकर कार्रवाई की, उसकी वजह से हम सबको चुनाव के लिए जाना पड़ा। ये चुनाव केवल कानपुर का चुनाव नहीं है। कानपुर नगर के जीआईसी परिसर में बुधवार को सीसामऊ विधानसभा सीट से सपा की प्रत्याशी नसीम सोलंकी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा सुप्रीम कोर्ट का बुलडोजर पर क्या फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट ने क्या टिप्पणी की है। सरकार के प्रतीक बुलडोजर के खिलाफ जो टिप्पणी की है। वह लोकतंत्र पर विश्वास करने वाला है और उसका स्वागत करता हूं। विधायक जेल से बाहर आएंगे। उनकी पत्नी कभी बाहर नहीं निकली ,लेकिन परिस्थिति ऐसी बनी कि आज उन्हें सपा प्रत्याशी बनाकर उतारा गया। नसीम रिकार्ड मतों से जीतने जा रही हैं। इसलिए बीजेपी वाले घबराए और डरे हैं। हमारे सीएम पीडीए के बारे में नहीं जानते। पीडीए के नारे से उनके पेट में दर्द हो रहा है। साइकिल का हैंडल जब से हाथ ने पकड़ा है, घबराए घूम रहे हैं। नौजवान हजारों की संख्या में प्रयागराज में बैठा है। मांग कर रहा है कि परीक्षा कराओ। वन नेशन वन इलेक्शन वाले परीक्षा नहीं करा पा रहे। आयोग नौकरी नहीं दे पा रहा है। इससे पूर्व सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये चुनाव सुख का चुनाव नहीं कष्ट का चुनाव है। हम पर थोपा गया। उन लोगों ने सोचा कि सोलंकी क्यों सीसामऊ जीतता है। उसको नहीं मालूम सीसामऊ ही सोलंकी परिवार है। इरफान दो साल से जेल में है। डरा नहीं है शेर है। हारने के लिए मशहूर है जो, उसे टिकट दिया है। इस पर उनकी हैट्रिक है। नसीम सोलंकी ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने से बहुत हिम्मत मिल रही है। सीसामऊ की जनता जो डरी हुई उनका हौसला अफजाई कर रहें है।

# सपा गुंडे को टिकट न देती तो सीसामऊ में न होता उपचुनाव : केशव प्रसाद मौर्य

एजेंसी




कानपुर। उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में सबसे चर्चित सीट कानपुर की सीसामऊ है, क्योंकि यह सीट सपा विधायक इरफान सोलंकी की सदस्यता जाने से खाली हुई है और बाकी सीटों पर विधायकों के सांसद बनने पर उपचुनाव हो रहे हैं। इसलिए इस सीट को जीतने के लिए सत्ताधारी पार्टी भाजपा कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है और जेल में बंद इरफान सोलंकी पर हमलवार है। इसी क्रम में बुधवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी सीसामऊ के ग्वालटोली में जनसभा कर सपा के साथ इरफान सोलंकी के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने इरफान का बिना नाम लिए कहा कि इस सीट पर अगर गुंडे को सपा टिकट न देती तो सीसामऊ पर उपचुनाव की नौबत नहीं आती। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में गुंडागर्दी करने वाले जेल के सलाखों के पीछे हैं, अब राजनीति की परिभाषा बदल गई है। गुंडागर्दी की जगह विकास और सुशासन की राजनीति को जनता पसंद कर रही है। यहां के लोगों ने मन बना लिया है कि भाजपा को जिताना है। पहले यहां दंगा होते थे जब से भाजपा की सरकार बनी तब से दंगा नहीं हुआ। सपा के गुब्बारे की हवा निकल गयी है। हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार यह इशारा कर रही कि सूबे में भी साल 2027 में पार्टी की ही हैट्रिक लगेगी। कंग्रेस मुक्त देश और सपा-बसपा से मुक्त उत्तर प्रदेश बनाना भाजपा की प्राथमिकता में हमेशा ही रहेगा।

कानपुर के एक ज्योतिषी ने बताया है कि अखिलेश यादव के लिए 2029 तक मुख्यमंत्री बनने का योग नहीं है। सपा की नैया को डुबोने का यही समय है। महाराष्ट्र और झारखण्ड में भी हमारी सरकार बनने जा रही है। संविधान खत्म करने का दुष्प्रचार किया गया, जबकि राहुल गांधी और सपा संविधान की दुश्मन है।

हमने वादा किया था कि रामलला का भव्य मंदिर मनाएंगे और बना दिया।

आज कश्मीर में 370 हटा दिया गया हमने जो कहा वो किया। यह चुनाव 2027 में यूपी की तीसरी बार चुनावी जीत की शुरुआत है। हम करहल में भी जीत रहें हैं और हम सीसामऊ भी जीतेंगे।

उन्होंने कहा कि इस सीट पर सुरेश अवस्थी के साथ केशव भी यहां से प्रत्याशी हैं।

सपा को वोट देना कुएं में वोट डालने जैसा उपमुख्यमंत्री ने सीसामऊ विधानसभा चुनाव की कमान संभाल रहे उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना और ?आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल का नाम लेकर कहा कि उन्होंने इस सीट पर जबरदस्त मेहनत की है। यह भी कहा कि दोनों मंत्री कभी चुनाव नहीं हारे, जिससे लखनऊ स्थित समाजवादी कार्यालय में चर्चा है कि अबकी बार सपा सीसामऊ में हार रही है। सपा की साइकिल को पंचर कर जनता उसे सैफई के गैराज में भेजना चाहती है।

सपा को वोट देना कुंए में वोट डालने जैसा है। आप सब जानते हो कि कानपुर से नारा गढ़ा है जिस गाड़ी में सपा का झंडा उस गाड़ी में बैठा गुंडा। अखिलेश यादव इन सबके मुखिया हैं। अखिलेश की सभा में खाली रहीं कुर्सियां

उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि लोग विधायक को इसलिए चुनते हैं कि अगर सत्ता में रहे तो विकास कराएंगे लेकिन आपके विधायक (इरफान सोलंकी) ने बाहुबल और अपनी पार्टी का डीएनए का इस्तेमाल कर विधानसभा को बदनाम किया।

# बुल्डोज़र पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद सीएम योगी को पद से हट जाना चाहिए : शाहनवाज़ आलम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव शाहनवाज़ आलम ने अवैध निर्माण के नाम पर आरोपियों के घर बुल्डोज़र से ध्वस्त किये जाने के खिलाफ़ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले को भाजपा के मुंह पर तमाचा बताया है। शाहनवाज़ आलम ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आज यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत सभी भाजपा शासित राज्यों में वोट न देने वाले तबकों के लोगों के घरों के ध्वस्तीकरण को अवैध साबित कर दिया है। फैसले ने यह भी साफ कर दिया है कि देश बहुसंख्यकवादी गुंडागर्दी से नहीं बल्कि संविधान से चलेगा। इसलिए अगर भाजपा वास्तव में संविधान का सम्मान करती होगी तो योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री पद से हटा देगी। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को सुनिश्चित करना होगा कि उसके द्वारा जारी गाइडलाइन की राज्य सरकारें कड़ाई से पालन करें। ऐसा नहीं होने पर न्यायपालिका के प्रति लोगों का भरोसा कम हो जाएगा जैसा कि पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के कार्यकाल में हो गया था जब सरकार विरोधी फैसले तो आ जाते थे लेकिन उसपर कोई कार्यवाई नहीं होती थी।

# पीयू में राष्ट्रीय एकता दिवस पर हुए विविध का आयोजन

एजेंसी




जौनपुर । कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में कुलपति प्रो. वंदना सिंह के संरक्षकत्व में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आर्यभट्ट सभागार रज्जू भइया संस्थान में बुधवार को 5 विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।प्रथम प्रतियोगिता लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं राष्ट्रीय एकता के विषय पर ''सरदार वल्लभभाई पटेलः भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक'' विषय पर द्वितीय प्रतियोगिता एक पात्रीय नाट्य, तृतीय प्रतियोगिता कविता लेखन विषयः राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल से संबंधित, चतुर्थ प्रतियोगिता निबंध लेखन विषयः''राष्ट्रीय एकता के शिल्पकारः सरदार वल्लभभाई पटेल'' एवं पंचम प्रतियोगिता देश भक्ति गीत (एकल) विषयः राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल से संबंधित का आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं में जो भी प्रथम स्थान प्राप्त करेगा उन प्रतिभागियों को 28 नवम्बर 2024 महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में द्वितीय चक्र की प्रतियोगिता छः विश्वविद्यालयों के बीच आयोजन किया जाएगा। निर्णायक मंडल के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ राज बहादुर यादव, डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ सुजीत चौरसिया, डॉ अवधेश मौर्य एवं सल्तनत बहादुर महाविद्यालय बदलापुर के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मुमताज अहमद अंसारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक सुमित सिंह ने किया। अतिथियों का स्वागत नोडल अधिकारी डॉ शशिकांत यादव ने किया। इस अवसर पर प्रो. विक्रम देव शर्मा, रज्जू भइया संस्थान के निदेशक प्रो प्रमोद कुमार यादव, डॉ श्याम कन्हैया, डॉ नीरज अवस्थी, स्वयंसेवक आनंद सिंह एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ई–निविदा सूचना सं० | टीआरडी–19–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–24 | | |
| कार्य का नाम | लखनऊ मण्डल (उत्तर रेलवे) के आरडीएसओ/ओईएम दिशानिर्देशों के अनुसार 08–व्हीलर और 04 व्हीलर टॉवर वैगनों के दो वर्षों के लिए रखरखाव का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹5,48,64,458.55 | बयाना राशि | ₹4,24,300/- |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह | | |
| निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 06.12.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। | | |
| प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन | | |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चेक की जा सकती है। | | |
| पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए, जहां **वी** = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में **एन** = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। 2. निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महीने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" **या** "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो **या** "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। **एक समान कार्य की परिभाषा होगी:** OEM and their authorised dealers. **OR** Manufacturer of Tower Wagons. **OR** Five years experience Repair/Overhauling of engines of same capacity and above. | | |

**नोटः** इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**सं.: टीआरडी–19–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–24 दिनांक 11.11.2024**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ** 3516/2024


# भाजपा देती है नफरत भरे नारे और छात्रों से कहती है नौकरी माँगोगे तो पिटोगे : सजंय सिंह

❒ पीसीएस और आरओ/एआरओ परीक्षा को लेकर छात्रों के प्रदर्शन को मिला आप सांसद सजंय सिंह का समर्थन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रयागराज में हजारों युवा, जो भविष्य की दिशा तय करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, आज पुलिस की बर्बरता का सामना कर रहे हैं। यह युवा केवल एक अधिकार की मांग कर रहे हैं पीसीएस और आरओ/एआरओ परीक्षा को एक ही दिन कराने का। इन छात्रों का यह विरोध न केवल उनकी मेहनत और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए है, बल्कि यह इस बात को लेकर भी है कि परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी या भेदभाव न हो। यह बातें बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में आप सांसद संजय सिंह ने कहीं। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी, योगी, अमित शाह और उनके अंधभक्तों से एक सवाल है कि इस संघर्ष में क्या फर्क है? क्या इन छात्रों का संघर्ष हिंदू या मुसलमान होने के आधार पर विभाजित किया जा सकता है? जब इन युवा छात्रों पर लाठियाँ चलती हैं, तो क्या यह सवाल किया जा सकता है कि इनमें कौन हिंदू है और कौन मुसलमान? क्या यह विरोध किसी धार्मिक आधार पर है, या ये छात्र अपने अधिकारों की मांग कर रहे हैं? उन्होंने योगी सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में बेरोज़गारी की दर निरंतर बढ़ रही है, और इसके खिलाफ छात्रों का यह संघर्ष पूरी तरह से उचित और लोकतांत्रिक है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि योगी सरकार ने इस आंदोलन को दबाने के लिए हिंसा का सहारा लिया है। पुलिस द्वारा लाठियाँ बरसाना, छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध को कुचलने का प्रयास करना, यह लोकतंत्र की हत्या है। क्या यह वही सरकार है जो ''बंटोगे कटोगे'' जैसे नफरत भरे नारे देती है और आज छात्रों से कहती है ''नौकरी माँगोगे तो पिटोगे आप सांसद ने कहा कि आम आदमी पार्टी इस आंदोलन में युवाओं के साथ खड़ी है। हम अहंकारी भाजपा सरकार और आयोग से अपील करते हैं कि वह छात्रों की जायज मांगों को सुने। छात्रों को लाठी और दमन के जरिए नहीं, बल्कि बातचीत और समझदारी से समाधान मिलना चाहिए।


# कार्यालय ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया विकास खंड बनीकोडर जनपद बाराबंकी।

विकास खण्ड बनीकोडर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया में मनरेगा योजनान्तर्गत जनहित में निम्नलिखिल कार्य कराया जाना है। जिसके लिये सलंग्न बिल के अनुसार सामग्री हेतु जीएसटी पंजीकृत मालिन/ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं में स्वीकृत दरों के आधीन निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन निविदायें आमंन्त्रित की है। निविदा फर्म ग्राम पंचायत कार्यलय से दिनांक- 13-11-2024 से 21-11-2024 तक किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त किये जा सकते है। मोहरबन्द निविदायें दिनांक 22-11-2024 को प्रातः 10 से 02 बजे अपरान्ह तक निविदा बाक्स में डाली जायेगी। तथा दिनांक 22-11-2024 को ही ग्राम पंचायत की निविदा समिति के द्वारा ग्राम पंचायत कार्यलय/पंचायत भवन में फर्म मासिक/ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष 3.00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण | अनु.लागत जीएसटी सहित (रू. लाख में) | निविदा मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मुख्य मार्ग से कैलाम के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | इण्टरलाकिंग ईंट, सीमेंट, मौरंग, ईंटा, ईट गिट्टी | 820533.00 | 500 | 3 माह |
| 2 | राम मिलन के घर से इशान के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण | इण्टरलाकिंग ईंट, सीमेंट, मौरंग, ईंटा, ईट गिट्टी | 716795.00 | 500 | 3 माह |
| 3 | मुख्य मार्ग से कैलाम के घर तक नाला निर्माण | ईटा, ईंट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू | 824974.00 | 500 | 3 माह |

01- निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित जीएसटी पंजीकृत फर्म मालिक/ ठेकेदार / आपूर्तिकर्ता को उपरोक्तानुसार घरोहर राशि राष्ट्रीकृत/बैंक/पोस्ट आफिस द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे-आडर्स / प्रतिभूति प्रमाण पत्र जो ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया विकास बनीकोडर के नाम बंधक करते हुये जमा करना होगा।

02- आपूर्तिकर्ता को सलंग्न बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री की आपूर्ति सम्बन्धित सचिव/प्रधान / तकनीक सहायक/अवर अभियन्ता के द्वारा बताये गये निर्दिष्ट समय/स्थान पर आपूर्ति करना होगा।

03- आपूर्ति की गई सामग्री का मनरेगा योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, विल आदि के लिये कार्यदायी संस्था उत्तरदायी नही होगी।

04- जी0एस0टी0 पंजीकृत बिल ही मान्य होगा।

05- विभिन्न प्रकार के शासकीय करों के भुगतान का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।

06- आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप करने का उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।

07-आपूर्ति की गयी सामग्री के भाडा/किराये का अलग से भुगतान देय नही होगा।

08-निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्म मालिक/ठेकेदार / आपूर्तिकर्ता से अनुबन्ध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत सूरजपुर उपरोक्तानुसार प्राक्कलित / स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव/प्रधान / तकनीकी सहायक / अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्देशित समय / स्थान पर सामग्री की आपूर्ति करने पर विफल रहने पर धरोहर राशि जब्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

09- निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

10-निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नहीं होगा।

11-निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एंव शब्दों में करना आवश्यक होगा।

12- बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार सचिव / ग्राम प्रधान / निविदा समिति ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**शिवकुमार**
**तकनीकी सहायक**
**ग्राम पंचायत मानपुर, मकोहिया**
**बनीकोडर- बाराबंकी**

**अमरेंद्र सिंह**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत मानपुर, मकोहिया**
**बनीकोडर- बाराबंकी**

**मीरा देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत मानपुर, मकोहिया**
**बनीकोडर- बाराबंकी**


# नगर आयुक्त ने किया ऐतिहासिक स्थलों एवं हैरिटेज क्षेत्रों का निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बुधवार को नगर आयुक्त डॉ इंद्रजीत सिंह ने नगर निगम लखनऊ के सभी अधिकारियों व स्थानीय पुलिस बल के साथ प्रदेश की राजधानी के सभी ऐतिहासिक स्थलों एवं हैरिटेज एरिया का स्थलीय निरीक्षण किया साथ ही यहां पर्यटकों के लिए लागू सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

नगर आयुक्त द्वारा किये गए निरीक्षण का उद्देश्य था की यहाँ आने वाले पर्यटकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। नगर आयुक्त द्वारा छोटा व बड़ा इमामबाड़ा इत्यादि ऐतिहासिक इमारतों व स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर यहां की पार्किंग व्यवस्था, यहां पर्यटकों के उठने बैठने व घूमने के इंतज़ामों सहित ऐतिहासिक स्थलों पर साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया।

साथ ही व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के साथ-साथ व्याप्त खामियों को जल्द से जल्द दूर किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस निरीक्षण अभियान में नगर आयुक्त के साथ ही अपर नगर आयुक्त, जोनल अधिकारी ज़ोन 2 व जोनल अधिकारी ज़ोन 6 व अन्य अधिकारियों सहित स्थानीय पुलिस शामिल रही।

## विद्यालय में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित किया गया



**करछना प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इंदिरा गाँधी स्मारक इंटर कालेज लाला का पूरा कौंधियारा करछना प्रयागराज मे कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज से तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता कराई गई जिसमे चयनित बच्चों को श्री मती सुमन लता त्रिपाठी द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया। पूरे कर्यक्रम मे प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार पांडेय, सहित अन्य शिछक गड़ उमा शंकर मिश्रा , ब्रजेश त्रिपाठी, धमेंद्र पांडेय, सुभाष पाठक, सन्दीप तिवारी, प्रदीप कुश्वहा, विजय केशरवानी, विवेक पांडेय, अंबुजपांडेय अनुराधापांडेय, फूलचंद एवम समस्त बालक बालिका उपस्थि रहे.

# कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने खाद को लेकर किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। क्षेत्र में डीएपी खाद किल्लत से किसानों को हो रही दिक्कतों को लेकर प्रदेश के कृषि मंत्री ने बुधवार को समेसी स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक

**बिना खाद के मायूस होकर लौट रहे किसान, मंत्री ने डीएपी खाद मंगवाने के दिया निर्देश**

ग्रामीण सहकारी समिति पर औचक निरीक्षण किया। इस समय जहां किसान गेहूं आलू सहित अन्य फसलों की बिजाई की तैयारी में लगे हुए है। वहीं दूसरी ओर किसानों को खाद नही उपलब्ध हो पा रही है। जिसके लिए समितियों पर दिन भर किसानों की लंबी लंबी लाईने लगी रहती है फिर भी उन्हें खाद नही मिल पाती है सैकड़ों किसान शाम को बिना खाद लिए मायूस होकर लौट आते हैं जिसके चलते किसानों में काफी आक्रोश व्याप्त है। किसानों की समस्याओं को लेकर को बुधवार शाम को प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही अचानक नगराम क्षेत्र के समेसी स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति पहुँचे। वहां किसानों ने बताया कि वह कई दिनों से डीएपी के लिये समिति के चक्कर काट रहे है लेकिन खाद नहीं मिल पा रही है।

मंत्री के निरीक्षण के दौरान सचिव मौके पर नहीं मिले हालांकि कुछ देर पश्चात सचिव समिति पर पहुंच गए थे, जिसको लेकर फटकार लगाई । समेसी समिति पर रहे एसडीएम मोहनलाल गंज बी.के वर्मा से बाकी बची बोरिया एक एक कर बांटा जाये , वहीं सैकड़ों किसान बुधवार की शाम को भी मायूस होकर बिना खाद के लौट आए श्री शाही ने अधिकारी समेत सचिव से खाद मंगवाने के निर्देश दिए।



# बीकेटी में चंडीगढ़ से बिहार जा रही ट्रक में लदी लाखों की शराब बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी लखनऊ । कमिश्नरेट के बख्शी का तालाब थानांतर्गत बीकेटी पुलिस,आबकारी टीम तथा एसटीएफ के संयुक्त प्रयास से ट्रक से अवैध रूप से चंडीगढ़ से बिहार राज्य तस्करी कर जा रही विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जीतेंद्र कुमार दुबे ने इस मामले को लेकर बख्शी का तालाब थाना पर प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर द्वारा ख़ास सूचना मिली कि चंडीगढ़ पंजाब से अवैध शराब लेकर एक ट्रक लखनऊ के रास्ते,बिहार जाने वाला है।इस ख़ास सूचना के आधार पर बीकेटी थानांतर्गत इंदौराबाग रोड़ तहसील मोड़ के पास मुखबिर की ख़ास सूचना के आधार पर एक संदिग्ध ट्रक एचआर 69ए8985 को पुलिस ने रोका और ट्रक में लदे सामान के बारे में ड्राइवर से पूछा कि वाहन में क्या लदा हुआ है तो उसने बताया कि इसमें दवाई व मुर्गी दाना लदा हुआ है,जो जीरकपुर पंजाब से पटना(बिहार)लेकर जा रहा हू,बिहार का नाम आते ही पुलिस को शक हुआ कि इस वाहन में मदिरा हो सकती है,जिसे बिहार ले जाया जा रहा है शक के आधार पर ट्रक को सड़क के किनारे खड़ा कराकर उसको चेक किया गया तो चेकिंग के दौरान ट्रक के अंदर मुर्गी दाना की बोरियां व दवाई की पेटिया के साथ पीछे कुछ भूरे रंग के टेप से बंद गत्ते की पेटियां भी लदी हुई थी,वहीं शक के आधार पर जब उन पेटियों को खोलकर देखा गया तो उसमे अवैध विदेशी शराब पायी गई, तत्पश्चात वाहन स्वामी चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो पूछताछ में वाहन चालक द्वारा बताया गया कि पकड़ी गई विदेशी शराब जिरकपुर पंजाब से भरत गोस्वामी द्वारा ट्रक में लोड कराया गया था,जिसे मैं बिहार में ले जाकर अधिक रूपयो में बेचकर ज्यादा पैसा कमाने के उद्देश्य से ट्रक में दवाई व मुर्गी दाना के बीच में छिपाकर ले जा रहा था तभी आप लोगों के द्वारा पकड़ लिया गया।ट्रक से बरामद सभी पेटियों को खोलने पर पुलिस को रॉयल स्टैग,बैरेल सलेक्ट व्हिस्की ब्रांड की कुल 644 बोतल चंडीगढ़ में बिक्री हेतु अनुमन्य जिसमे 300बोतल 750एमएल,344 बोतल 2000एमएल गैर प्रांत की अवैध विदेशी मदिरा व कुल 5090 रुपए नकद,एक ट्रक एचआर69ए8985 तथा एक मोबाईल फ़ोन व दवाई व मुर्गीदाना के दो इन्वाइस पुलिस ने बरामद कर आरोपी हरिराम पुत्र रामकिशुन निवासी मधसध189 दरिया नियर रेलवे स्टेशन थाना फ़ेस-2 एमडब्ल्यू चंडीगढ़ को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया।इस शराब तस्कर को गिरफ्तार करने वाली टीम में बीकेटी थाना से उधनिधअशोक कुमार यादव,उधनिधशैलेंद्र मिश्रा,आरक्षी सचिन यादव,आरक्षी अम्ब्रीश कुमार,आरक्षी दीपक कुमार,आरक्षी दिलीप कुमार,आरक्षी पारस कुमार तथा आबकारी विभाग की पुलिस टीम में आबकारी निरीक्षक संजीव कुमार तिवारी,आबकारी निरीक्षक कौशलेंद्र रावत,आबकारी निरीक्षक अखिल कुमार गुप्ता, आबकारी निरीक्षक लक्ष्मीशंकर बाजपेई,प्रधान आबकारी सिपाही ओंकार नाथ पांडे,सुधीर कुमार,आबकारी सिपाही प्रभात कुमार प्रधान,विनय शंकर यादव,गोविंद यादव तथा एसटीएफ टीम से मुख्यआरक्षी नीरज कुमार मिश्रा व प्रभात शामिल रहे।



# श्री श्याम सरकार धाम सेवा समिति ने धूमधाम से मनाया श्री श्याम जन्मोत्सव, हुआ भव्य भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मड़ियांव क्षेत्र में श्रीनगर कालोनी स्थित मंदिर में मंगलवार को श्री श्याम सरकार धाम सेवा समिति एवं श्याम प्रेमियो के द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ श्री श्याम जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें इस मौके पर समिति के द्वारा भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें भक्तो में सब्जी पूड़ी व बूंदी के साथ चाय का भी वितरण किया गया। इस मौके पर कपिल शुक्ला ने बताया कि श्री श्याम जन्मोत्सव पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें इस भंडारे में सभी श्याम प्रेमियो ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होने बताया कि श्री श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर बाबा का भव्य श्रृंगार, संकीर्तन, 56 भोग, अर्जी, आरती व भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला भक्तो समेत श्याम सरकार सेवक, कपिल शुक्ला, शिवांग द्विवेदी, शिवम, रोचक, अनुराग, अभिनय, आयुष, महेंद्र, सोनू सैनी, विनायक, शशिकांत व अनूप राजपूत समेत अन्य मौजूद रहे।



# एस.आर. इण्टरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल दिवस फनाथॉन-2024 का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, बीकेटी। स्थित एसआर इंटरनेशनल स्कूल और स्पोर्ट्स अकादमी ने अपने वार्षिक खेल दिवस,फनाथॉन 2024 का शानदार आयोजन किया।यह कार्यक्रम शारीरिक फिटनेस, खेल भावना और स्कूल भावना का एक शानदार उत्सव था, जिसमें छात्रों, अभिभावकों और कर्मचारियों के लिए कई तरह की रोमांचक गतिविधियाँ शामिल थीं,दिन की शुरुआत स्कूल प्रबंधन के सभी सदस्यों व स्कूल के चेयरमैन पवन सिहं चौहान, वाइस चेयरमैन पियूष सिहं चौहान एवं स्कूल की वाइस चेयरपर्सन सुष्मिता सिंह चौहान ने मशाल जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।एक जीवंत कक्षावार पीटी डिस्प्ले के साथ हुई,जहाँ प्रत्येक कक्षा ने अपने समन्वित व्यायाम और प्रभावशाली समन्वय का प्रदर्शन किया और कार्यक्रमों में आध्यात्मिक तत्व जोड़ते हुए,छात्रों ने सूर्य नमस्कार सत्र में भाग लिया।कई प्रतिस्पर्धी दौड़ें हुईं,जिसमें प्री प्राइमरी के छात्रों ने भाग लिया।मुख्य आकर्षणों में कंगारू रेस,हर्डल रेस,बैलून फोड़ने की दौड़,30 मीटर डैश रेस शामिल थीं, जिन्होंने रोमांच का माहौल बनाया,जबकि पैरेंट पेपर बैग पैक रेस ने कार्यक्रम में एक मजेदार मोड़ जोड़ा,माता-पिता के साथ-साथ छात्रों ने भी इस अनोखी दौड़ में भाग लिया,रस्साकशी प्रतियोगिता में छात्रों के माता-पिता ने ताकत,समन्वय और टीम वर्क का प्रदर्शन करने के लिए एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए टीमें बनाईं।विजेताओं को संस्थान के वाइस चेयरमैन पियूष सिंह चौहान एवं वाइस चेयरपर्सन सुष्मिता सिंह चौहान द्वारा सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर उनकी खेल भावना और प्रयास को सराहा।इस अवसर पर संस्थान के वाइस चेयरमैन पियूष सिंह चौहान ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करने हुए कहा कि खेल छात्र जीवन के लिए बहुत जरुरी है,इनसे न केवल स्वास्थ्य बेहतर होता है बल्कि हम सहयोग,अनुशासन,सहकारिता जैसे महत्तवपूर्ण जीवन मूल्य भी सीखते हैं।स्कूल की वाइस चेयरपर्सन डॉ0 सुष्मिता सिंह चौहान ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रगट किया।



# चित्रांशु अग्रवाल को मिला एक्सीलेंस इन एजुकेशन 2024' पुरस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी। आरआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सचिव चित्रांशु अग्रवाल को लखनऊ के होटल सेंट्रम में रेड एफएम द्वारा आयोजित 'रेड अचीवर्स अवार्ड 2024' समारोह में बॉलीवुड निर्देशक और अभिनेता अनुराग कश्यप द्वारा 'एक्सीलेंस इन एजुकेशन 2024' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।आरआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सचिव को शिक्षा क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'एक्सीलेंस इन एजुकेशन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।उनकी अटूट प्रतिबद्धता,नवीन दृष्टिकोण और छात्रों को सशक्त बनाने के जुनून ने अनगिनत जीवन पर गहरी छाप छोड़ी है।इस अवसर पर चित्रांशु अग्रवाल ने कहा कि मैं इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को प्राप्त करने के लिए अत्यंत आभारी और सम्मानित महसूस कर रहा हूं।यह सम्मान मेरी टीम और छात्रों की अटूट मेहनत और प्रतिबद्धता का परिणाम है,जिनके बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी।मैं इस मान्यता के लिए गहरा आभारी हूं,जो मुझे उत्कृष्टता की ओर बढ़ने और दूसरों के जीवन में अर्थपूर्ण प्रभाव डालने के लिए प्रेरित करेगी ।




आरआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस बीकेटी के सचिव है चित्रांशु अग्रवाल।

# डीएपी खाद का संकट किसानों ने काटा हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज लखनऊ । मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र में किसानों ने रबी फसल बुवाई के समय डीएपी खाद के न मिलने से सिसेंडी बहुउदेशी ग्रामीण सहकारी समिति पर हंगामा काटा हंगामा की सूचना पाकर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही उप जिलाधिकारी सी के वर्मा समेत विभाग की अधिकारी मौके पर पहुंचे किसानों ने आरोप लगाया कि रबी फसल बुवाई के समय किसानों को खाद के लिए संकट का सामना करना पड़ रहा है किसान डीएपी खाद के लिए सहकारी समितियां के चक्कर लगा रहे हैं वहीं किसानों को गेहूं लाही व आलू की बुवाई खाद न मिलने से पिछड़ रही है। मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के सिसेंडी सहकारी समिति पर रबी फसल की बुवाई के लिए किसानों ने खाद वितरण की जानकारी पाकर बुधवार को सुबह से ही डेरा डालें किसानों ने खाद पाने के लिए हंगामा करने लगे हंगामा बढ़ता देख सचिव ने उच्च अधिकारियों समेत पुलिस को सूचना दी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया इसके बाद जागे अधिकारियों ने संज्ञान में लेकर मौके पर पुलिस बल के साथ सिसेंडी सहकारी समिति पहुंचे उप जिलाधिकारी बीके वर्मा ने खाद वितरण का कार्य शुरू कराया वहीं राजधानी में खाद की किल्लत से परेशान किसानों की समस्या की जानकारी पाकर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी विभागीय अधिकारियों के साथ सिसेंडी सहकारी समिति पर पहुंचे और डीएपी खाद वितरण का जायजा लिया और किसानों से कहा कि प्रदेश में कहीं भी डीएपी खाद की कमी नहीं है जहां कहीं भी समस्याएं आ रही हैं उन्हें दुरुस्त कराकर सभी किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराई जाएगी। वही किसान नेता ने आरोप लगाते हुए कहा कि सहकारी समितियां के सचिव सैकड़ो बोरी खाद अपने चहेतों को सोसाइटी खुलने से पहले ही वितरित कर देते हैं एवं अन्य किसानों को प्रति आधार पर एक बोरी ही खाद देने का हवाला देकर मन कर दिया जाता है ऐसे में एक बोरी खाद से किसानों के खेतों की बुवाई नहीं हो पा रही है और किसानों को प्राइवेट दुकानों से अधिक दामों पर डीएपी खाद लेने को मजबूर होना पड़ रहा है।



## गुडम्बा थाना क्षेत्र मे सड़क किनारे सजी हैँ मीट की दुकाने खुलेआम हो रहा बेज़ुबानो का क़त्लेआम

लखनऊ ।मांसाहार होना गलत नही है ये लेकिन मांस का इस तरह कारोबार करना गलत है क्योंकि हर इंसान मानसाहारी नही होता इसलिए ज़रूरी ये है की इस कारोबार को परदे की आड़ मे किया जाये ऐसा सरकारी आदेश भी है लेकिन इन कारोबारियों को सरकारी आदेश से कोई फर्क पड़ता नही दिखाई देता इन्हें तो सिर्फ सड़कों के किनारे मीट की नुमाइश करने मे मज़ा आता है भले ही लोग इससे एतराज़ करें इनकी सेहत पर कोई असर नही होता।हमने पहले भी आपको खबर दिखाई थी कि जब नवरात्रि की बेला चल रही थी उस वक़्त सरकार ने सख्त हिदायत के साथ मीट की दुकानों को बन्द रखने को बोला था बावजूद इसके यहाँ मीट की दुकान खुली मिली थीं इतना ही नही इन दुकानों पर कैसे बिक्री करनी है इस पर भी सरकारी नियम बने हैँ लेकिन मीट के कारोबारी इस नियम को ताक पर रखकर अपना कारोबार करते नज़र आ रहे हैँ वो सड़क के किनारे ही बकरा काट रहे हैँ जिससे लोगों को परेशानी होती है लेकिन जो सरकार की नही सुनता वो आम आदमी को क्या समझेगा और तो और सरकारी विभाग यानी पुलिस भी इन्हे ऐसा करने से नही रोकती ये बड़ी विडंबना है अब ऐसे मे यू खुलेआम हो रहे बेज़ुबानो के क़त्लेआम को कौन रोक पाएगा आप ही बताएं ।यहाँ बात शाक़ाहार और मांसाहार की नही है काफी संख्या मे लोग मानसाहरी हैँ लेकिन मांस बेचने वालो पर तो नियम के तहत पाबंदी लगाई जा सकती है या यू ही सड़कों पर बेज़ुबानो का खून दिखाई देता रहेगा।



## शातिर चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

मोहनलालगंज लखनऊ मोहनलालगंज एसीपी के कुशल नेतृत्व में हुलास खेड़ा चौकी प्रभारी अनूप कुमार सिंह ने तीन माह पूर्व फार्मासिस्ट के घर हुई चोरी का अनावरण करते हुए शातिर चोर को नगदी व जेवरात के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि बीते अगस्त माह में डॉडा सिकंदरपुर निवासी संतोष यादव ने पुलिस को सूचना देते हुए मुकदमा दर्ज कराया था कि 9 अगस्त की देर रात अज्ञात चोरों ने घर के पीछे रास्ते से घर में घुसकर कमरे,अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लाखों रुपए के जेवरात व नगदी चुरा ले गए हैं सूचना पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम लगातार अज्ञात चोर की तलाश कर रही थी। वहीं हुलास खेड़ा चौकी इंचार्ज अनूप सिंह ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को बहादुर खेड़ा मार्ग पर पीजीआई थाना क्षेत्र के गांधी ग्राम बरौली निवासी जैलू को गिरफ्तार कर जब कड़ाई से पूछताछ की तो उसने चोरी करना स्वीकार करते हुए उसकी निशान देही पर चोरी किए गए लाखों रुपए सोने चांदी के जेवरात व नगदी बरामद हुई। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसकी निशान देही पर चोरी किया गया माल बरामद कर उसे जेल भेजा जा रहा है।

## युवक का रस्सी के सहारे लटकता मिला शव

लखनऊ मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक ने घर में बने कमरे में लगे पंखे के हक के सहारे रस्सी बांधकर आत्महत्या कर ली परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के टिकरा कल्ली पुरब के रहने वाले जगदीश उम्र लगभग 38 वर्ष का शव घर के कमरे में पंखे के हुक से रस्सी के सहारे बुधवार सुबह लटकता देख परिजनों में चीख पुकार मच गई इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर पहुंची मोहनलालगंज पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों के अनुसार जगदीश नशे का आदी था जिसने मंगलवार देर रात रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक अपने पांच भाइयों में चौथे नंबर पर था जिसका विवाह लगभग 10 वर्ष पूर्व हुआ था किंतु अत्यधिक शराब पीने के कारण पत्नी जगदीश को छोड़कर चली गई थी। घर में बूढ़ी मां अन्य चार भाईयों महादीन माखन, बुद्धि लाल व जागेश्वर के साथ रहती है वही मृतक जगदीश अलग घर बनाकर अकेले रहता था।

# बीकेटी में मिजिल्स रुबेला रोग की रोकथाम को लेकर टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी। बीकेटी में बुधवार को उपजिलाधिकारी कार्यालय बीकेटी में मिजिल्स रुबेला रोग की रोकथाम संबंधी कैचअप टीकाकरण एवं नियमित टीकाकरण अभियान हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकेटी के द्वारा तहसील/ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया।जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी बीकेटी सतीश चंद्र त्रिपाठी के द्वारा की गई, इस मौक़े पर उपजिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि मिजिल्स रुबेला अभियान को सफल बनाने हेतु सभी अपने अपने स्तर से सहयोग करे और जो भी बच्चा एमआर 1 या 2 से छूट गए है उन सभी बच्चों को 25 नवंबर से 6 दिसंबर तक स्पेशल टीकाकरण अभियान के तहत सभी बच्चों को टीका लगाया जाएगा,जिससे जानलेवा बीमारी से बच्चों को बचाया जा सके।वही बीकेटी सीएचसी अधीक्षक जेपी सिंह द्वारा यह अपील की गई है कि जो भी बच्चे किसी भी टीकाकरण से छूटे हुए हैं,वह कृपया प्रत्येक नियमित टीकाकरण के दिवस प्रत्येक बुधवार और शनिवार पर अपने बच्चों का नियमित टीकाकरण समय अनुसार कराए,जिससे गंभीर बीमारियों से उनको समय से पूर्व ही बचाया जा सके । कैच अप राउंड है अतःआप सभी जो भी बच्चे मीजल्स रूबेला से छूटे हुए हैं वह सभी बच्चे अपने संबंधित स्पेशल टीकाकरण के दिवस जो 25 नवंबर से 6 दिसंबर के बीच होना है बच्चों को टीका लगाकर अपनी मरीज जिम्मेदारी निभाए एवं सुरक्षित रखें एवम् टीका प्रतिरोधी परिवारों को टीकाकारण कराने में स्थानीय सहयोगी/प्रभावशाली व्यक्ति,कोटेदार,प्रधान, लेखपाल,ग्राम विकास अधिकारियों का सहयोग लिया जाएं।

हाई रिस्क क्षेत्र गद्दी पुरवा ,नट डेरा चंद्राकोडर,नटडेरा पलका, डिपो,डिगडिगा,तकिया,बेहटा,रसूल पुर सादात आदि गांवों में विशेष रूप से सहयोग किया जाए ।बैठक में अधीक्षक जेपी सिंह,बीडीओ बीकेटी पूजा पांडे,एडीओ पंचायत विवेक शुक्ला, बीएमसी यूनिसेफ महेश वर्मा,एफएम नृपेंद्र रस्तोगी,विकास गुप्ता,उत्तम कुमार एचएस,रवि मित्रा एचएस,खाद एवम् रसद ,बाल विकास परियोजना तथा नगर पंचायत बीकेटी,महोना से संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थिति रहे।



# चिनहट में अधेड़ व्यक्ति की गला कसकर हत्या

**कठौता झील के पास सड़क किनारे पड़ा मिला शव**

**मुंह से बह रहा था खून जबान निकली थी बाहर**

**मंगलवार से थे लापता, पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पुलिस अभी मोहित हत्याकांड, एक आरोपी को छत से कूदने और बड़ी चोरी की घटना से उभर भी नहीं पाई थी कि उसे बुधवार सुबह एक और चुनौती मिल गई। चिनहट क्षेत्र में एक करीब 43 वर्षीय व्यक्ति की गला कसकर हत्या कर दी गई। उसका शव कठौता झील के पास सड़क किनारे पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शव की पहचान प्लाट नंबर 30 फूल बाग इंदिरा नगर निवासी फरीद अनवर के रूप में हुई। वह मंगलवार दोपहर घर से लोहिया अस्पताल जाने की बात कहकर निकले थे। वहीं पुलिस इस मामले में अभी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगा कि मौत कैसे हुई है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। फूल बाग कालोनी निवासी मोईद अनवर के भाई फरीद अनवर मंगलवार दोपहर करीब 12,30 बजे घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। तभी घरवालों ने उनकी तलाश शुरू की। सफलता न मिलने पर घरवालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मोईद अनवर के मुताबिक बुधवार सुबह पुलिस ने सूचना देकर बताया कि चिनहट क्षेत्र स्थित कठौता झील के पास आईए। यह सुनकर मोईद अनवर घर के अन्य सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे और शव की पहचान मोईद ने अपने भाई फरीद अनवर के रूप में की। डीसीपी पूर्वी, एसीपी पूर्वी सहित कई पुलिस अफसर भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। फरीद अनवर का गला कसा हुआ था, जबान बाहर निकली हुई थी और मुंह से खून बह रहा था। इससे आशंका जताई जा रही है कि फरीद अनवर की हत्या कर शव यहां लाकर फेंक दिया गया। इस मामले में पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगा कि मौत कैसे हुई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# विकास के नाम पर आंशू बहा रही ग्राम पंचायत कंडौरा

- नल मरम्मत कार्य और रिबोर कार्य व तालाब खुदाई के नाम पर लाखो का घोटाला
- मनरेगा में भी फर्जी हाजिरी लगाकर प्रधान , सचिव व रोजगार सेवक हो रहे मालामाल ग्रामीण परेशान




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । विकास खंड पहला की ग्राम पंचायत कंडौरा में निर्माण कार्यों व कच्चे कार्यो में बड़े पैमाने पर ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।

प्रधान और अधिकारियों ने मिलकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है। आरोप लगाया है कि प्रधान व सचिव मिलकर अधिकारियों से सांठगांठ करके लाखों रुपये का बजट लेबर खर्चा के नाम पर बंदरबांट किया जाता है।हम बात कर रहे विकास खण्ड पहला की ग्राम कंडौरा की ग्रामीणों ने बताया की पंचायत भवन में पंचायत सहायिका कभी कभी आती है।

और गांव में ही बना सामुदायिक शौचालय जिसमे बहुत गंदगी रहती है जिससे ग्रामीण सड़क के किनारे का सहारा लेते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रधान व सचिव ने मिलकर लाखो रुपयो का घोटाला किया है। मोहब्बतपुर में होलिकि तालाब की खुदाई के नाम पर लगभग 170000 व तारा तालाब की खुदाई के नाम पर 126000 रुपयो का भुगतान कराया गया जिसमे काफी भारी अनिमिताये बर्ती गयी है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में हैंडपम्प मरम्मत व रिबोर के नाम पर लगभग 286000 रुपयो का भुगतान कराया गया जिसमें काफी कमिया बनी हुई है ग्रामीणों का कहना है कि हियूम पाइप स्थापना के नाम पर लगभग 87000 रुपयो का भुगतान कराया गया यही नही मिट्टी डलवाई , तालाब में पानी भरवाई , आंगनबाड़ी बर्तन , टाईलीकारण आदि ले नाम पर भी लाखों रुपयों का भुगतान कराया गया है। जिसमे ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है इसकी उच्च अधिकारियों द्वारा कराई जाए तो और लाखों रुपयों का घोटाला उजागर हो जाएगा।

**जब बी.डी.ओ. पहला को उनका पछ जानने के लिए उनको दो बार फ़ोन किया गया लेकिन किसी कारण वश उनका फ़ोन उठ नही पाया।**

# मिशन रोजगार हेतु मेले का किया गया आयोजन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन रोजगार के क्रम मे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जिला सेवायोजन कार्यालय एवं उ0प्र0 कौशल विकास विभाग सीतापुर के संयुक्त तत्वावधान में दिनाँक 13 नवम्बर, 2024 दिन बुद्धवार को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसके क्रम में 20 से अधिक विभिन्न निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 738 से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कर प्रतिभाग किया जिसमें 441 से अधिक अभ्यर्थियों को रोजगार का अवसर प्रदान किया गया। इस रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर एवं जिला रोजगार सहायता अधिकारी, सीतापुर द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके विभिन्न व्यवसायों के प्रशिक्षार्थियों को विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत टेबलेट का वितरण किया गया। मेले का भव्य शुभारंम्भ अवधेश सिंह प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर एवं अमित कुमार जिला रोजगार सहायता अधिकारी, सीतापुर के द्वारा फीता काटकर किया गया।

# स्वास्थ्य सखियों को दिया जाए परिवार नियोजन का प्रशिक्षण: बीडीओ

- पुरुषों की भागीदारी से ही सफल होगा परिवार नियोजन कार्यक्रम: डॉ. आशीष
- महमूदाबाद ब्लॉक कार्यालय में हुई अंतरविभागीय ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। महमूदाबाद के विकास खंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को अंतरविभागीय ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन पापुलेशन फाउण्डेशन आफ इण्डिया एवं मोवियस फाउण्डेशन के सहयोग से संचालित उम्मीद परियोजना के तहत किया गया। बैठक में इस परियोजना के नोडल विभाग के रूप में स्वास्थ्य विभाग के साथ ही पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, आजीविका मिशन, आईसीडीएस सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए खंड विकास अधिकारी रामचंद्र वर्मा ने कहा कि परिवार नियोजन के प्रति जानजागरूकता बेहद जरूरी है। इसके लिए स्वयं सहायता समूह की स्वास्थ्य सखियों को परिवार नियोजन से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाए, जिससे वह समूह सखियों को प्रशिक्षण देकर गांव-गांव लोगों को परिवार नियोजन को लेकर जागरूक कर सकें। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आशीष सिंह ने कहा कि परिवार नियोजन जैसा महत्वपूर्ण कार्यक्रम तभी पूरी तरह से सफल हो सकेगा, जब उसमें पुरुषों की समान रूप से भागीदारी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के साथ ही माता-पिता के साथ विवाह की सही उम्र और उससे होने वाले शारीरिक और सामजिक लाभों को लेकर सामूहिक रूप से चर्चा किए जाने की जरूरत है। इसके लिए हम सभी को एक साझा प्रयास करना होगा। पीएफआई संस्था की पूर्णिमा चौधरी ने बताया कि परियोजना के पहले पहले चरण में सीएचसी पर उम्मीद परिवार नियोजन परामर्श केंद्र की स्थापना की जा रही है। इसके बाद पीएचसी स्तर पर भी इन परामर्श केंद्रों की स्थापना की जाएगी। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन की जागरूकता और स्वीकार्यता को समुदाय में बढ़ाना है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतर विभागीय ब्लॉक समन्वय समिति की बैठकों में बाल विवाह, लैंगिक असमानता तथा किशोरियों की स्वास्थ के प्रति स्वच्छता से सबंधित समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने ने संस्था के द्वारा समूह के कल्याण के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी भी दी। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के मिश्रिख, बिसवां, परसेंडी, ऐलिया, महमूदाबाद, खैराबाद, सिधौली, कसमंडा और गोंदलामऊ विकास खंडों में उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है।

# मिशन शक्ति फ़ेज पाँच शुरू

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुसार प्रदेश में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फ़ेज-5 के तहत पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु विशेष अभियान ञ्मिशन शक्ति फ़ेज-5ङ्क के क्रम में समस्त थानों की महिला सुरक्षा पुलिस टीमो द्वारा सुरक्षा, शांति एवम् कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत अपने अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले भीड़-भीड़ वाले इलाको, सुनसान क्षेत्रों, मंदिरो, कोचिंग संस्थानो, रेलवे स्टेशनों, बस स्टॉप आदि पर निरंतर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है तथा बेवजह घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों/ मनचलों आदि को कड़ी चेतावनी देते हुए बच्चो/ महिलाओं/ बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे है। बालिकाओं को पिंक बूथ एवम् थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के विषय में बताते हुए उन्हें अपनी समस्या निर्भीक होकर पिंक बूथ या महिला हेल्प डेस्क/महिला चौकी पर तैनात महिला पुलिसकर्मी को बताने के लिये कहा गया एवम् बच्चो से गुडटच-बैडटच के विषय में चर्चा कर इस तरह की किसी भी समस्या के बारे में अपने अभिभावको या पुलिस को अवश्य बताने के विषय में बताया। महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वीमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टॉप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9.जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

## नहरों की नहीं हुई समय से सफाई, सिंचाई के लिए नहीं मिल रहा किसानों को पानी

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सिंचाई खंड सीतापुर के अंतर्गत आने वाली ब्रांच रजबहा तथा माइनर नहरों की सफाई न होने से इस वर्ष अभी तक नहरों में पानी नहीं आया पाया पलेवा का समय धीरे–धीरे समाप्त हो रहा है खेतों की पलेवा के लिए किसानों को प्राइवेट समरसेबुल के द्वारा खेतों की सिंचाई करनी पड़ी अब बुवाई का समय चल रहा है उसके बाद फसलों की सिंचाई गन्ने के खेतों की सिंचाई आदि का कार्य प्रारंभ हो जाता है परंतु इस बार नहरों की सिल्ट सफाई नहीं कराई गई जिससे नहरे में बड़ी–बड़ी झाड़ियां उगी हुई है ग्राम के रामचंद्र मूलचंद हरद्वारी कामता आदि लोगों का कहना है कि नहरों से खेतों की सिंचाई फ्री होती है तथा पानी भी फसल को भरपूर मिल जाता है जिससे फसल अच्छी होती है नहर का साधन सबसे सस्ता और सभी को सुलभ होता है वहीं पर बात की जाए प्राइवेट समरसेबुल वालों को?200 ?300 बीघा के हिसाब से सिंचाई देनी पड़ती है और बिजली की कट हो जाने पर बार–बार खेतों को पानी भरकर के आगे बढ़ाना पड़ता है सिंचाई के समय नहरों से पानी का न मिलाना बहुत ही किसानों के लिए कष्टकारी साबित हो रहा है किसानों ने बताया कि इस बार पता नहीं किन कारणों से सिल्ट सफाई नहीं करवाई गई है।

## सीतापुर पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप अभियुक्त को 20 वर्ष कठोर कारावास एवं 30,000/– रुपये अर्थदण्ड की सजा

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना नैमिषारण्य पर पंजीकृत मु.अ.सं 201/22 की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन द्वारा मुकदमे की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप आज दिनांक 13.11.2024 को मा0 न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 14/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट), सीतापुर द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्त रोज अली उर्फ साहिद पुत्र शाबिर अली उर्फ पंडित निवासी निकट बस स्टॉप औरंगाबाद थाना नैमिषारण्य जनपद सीतापुर को अन्तर्गत धारा 363/366/376(3) भादवि में 20 वर्ष कठोर कारावास एवं 30,000/– रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

## शिशु में जटिलताएं बढ़ा सकता है गर्भावस्था का मधुमेह

**गोरखपुर।** गर्भावस्था में उच्च शर्करा स्तर (मधुमेह) अगर नियंत्रित न हो तो यह पैदा होने वाले शिशु में जटिलताएं बढ़ा सकता है। यही वजह है कि प्रसव पूर्व जांच के दौरान पहले ही त्रैमास में सभी गर्भवती की रैंडम ब्लड शुगर (आरबीएस) जांच कराई जाती है। जिन गर्भवती में गर्भावस्था में मधुमेह की पुरानी पृष्ठभूमि रही है उनकी प्रथम त्रैमास में ही मधुमेह की सम्पूर्ण जांच कराई जाती है और अन्य गर्भवती की भी दूसरे त्रैमास में मधुमेह की पूरी जांच कराई जाती है । यह कहना है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आशुतोष कुमार दूबे का। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि गर्भावधि मधुमेह में रक्त शर्करा का मान सामान्य से अधिक होता है लेकिन मधुमेह के निदान से कम हो जाता है। गर्भावधि मधुमेह सिर्फ गर्भावस्था के दौरान ही होता है। इससे पीड़ित महिलाओं को गर्भावस्था और प्रसव के दौरान जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है। इन महिलाओं और संभवत: उनके बच्चों को भी भविष्य में टाइप दो मधुमेह की आशंका अधिक होती है। गर्भावधि मधुमेह का निदान लक्षणों के आधार पर नहीं, बल्कि प्रसवपूर्व जांच के माध्यम से किया जाता है, इसलिए प्रत्येक महिला को गर्भावस्था का पता चलते ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर तुरंत जांच करानी चाहिए। सरकारी अस्पतालों पर न सिर्फ जांच की सुविधा है, बल्कि गर्भावस्था में मधुमेह का पता चलने पर जांच के साथ साथ कुशल इलाज व प्रबन्धन से सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित कराया जा रहा है। वहीं, प्रथम संदर्भन इकाई और पिपराईच सीएचसी की स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ एमडी वर्मन का कहना है कि गर्भावस्था के दौरान मधुमेह के मामले औसतन दस फीसदी से भी कम आते हैं, लेकिन इन मामलों में सतर्कता अधिक जरूरी है। मधुमेह पाए जाने पर गर्भवती को उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) की श्रेणी में रखा जाता है और सुरक्षित प्रसव होने तक उनकी नियमित निगरानी की जाती है। उन्हें मधुमेह की दवाएं भी चलाई जाती हैं। अगर गर्भधारण करने के पहले से ही महिला मधुमेह पीड़ित है तो गर्भावस्था के दौरान उसे चिकित्सकीय देखरेख में अतिरिक्त सतर्कता बरतनी होगी। मधुमेह पीड़ित महिला को गर्भधारण में भी दिक्कत होती है। शाहपुर शहरी स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ नीतू बताती हैं कि अगर गर्भावस्था में मधुमेह नियंत्रित नहीं रहता है तो शिशु के लिए अधिक दिक्कत बढ़ सकती है। गर्भावस्था के पहले आठ सप्ताह के दौरान शिशु के अंग, जैसे मस्तिष्क, हृदय, गुर्दे और फ़ेफड़े आदि बनने लगते हैं। इस चरण में उच्च रक्त शर्करा का स्तर हानिकारक हो सकता है । इससे शिशु में जन्म दोष, जैसे कि हृदय दोष या मस्तिष्क अथवा रीढ़ की हड्डी में दोष होने की आशंका बढ़ जाती है। गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्त शर्करा स्तर के कारण इस बात की आशंका भी बढ़ जाती है कि शिशु समय से पहले पैदा हो जाए या उसका वजन बहुत अधिक हो जाए ।

# योगी सरकार के द्वारा खेल मैदान व गौशाला को लेकर दिया गया लाखों रूपये का बजट

- सिर्फ कागजो में हों रहीं रिपोर्टिंग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। जनपद की विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत परसदा में खेल मैदान में योगी सरकार के द्वारा दिए गए लाखों रूपये का बजट सिर्फ कागजो तक ही सीमित हो कर रह गया है प्रधान व ग्राम सचिव की मिली भगत से खेल मैदान में आए हुए धन का जबरदस्त तरीके से बंदर बाँट किया गया सिर्फ गेट लगा कर सारे रूपये निकाल लिए गए और खेल मैदान के नाम पर सरकार और जनता को ठेंगा दिखाया जा रहा है ग्रामीणों का आरोप है की खेल मैदान को आउट ऑफ़ बॉर्डर बनाया गया है।

जिससे ग्राम सभा के बच्चों को खेल मैदान का कोई लाभ भी नहीं मिल पा रहा है वहीं गौशाला परसदा में अनिमितिता का भंडार है गौशाला में बराबर ताला जड़ा रहता है जबकि गाय को कुत्तो द्वारा नोचता हुआ देखा गया वहाँ पर नियुक्त गौशाला टेकरों नें मीडिया को अंदर जाने से रोक दिया ताला नहीं खोला गया ग्रामीणों नें बताया की ऑन पेपर 280 गौवंश है सूखा पयार खिलाया जाता है गौशाला के टेकरों द्वारा कुछ जानवरों को खुला छोड़ दिया जाता है जिससे किसानो की फसलों को भी नुकसान होता है।

जब ग्राम प्रधान को इस मामले की जानकारी दी गई तो प्रधान ने साफ अपना पल्ला झाड़ते हुए बताया की पंचायत सचिव का सख्त आदेश है की कोई भी व्यक्ति अंदर नहीं जा सकता जबकि बाहरी लोगों को गौशाला के अंदर ट्राली में गोबर की खाद भी भरते देखा गया वहीं बात करें मछरेहटा विकास खंड अधिकारी की तो वो फोन उठाना मुनासिब नही समझते इससे साफ जाहिर होता है कि भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी मजबूत है। सरकार गौवंश के खाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है मगर ब्लॉक से लेकर गांव तक के अधिकारी गौवंश को सूखा धान का पयार खिला रहे है।

# बुजुर्ग घर बैठे ऑनलाइन भी बनवा सकते हैं आयुष्मान कार्ड

- जिले के 1.67 लाख से अधिक बुजुर्गों के बनेंगे आयुष्मान वय वंदना कार्ड

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अब 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत यह कार्डधारक को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा।

इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को इस योजना से संबंधित आयुष्मान कार्ड बनवाना होगा। यह कार्ड जिला चिकित्सालय सहित सभी ब्लॉक सीएचसी पर तैनात आयुष्मान मित्रों द्वारा बनाए जा रहे हैं।

इसके लिए लाभार्थी को अपना आधार कार्ड लेकर संबंधित केंद्र पर



जाना होगा। कार्यक्रम के जिला समन्वयक डॉ. अभिज्ञान सिंह ने बताया कि कोई भी लाभार्थी अपने मोबाइल फोन में आयुष्मान भारत एप को डाउनलोड करके आसानी से घर बैठे भी अपना आयुष्मान कार्ड बना सकता है। इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए एकमात्र पात्रता मापदंड यह है कि आवेदक की आयु 70 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। आयु का निर्धारण आधार कार्ड में दर्ज आयु के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए राशन कार्ड या फिर किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि अब तक एक हजार से अधिक बुजुर्गों के आवेदन कराए जा चुके हैं।

**घर बैठे ऐसे बनाएं आयुष्मान कार्ड**

अपने मोबाइल फोन में गूगल प्ले स्टोर से आयुष्मान भारत ऐप डाउनलोड करें।
लाभार्थी के रूप में लागिन पर क्लिक करें। कैप्चा और मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद आर्थेटिकेशन का तरीका चुने। लाभार्थी की डिटेल, आधार कार्ड की डिटेल दर्ज करें। यदि बेनीफिशरी नहीं मिलता है तो ई–केवाईसी के लिए प्रक्रिया का पालन करें और ओटीपी के लिए सहमति दें। डिक्लेरेशन प्रदान करें, मोबाइल फोन से ही फोटो कैप्र करें और सभी सूचनाएं दर्ज करें। लाभार्थी का मोबाइल नंबर ओर ओटीपी दर्ज करें।
लाभार्थी की कैटेगरी, पिन कोड आदि जानकारियां भरें – परिवार के सदस्यों का विवरण भरने के बाद सम्मिट करने के लिए आगे बढ़ें। ई–केवाईसी के अप्रूवल के कुछ देर के बाद आयुष्मान वय वंदना कार्ड डाउनलोड करें।

# मयंकेश्वर शरण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । राज्यमंत्री संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन/जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की प्रचलित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं जनपद की कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान मा0 जी द्वारा जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा विकास, निर्माण एवं अन्य लाभार्थीपरक योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की विभागवार गहन समीक्षा की गयी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आम जनमानस के स्वास्थ्य, शिक्षा, भरण पोषण, आवास आदि से सम्बन्धित जितनी भी योजनाएं चालू की गयी हैं, उन सबका लाभ प्रत्येक दशा में पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए। कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे तथा आम जनमानस में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए। सम्बंधित विभागीय अधिकारीगण उनके विभाग से सम्बंधित योजनाओं के आच्छादन एवं प्रगति की गुणवत्ता का निरीक्षण गॉव में जाकर करते रहें तथा लाभार्थियों का फीड बैक भी अवश्य प्राप्त करें। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुये मा0 मंत्री जी ने कहा कि 05 लाख से अधिक बकाया बिल उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति के कनेक्शनों पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करायें। साथ ही जो भी संबंधित अधिकारी/कर्मचारी किसी भी उपभोक्ता के घर मोबाइल लेकर न प्रवेश करें और न ही किसी प्रकार का वीडियो बनायें। उन्होंने रामपुरमथुरा में बनाये गये फीडर की स्थिति की कार्यप्रणाली का निरीक्षण कराने तथा जर्जर विद्युत तारों को जल्द ही बदलने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान सरकार द्वारा निर्धारित नए मानक के अनुसार जनपद, विकास खंड एवं ग्राम स्तर पर बैठक कर पूर्ण निष्पक्षता के साथ पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए। मा0 मंत्री ने कहा कि जिन ग्राम सचिवों के पास कई गांव चार्ज में हो, उनके द्वारा उचित एवं निष्पक्ष सर्वे करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी गरीब एवं कमजोर व्यक्तियों को, जिनके पास आवास नहीं है उनको आवास का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए, यही शासन की मंशा है। खाद्य विपणन विभाग की समीक्षा के दौरान मा0 मंत्री जी ने धान खरीद की स्थिति खराब होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि क्रय केन्द्रों की सूची उपलब्ध करायी जाये, केवल कृषकों से ही धान खरीद की जाये तथा जांच समिति बनाते हुये ऐसे लोगों पर निगरानी रखी जाये, जो लोग बल्क में खतौनी लेकर धान विक्रय करने आते हैं, उनसे धान खरीद न की जाये। सट्टे में हेराफ़ेरी व प्रशासन को गुमराह करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाये, जिससे किसानों के साथ धोखाधड़ी न होने पाये। समीक्षा के दौरान मा0 मंत्री द्वारा जनपद के सभी विद्यालयों में मानक के अनुरूप सभी बिंदुओं पर कायाकल्प का कार्य कराए जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों को बेसिक सुविधाओं से आच्छादित करने की कार्यवाही प्राथमिकता पर की जाए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समूहों का गठन की समीक्षा के बिंदु पर मंत्री ने निर्देश दिए की गांवों में समूहों द्वारा निर्मित रोजमर्रा की वस्तुओं को खरीदने एवं विक्रय करने की व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारीगण कार्य करते हुए तहसील एवं विकासखंड स्तर पर एक विक्रय केंद्र बनाने की भी व्यवस्था करें जिससे ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को लोग आसानी से खरीद सकें, जिससे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का जीविकोपार्जन के साथ-साथ उनका उत्साहवर्धन एवं मनोबल भी बढ़ेगा। जल निगम की समीक्षा के दौरान मा0 मंत्री द्वारा अधिशाषी अधिकारी जल निगम को निर्देशित किया गया कि पानी सप्लाई के पाइप की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही साथ सड़कों को तोड़कर जो पाइप डाल रहे हैं उन सड़कों को ससमय रिस्टोर कर दिया जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को फटकार लगाते हुये कड़े निर्देश दिये कि पाइप डालने के उपरान्त खुदी हुये सड़कों का रिस्टोरेशन करा दिया जाये, अन्यथा की स्थिति में उनके विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज करते हुये कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी से सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, मरीजों हेतु बेसिक सुविधाओं, इमरजेंसी व्यवस्था, एंबुलेंस की स्थिति आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। मा0 मंत्री ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बना दिये जाएं। साथ ही 70 वर्ष के सभी वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड जारी किये जायें।समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान मा0 मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में पात्रता की जांच करते हुए इसका विशेष ध्यान रखा जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। पात्र लाभार्थियों की सूची बना कर नियमानुसार उनको आच्छादित किया जाए। विभिन्न पेंशन योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को समय से पेंशन उनके बैंक खातों में ट्रान्सफर कर दिया जाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों का शत-प्रतिशत ई0के0वाई0सी0 सुनिश्चित करा ली जाए, जिससे कोई भी लाभार्थी के0वाई0सी0 के अभाव में लाभ से वंचित न होने पाये। मा0 मंत्री ने कहा कि हम सभी का उद्देश्य जनपद का सर्वांगीण विकास, भ्रष्टाचार मुक्त कार्य के साथ-साथ सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराना एवं नियमानुसार पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। किसी भी स्तर पर उन्हें भ्रमित न करते हुए पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले माताओं, बहनों सहित सभी फरियादियों की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराते हुए उसका फीडबैक भी लिया जाए। उन्होंने प्रशासन से महिलाओं, बेटियों का सम्मान, सुरक्षा एवं स्वालम्बन तथा गरीबों एवं वंचितों को लाभ एवं न्याय दिलाये जाने की अपेक्षा व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने जनपद के विकास हित में कराये जा रहे कार्यो एवं आगामी योजनाओं के बारे में मा0 मंत्री जी को अवगत कराया। मा0 मंत्री जी द्वारा जनपद में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र से विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त करते हुए महिला हेल्पलाइन, महिला सुरक्षा दल, 112 सचल दल, 1076 सहित शेफ सिटि के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने सहित अन्य सुरक्षा बिन्दुओं के बारे में अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी।मा0 सांसद मिश्रित अशोक रावत ने निर्देश दिये कि जिला पंचायत की जमीनों पर अवैध कब्जेदारों को भू-माफिया चिन्हित किया गया है, उन पर मुकदमा पंजीकृत कराते हुये गिरफ्तारी अवश्य करायी जाये ।

# सदर विधायक ने कुश्ती का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पडरौना, कुशीनगर। विकास खंड विशुनपुरा के पिपरा बुजुर्ग में एकादशी के अवसर पर बुधवार को मेला व कुश्ती का आयोजन किया गया। इसमें अंतर्जनपदीय के अलावा क्षेत्रीय पहलवानों ने भी दमखम दिखाया। पहली कुश्ती ओमकार बलुआड ने मोसाहब बढ़या फार्म को हराया। वहीं मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर कुश्ती का शुभारंभ कराया। इस दौरान सदर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में दंगल का आयोजन पहलवानों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। सरकार भी खेलकूद में मदद कर रही है। विशिष्ठ अतिथि ब्लाक प्रमुख विशुनपुरा, पुर्व ब्लाक प्रमुख बिक्रमा यादव, पडरौना नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल व भाजपा मण्डल अध्यक्ष महेश रौनियार आदि को आयोजक प्रधान प्रतिनिधि दिनेश जायसवाल, राजू मद्धेशिया, शन्नो मद्धेशिया, अरुण जायसवाल, शैलेश मद्धेशिया आदि ने स्वागत किया। इस अवसर पर रवि ने सेराज को, ओमकार बलुआड ने मोसाहब बढ़या फार्म को सोनू ने कैलाश को आदि तथा मोहम्मद व संदीप, राजन व मनोहर, राकेश व पवन, विट्टू व धर्मेन्द्र, सिन्टू व गुड्डू आदि का कुश्ती बराबर छूटा तथा दो दर्जन से अधिक कुश्ती हुआ।संचालन मुनीब गौतम ने किया। रेफरी की भूमिका शंखी यादव ने निभाई। इस दौरान हनुमान जायसवाल, सन्नी मद्धेशिया, भोला जायसवाल, मुज्जमील अंसारी, विकास सोनी, अरुण जायसवाल, अनिल रौनियार, लुटन चौधरी, अशोक कुशवाहा, मुन्ना अग्रहरि, शम्भू मद्धेशिया, अतुल जायसवाल, रामेश्वरम अग्रहरि, डी पी गुप्ता, बिचन्डी जायसवाल, राजन रौनियार, राकेश गुप्ता, अमरनाथ सोनी, तबारक अंसारी, बालक पासवान व संदीप जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# अभिलेखों में नमो घाट का नाम हुआ दर्ज, निगम कार्यकारिणी ने दी स्वीकृति

एजेंसी



वाराणसी। नगर निगम के कार्यकारिणी की बैठक में बुधवार को अभिलेखों में ''नमो घाट'' का नाम दर्ज हो गया। कार्यकारिणी ने सर्व सम्मति से इसके लिए स्वीकृति दे दी। नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में बरेका क्षेत्र के पीछे चांदमारी, मढ़ौली, मंडुआडीह आदि कई नवविस्तारित क्षेत्रों में जलनिकासी की समस्या को देखते हुये इसकी व्यवस्था करने के लिए प्रस्ताव रखा गया, जिसे कार्यकारिणी समिति ने पारित कर दिया। इसके पहले नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 91(1) के अन्तर्गत अनुज्ञप्ति विभाग के उपविधि का प्रस्ताव रखा गया, जिसमें कार्यकारिणी समिति ने प्रस्ताव को इस शर्त के साथ पारित किया कि भविष्य में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार कार्यकारिणी व सदन में होगा। बैठक में नगर निगम के आवासों में रह रहे आवंटियों के बारे में प्रस्ताव रखा गया, जिसमें राजस्व विभाग ने बताया कि नगर निगम के कुल 243 आवास हैं। जिसमें वर्तमान में नगर निगम कर्मी के रूप में मात्र 55 आवंटी हैं। शेष 66 आवासों में सेवानिवृत्त, स्थानान्तरित, मृतक के परिवार रहते हैं। साथ ही 85 आवास, आम नागरिकों को आवंटित किया गया है। कुल 37 आवासों में अवैध रूप से लोग निवास कर रहे हैं। राजस्व विभाग ने बताया कि आवंटियों को 15 वर्ष के लिये पूर्व में अनुबन्ध किया गया , जिसकी समय सीमा पूर्ण हो चुकी है। इस पर कार्यकारिणी समिति ने निर्णय पारित किया कि अनुबन्ध की समय सीमा पूर्ण हो जाने के फलस्वरूप सभी को नोटिस जारी किया जाय। तथा बाजार दर एवं डी0एम0 सर्किल रेट का परीक्षण कर नियमानुसार किराया निर्धारित किया जाय। बैठक में नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, अपर नगर आयुक्त राजीव कुमार राय, सविता यादव, विनोद कुमार गुप्ता, संयुक्त नगर आयुक्त कृष्ण चन्द्र, मुख्य अभियन्ता मोईनुद्दीन, महाप्रबन्धक जलकल अनूप सिंह, सचिव ओ0पी0 सिंह, उपसभापति नरसिंह दास, सदस्य अमरदेव यादव, प्रमोद राय, गरिमा सिंह,मदन दूबे, श्याम आसरे मौर्य, अक्षयवर सिंह, हनुमान प्रसाद, सुशील कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार भी उपस्थित रहे।

# संपूर्ण स्वास्थ्य पर डायबिटीज का नकारात्मक असर :डा.अजय तिवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पुराने लखनऊ की शान बड़े इमामबाड़े परिसर में स्थित नौबतखाने को प्रकाशित करके आरएसएसडीआई के यूपी चैप्टर ने मधुमेह जागरूकता आयोजन किया। मधुमेह विशेषज्ञ डा.अजय तिवारी ने बताया कि मौजूदा विश्व में मधुमेह के तेजी से बढ़ते आंकड़े चिकित्सा वैज्ञानिकों के लिये चुनौती बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि डायबिटीज के नकारात्मक असर पूरे शरीर के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। रूमी गेट पर आयोजित इस भव्य स्वास्थ्य कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने किया। उन्होंने मधुमेह नियंत्रण के क्षेत्र में आरएसएसडीआई के द्वारा जारी प्रयासों की सराहना की। समारोह में आमंत्रित अतिथियों को संबोधित करते हुए प्रोफ़ेसर जे.फातिमा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में प्री-डायबिटिक लक्षणों वाले रोगियों की संख्या बढ़ रही है जिससे निकट भविष्य में उनके डायबिटीज रोगी बनने की आशंका है। प्रोफ़ेसर अनुज माहेश्वरी के अनुसार देश में 136मिलियन के आसपास प्री डायबिटिक लोग हैं जिन्हें समुचित व्यायाम, संतुलित आहार और वैज्ञानिक जीवनशैली देकर डायबिटीज रोगी बनने से बचाना संभव है। प्रोफ़ेसर नरसिंह वर्मा ने? जानकारी दी कि इंटरनेशनल डायबिटीज फाउंडेशन हर वर्ष 14 नवंबर को वर्ल्ड डायबिटीज डे का आयोजन करता है जिसका उद्देश्य लोगों को डायबिटीज के खतरे से बचाना और एक संतुलित जीवनशैली की दिशा में ले जाना रहा है। उन्होंने बताया कि पांच प्रतिशत वजन कम करके मधुमेह की संभावना को 58प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। समारोह में दी गयी जानकारी के अनुसार मधुमेह को नियंत्रित करने वाले एंजाइम इंसुलिन की खोज 1922 में जीव वैज्ञानिक फ्रेडरिक बैंटिंग और उनके साथी चार्ल्स बेस्ट ने की थी।

# पुलिस मुठभेड़ में एक पशु तस्कर के पैर मे लगी गोली, दो गिरफ्तार

**तस्करों के कब्जे से पुलिस ने 6 प्रतिबंधित पशु , दो अवैध तंमचा व 6 जिन्दा कारतूस किया बरामद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर । जनपद के तमकुहीराज थाना क्षेत्र में लतवापट्टी नहर के समीप वाहनों चेकिंग कर रही पुलिस टीम की पशु तस्करों भुठभेड़ हो गयी। इस मुठभेड़ में पुलिस की गोली से एक पशु घायल हो गया। पैर में लगी गोली के बाद तस्कर हाथ जोडकर वही बैठ गया। इसके साथ पुलिस ने मौके पर इसके एक साथी को भी धर दबोचा है। घायल तस्कर के इलाज के लिए पुलिस ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। तस्करों के कब्जे से छह प्रतिबंधित पशुओं को मुक्त कराया गया है।

उनके पास से दो तमंचे, छह जिंदा व चार खोखा कारतूस के अलावा दो हजार सात सौ रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिसिया कहानी के मुताबिक सूचना मिली थी कि तमकुहीराज क्षेत्र से कुछ शातिर पशु तस्कर पिकअप वाहन से सीमावर्ती क्षेत्रों के रास्ते प्रतिबंधित पशुओं को चोरी छिपे लादकर बिहार ले जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस टीमों का गठन कर चेकिंग के निर्देश दिए।

तमकुहीराज, तरयासुजान, पटहेरवा एवं साईबर थाने की संयुक्त पुलिस टीम इसी क्रम में बुधवार को सुबह तमकुहीराज क्षेत्रान्तर्गत लतवा चट्टी नहर के पास घेराबंदी कर चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन आते दिखाई दिया, जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन में सवार कुछ व्यक्तियों द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नीयत से फायर किया गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम की ओर सेकी गयी फायरिंग में एक बदमाश के पैर मे गोली लगी और वह घायल हो गया। इसकी पहचान मुन्ना मियां पुत्र हमीद मियां निवासी मुफरी टोला थाना गोपालगंज जनपद गोपालगंज बिहार राज्य के रुप में हुई। इस दौरान उसका एक साथी गुड्डू यादव पुत्र राजेंद्र यादव निवासी सेमरा टोला हरदो माफ़ी थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर पैदल भागने का प्रयास कर रहा था। पुलिस टीम द्वारा काम्बिंग के दौरान उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के हत्थे तस्करों के कब्जे से पुलिस ने 6 प्रतिबंधित पशु, लकड़ी का ठीहा, रस्सी, दो अवैध तंमचा व 6 जिन्दा व 4 खोखा कारतूस बरामद किया गया है। घायल तस्कर को पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार तमकुहीराज थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि तस्करों का यह संगठित गिरोह है जो सीमावर्ती क्षेत्रों के रास्ते गोवंशीय पशुओं को वाहनों में क्रूरता पूर्वक लादकर बिहार आदि राज्यों में ले जाकर गो-तस्करी करता है। इस गैंग के खिलाफ बिहार राज्य के अलावा उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जनपद व आसपास के जिलोमें भी मुकदमे पंजीकृत हैं। इसकी डिटेल जुटाई जा रही है।

# तीसरे दिन भी धरने पर बैठी महिला लगा रही है न्याय की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। क्षेत्र के सौरहा खुर्द गांव एक महिला पट्टीदारों पर दरवाजे पर दिवार खड़ा करने और खेत में जबरजस्ती मेड़ बांधने का आरोप लगा न्याय की मांग को लेकर अपने दरवाजे पर चार दिनों से धरने पर बैठीं हुईं है। भुनगी देवी का आरोप हैं कि उसके पट्टीदार दरवाजे पर दिवार चला दिए हैं। उसके खेत में भी मेंड़ बाध लिए है। शिकायत के बाद मामले का निस्तारण करने पहुंचे लेखपाल के सामने ही उसके पति गुलाब को मारपीट कर घायल कर दिये।

जिसमें कुछ लोगों पर मुकदमा भी दर्ज हुआ है। उसने आरोप लगाया है।

कि बगैर किसी आधार के दबंगई के बल पर उसके घर और खेत पर कब्जा कर लिया गया है, जबकि सभी भू लेखों में उसका नाम दर्ज है। पीड़िता दरवाजे पर चलाएं गये दिवार और खेत में बांधे गए मेंड़ को तोड़वाने की मांग कर रही है। बुधवार को लेखपाल शितल सिंह धरना स्थल पर पहुंच कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया गया लेकिन महिला अपनी मांगों पर अड़ी हुई हैं। लेखपाल ने बताया कि मामले के स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया हूं।

# गौ सेवा में जिलाधिकारी की बड़ी पहल, पहली रोटी गाय को कार्यक्रम के तहत 11 रोटियां गौ माता को अर्पित

एजेंसी




जालौन। गौ सेवा को पुण्य कार्य मानते हुए, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने एक अनूठी पहल शुरू की है। उन्होंने अपने आवास से पहली रोटी गाय को कार्यक्रम के तहत 11 रोटियां इस हेतु संचालित वैन को अर्पित की और गौ सेवा में नागरिकों के जुड़ाव को प्रोत्साहित किया। इस दौरान डॉ घनश्याम अनुरागी ज़िला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि पहली रोटी गाय को देना यह हमारे संस्कारों का हिस्सा होना चाहिए। यह पहल गौ सेवा के प्रति जन सहभागिता और जागरूकता को बढ़ाने और लोगों को गो संरक्षण के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि ई-रिक्शा वाहन घर-घर जाकर गो भक्तों से पहली रोटी गाय को अर्पित के संग्रह लिए पहुंचेंगे। इस अनोखी पहल के तहत, लोग घर बैठे ही गौ माता को रोटी चोकर आटा और अन्य अनाज अर्पित कर सकेंगे। जिससे गौ सेवा का यह कार्य और अधिक लोकप्रिय हो सकेगा। मनोज अवस्थी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि गौ सेवा में है सच्चा पुण्य, पहली रोटी गाय को दें सुख, ''गाय की सेवा है हमारी जिम्मेदारी, पहली रोटी गाय को से करें गो संरक्षण की शुरुआत सच्ची श्रद्धा की, ''गौ माता की सेवा, जीवन का सबसे बड़ा पुण्य, ''पहली रोटी गाय को, और सच्चे सुख की ओर बढ़ो, ''गाय की सेवा से बढ़े जीवन का आकार, पहली रोटी से करें शुरुआत इस यथार्थ के आचार, ''गौ सेवा से हो आशीर्वाद, रोटी दे हम करें विश्वास, ''पहली रोटी गाय को दो, पुण्य के पथ पर चलो। राजेंद्र श्रीवास मुख्य विकास अधिकारी ने इस दौरान कहा कि ''गाय की सेवा से हमें पुण्य मिलता है और इससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्हें विश्वास है कि जन सहभागिता से गौ सेवा गो संरक्षण की ओर लोग इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएंगे। पुलिसअधीक्षक द्वारा कहा गया कि गौ संरक्षण सिर्फ एक धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय उत्थान का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## प्रदेश की सभी सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित : अरुण सिंह

**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने मझवा विधानसभा के सिटी ब्लॉक स्थित एक लॉन में बुधवार को ग्राम प्रधानों व बीडीसी सदस्यों के साथ बैठक की। मझवा विधानसभा उपचुनाव के लिए एनडीए व भारतीय जनता पार्टी की संयुक्त उम्मीदवार सुचिस्मिता मौर्या को भारी मतों से जीताने की अपील की। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीब, किसान व नौजवान खुशहाल हैं। आजादी के बाद भाजपा की मोदी—योगी सरकार में आम गरीब आदमी को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल से जल योजना, उज्ज्वला गैस योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान स्वास्थ्य योजना आदि कई योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल रहा है। इस उपचुनाव में प्रदेश की सभी सीटों पर एनडीए गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। इस दौरान मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, मझवा के पूर्व विधायक व भदोही सांसद डॉ. विनोद बिंद, एमएलसी विनीत सिंह समेत बड़ी संख्या में एनडीए व भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कारावास

**फिरोजाबाद।** न्यायालय ने मंगलवार को नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर अर्थ दंड भी लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। थाना उत्तर क्षेत्र से एक युवक 8 मई 2022 को एक किशोरी को भगाकर ले गया। किशोरी के पिता ने मामले में अंकित उर्फ आकाश निवासी टापा पेंठ के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने एक महीने बाद किशोरी को हाथरस से बरामद कर लिया। किशोरी ने बताया अंकित उसके भाई की हत्या करने की धमकी देकर हाथरस ले गया। वहां उसकी मर्जी के बगैर युवक ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में पुलिस उसे पड़कर फिरोजाबाद ले आई। पुलिस ने विवेचना के बाद अंकित के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम कोर्ट संख्या एक अवधेश कुमार सिंह की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक अवधेश भारद्वाज ने बताया मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी। कई सबूत न्यायालय के सामने प्रस्तुत किए गए। गवाहों की गवाही तथा सबूत के आधार पर न्यायालय ने अंकित को दोषी माना। न्यायालय ने उसे 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर 58000 रुपये का अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसे एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## सड़क हादसों में दो बाइक सवार तीन की मौत, एक घायल

**फिरोजाबाद।** जनपद में मंगलवार की देर रात हुए सड़क हादसों में दो बाईकों पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक युवक घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम गृह में रखवाया है। थाना एका के गांव नगला चित्तर निवासी दीपक कुमार (22), मुन्नेश कुमार व भोले (25) पुत्र दीनदयाल बारात में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल थाना शिकोहाबाद के गांव शोभनपुर के समीप पहुंची तभी वह सड़क हादसे का शिकार हो गए। मौके पर उपस्थित लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को उपचार हेतु अस्पताल लेकर गयी। जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर शवों को पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया है। सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंचे मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं दूसरी घटना में थाना उत्तर के झील की पुलिया इंद्रपुरी निवासी ब्रज किशोर (45) पुत्र पूरन चंद्र व थाना शिकोहाबाद के गांव माढ़ई निवासी रामनरेश पुत्र राजवीर सिंह मोटरसाइकिल पर सवार होकर मंगलवार की रात कहीं जा रहे थे। जैसे ही मोटरसाइकिल थाना दक्षिण के मीरा चौराहा के समीप पहुंची तभी अचानक एक डीसीएम ने मोटरसाइकिल सवारों को रौंद दिया। हादसे में ब्रजकिशोर की मौत हो गई। जबकि साथी रामनरेश घायल हो गया। दुर्घटना देख भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लायी है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी दक्षिण योगेंद्र पाल ने बताया कि हादसे में एक युवक की मौत हुई है। जबकि एक घायल है।

पति, सास, जेठ व देवर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा हुआ दर्ज

## मृतका ने डेढ़ वर्ष पूर्व किया था प्रेम विवाह

**हमीरपुर।** बुधवार को दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मार कर बगैर सूचना दिए अंतिम संस्कार की कोशिश करने पर पुलिस ने पिता की तहरीर पर सास, पति, जेठ, देवर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। सुमेरपुर कस्बे के इमिलिया थोक निवासी अमर सिंह ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पुत्री कोमल ने कस्बे के चांद थोक निवासी मोहित द्विवेदी से डेढ़ वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद से ही पति मोहित द्विवेदी, सास चंदा द्विवेदी, जेठ रामू द्विवेदी, राजन द्विवेदी, देवर रोहित उर्फ कन्हैया द्विवेदी मारपीट करके दहेज की मांग करने लगे। बीते छह नवंबर को सभी ने उसकी पुत्री को जमकर पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बगैर सूचना दिए उसकी पुत्री का गुलौली घाट थाना जसपुरा बांदा में अंतिम संस्कार करने का प्रयास किया। जसपुरा पुलिस ने सूचना देकर उसे मौके पर बुलाया। उसने मृतका को अपनी पुत्री के रूप में शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम कराया। पिता ने आरोप लगाया कि ससुरालीजनों ने उसकी पुत्री की हत्या दहेज की मांग पूरी न होने के कारण की है। सुमेरपुर थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बुधवार को बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# गोद लिए गए टीबी रोगियों का रखे निरंतर ख्याल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत तथा प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत आज जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) वैभव मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुरेश पटारिया समेत अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी गण, जनपद के सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों के चिकित्सक गण आई.एम.ए. के प्रेसिडेंट एवं सेक्रेटरी तथा कोटेदार संवर्ग, प्रधान संघ के प्रतिनिधियों ने 67 टी.बी. रोगियों को कलेक्ट्रेट सभागार में न्यूट्रिशन युक्त पोषण पोटली वितरित कर उन्हें गोद लिया गया। उन्हें निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत पोषण पोटली प्रदान करते हुए न्यूट्रिशन से भरपूर सामग्रियां प्रदान की गई। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा न्यूट्रिशन युक्त पोषण पोटली प्रदान करते हुए समस्त टी बी रोगियों के उज्जवल भविष्य की कामना भी किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पोलियो की भांति टी.बी. को भी विस्तृत अभियान चलाकर प्रदेश सहित भारत को टी बी मुक्त बनाना है।

यह तभी संभव होगा जब समाज के प्रत्येक वर्ग इस अभियान में जुड़कर अपना सहयोग प्रदान करेंगे। खासकर चिकित्सा संवर्ग, प्रधान संवर्ग, कोटेदार संवर्ग के साथ साथ अधिकारीगण भी इसमें बढ़ चढ़ कर अपनी भूमिका निभा सकते है। ग्राम प्रधान अपने क्षेत्र के व्यक्ति जिनमें टीबी के लक्षण दिखे उनकी जाँच एवं उपचार अपने नजदीकी सरकारी अस्पतालों में कराते रहे और प्रयास करे कि आप का ग्राम पंचायत टीबी मुक्त रहे।

चिकित्सक खासकर ओ.पी.डी. के समय रोगियों के इलाज के दौरान टी बी लक्षण वाले मरीजों का चिन्हांकन करें और आवश्यतानुसार दवाएं उपलब्ध कराए, उनका सहयोग करें। उन्होंने ने कहा कि एक समय था जब टीबी एक गंभीर बीमारी हुआ करती थी लेकिन आज इसका इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि टीबी के जीवाणु लगभग सबके शरीर में विद्यमान होते है। जिनकी प्रतिरोधक क्षमता कम होती है उन पर यह ज्यादा और त्वरित गति से प्रभाव दिखाते है।

अतः अपने दैनिक खानपान का विशेष ध्यान रखे। पौष्टिक आहार भोज्य पदार्थों के रूप में ग्रहण करें। टीबी रोगियों को भारत सरकार द्वारा 6 महीने के उपचार के दौरान धनराशि सहित पौष्टिक आहार स्वस्थ्य बनाने हेतु दिया जा रहा है।उन्होंने ग्राम प्रधानों, कोटेदारों, चिकित्सकों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील किया कि जनपद में चलाये जा रहे टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग दे ताकि जनपद सहित प्रदेश एवं देश को टीबी मुक्त बनाया जा सके। सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया ने कहा कि जनपद में चल रहे टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में कार्यरत सभी कर्मियों का सहयोग सराहनीय है। हवा के माध्यम से भी इस रोग का प्रसार होता है इसलिए मास्क का प्रयोग अवश्य करें। हम सब को आपस में मिलकर भारत को टीबी मुक्त बनाना है, इसके लिए आप सभी से अपेक्षित सहयोग की आवश्यकता है। कहा कि कोई भी टीबी के लक्षणों वाला व्यक्ति आपके आस पास देखे तो उसे तत्काल सरकारी अस्पताल तक पहुँचाने में सहयोग करे, उसका समुचित इलाज कराया जायेगा। उन्होंने अनुरोध किया कि आज इस अभियान के अंतर्गत जो भी अधिकारी, चिकित्सक टीबी रोगियों को गोद ले रहे हैं वह निरंतर उनका ख्याल रखें, दवाओं के साथ-साथ पौष्टिक आहार भी प्रदान करें, साथ ही उनका हाल-चाल भी समय-समय पर पूछते रहे। जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस एन त्रिपाठी ने कहा कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में सब के सहयोग से इस अभियान को सफल बना सकते है। इस बीमारी को लेकर ग्रामीण इलाकों में काफी भ्रांतियां है। जिन्हें हम जनजागरूकता के माध्यम से दूर करना है। जिला कार्यक्रम समन्वयक टीबी मुक्त अभियान की रूपरेखा को विस्तारपूर्वक बताया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुरेश पटारिया, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एस एन त्रिपाठी, आईएमए के प्रेसिडेंट जी पी राय, सेक्रेटरी वाई के मद्धेशिया, चिकिसकगण दिव्या शुक्ला, अजय शुक्ला, देवेंद्र मिश्रा सूरज मद्धेशिया के साथ-साथ चिकित्सा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाल हितों में सभी विभाग निभायें अपनी भूमिकाः डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। बाल संरक्षण मुद्दा एक बड़ा मुद्दा है,जिसमें सभी विभागों की सहभागिता जरूरी है,इसलिए बाल संरक्षण व उनके कल्याण को लेकर सभी विभाग अपनी-अपनी भूमिका निभाएं।

उक्त बातें कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित महिला कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कही।उन्होंने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, बाल



कल्याण एवं संरक्षण समितियों की बैठक, दत्तक ग्रहण, बाल विवाह, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल श्रम उन्मूलन, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), बालगृह (बालिका), उ.प्र.मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड व सामान्य), स्पान्सरशिप (प्रवर्तकता कार्यक्रम),मिशन शक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टाप सेंटर, हब फॉर इम्पावरमेंट आफ वूमेन, शक्ति सदन, एन.सी.पी.सी.आर. संयुक्त कार्ययोजना, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न व उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के प्रगति की समीक्षा की।बैठक में जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में सभी बाल समितियों का गठन कराना सुनिश्चित करें। जिला प्रोबेशन अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि अवशेष वार्डो में वार्ड बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का गठन करायें।

# तालीमी इजलास में मौलाना अबुल कलाम आजाद समेत कई शिक्षाविदों के जीवन पर डाला गया प्रकाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। स्वतंत्रता आंदोलन के महान सपूत देश के प्रथम शिक्षा मंत्री, शिक्षाविद्ध व कुशल राजनीतिज्ञ मौलाना अबुल कलाम आजाद की 136 वीं जयंती तालीमी इजलास के रूप में सामाजिक संगठन नाजिरपुरा विकास मंच के संयोजक शादाब हुसैन द्वारा जमील फारुकी एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ0 शकील किदवई प्रो़फेसर के0जी0 मेडिकल कॉलेज पूर्व अध्यक्ष ए0 एम0यू0 ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन में नगर के मोहल्ला नाजिरपुरा स्थित छब्बन चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने उनको याद कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए मौलाना आजाद के



व्यक्तित्व की चर्चा की। इस अवसर पर वक्ताओं ने श्री मौलाना आजाद सहित संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, सर सैयद अहमद खान, डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, मौलाना हसरत मोहानी, डॉक्टर अल्लामा इकबाल एवं जस्टिस बीबी फातिमा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश की शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।इस अवसर पर एम यू के संस्थापक सर सैयद अहमद खान को भारत रत्न अवार्ड देने की केंद्र सरकार से मांग की गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सै0 मो0 शोएब, मेजर डा0 एस0 पी0 सिंह, अंतर्राष्ट्रीय शायर वासिफ फारुकी ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद को स्वतंत्र भारत का पहला शिक्षा मंत्री बनाया गया। उन्होंने कहा की मौलाना आजाद ने शिक्षा क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए काफी संघर्ष किया। भारत रत्न मौलाना आजाद ने न केवल साक्षरता दर में सुधार किया, बल्कि उच्च शिक्षा के साथ-साथ माध्यमिक शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण पर भी जोर दिया। इससे पहले कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि, व सभी अतिथियों तथा अध्यक्षता कर रहे जमील अहमद फारूक एडवोकेट को शाल और मोमेंटो देकर स्वागत किया गयाइस अवसर पर उमामा खान, इफ्फत, हर्षित मिश्रा, समन फातिमा, शरियत फातिमा, अल जफीरा नूर एवं हुदा बानो ने देश के विभिन्न शिक्षाविदों पर प्रकाश डाला। जिन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में लगभग एक दर्जन समाजसेवियों एवं पत्रकारों तथा शायरों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा देश के महान शिक्षाविदों पर प्रकाश डालने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें भी मोमेंटो प्रदान किया गया। तालीमी इजलास के द्वितीय सत्र में जिले के मशहूर शायर मजहर सईद, तारिक बहराइची, मंजूर बहराइची, नाजिम बहराइची व अदील बहराइची ने अपने-अपने कलाम पेश किया जिसे लोगों ने खूब सराहा।

# मल्टी स्टोरी पार्किंग के लिए भूमि चिन्हित करें अधिकारी: डीएम

❒ डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । मंगलवार को देरशाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस, परिवहन, नगर निकाय, लोक निर्माण व वन विभाग को निर्देश दिया कि बड़ी सड़क दुर्घटना होने पर मौके पर जाकर तत्काल परीक्षण एवं निरीक्षण कर फोटोग्राफी सहित आख्या उपलब्ध करायें जिसमें उक्त स्थान पर विगत 05 से 07 वर्ष में हुई सड़क दुर्घटनाओं का विवरण भी शामिल होना चाहिए। डीएम ने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि सड़क की पटरियों पर बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं।

डीएम ने परिवहन व लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि वाहनों के सुरक्षित स्थान पर खड़े हों इसके लिए आवश्यक प्रबन्ध किये जायें। डीएम ने परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि जिले में हिट एवं रन के मामलों से प्रभावित परिवारों को प्रदान की गई सहायता का विवरण उपलब्ध कराएं।

स्कूल के बच्चों के सुरक्षित रूप से स्कूल पहुंचाने हेतु डीएम ने एडीएम व परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि प्रधानाचार्य एवं अभिभावकों के साथ बैठक करें। डीएम ने कहा कि नगर में विभिन्न स्थानों पर संचालित स्टैण्ड की वैधता की जांच की जांच कर ली जाय। शहर के अन्दर संचालित स्टैण्ड को बाहर शिफ्ट कराने हेतु आवश्यक प्रबन्ध किये जायें। डीएम ने निर्देश दिया कि जनपद के नगरीय क्षेत्रों में जुलूस वाले मार्गो को सीसीटीवी कैमरे से आच्छादित कर इन्टीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम बनाया जाएं साथ ही इन स्थानों पर एनाउन्समेंट सिस्टम की व्यवस्था की जाये जिसमें भीड़/अतिक्रमण इत्यादि के समय इन स्थानों पर निगरानी रखी जा सके।

डीएम ने विद्युत एवं नगर निकाय को निर्देश दिया कि विकास भवन/पुलिस लाइन/जिला अस्पताल एवं डीएम आवास के सम्मुख मार्ग पर स्थित ट्रान्सफार्मर को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कराया जाय तथा जिन स्थानों पर हाईमास्ट लाईट भी स्थापित की जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि पुलिस द्वारा वाहनों के चालान के पश्चात सम्बन्धित वाहनों को सुरक्षित खड़ा करने के लिए पार्किंग स्थल चिन्हित किया जाय। यातायात पुलिस द्वारा बताया गया कि अवैध पार्किंग हेतु दो पहिया वाहनों हेतु रू. 200=00 मात्र तथा चार पहिया वाहनों हेतु 500=00 प्रति वाहन निर्धारित है, परन्तु क्रेन द्वारा उठाये जाने वाले वाहनों के लिए जुर्माना धनराशि निर्धारित नहीं है।

डीएम ने निर्देश दिया कि जनपद स्थित विभिन्न तिराहों यथा मरीमाता तिराहा, आसाम तिराहा, दुनक्का तिराहा एवं पुलिस लाइन तिराहा इत्यादि पर रोड रिफलेक्टर लगे बोर्ड लगाये जायें तथा इन तिराहों पर भारी वाहनों के ठहरने पर प्रभावी रोक लगाई जाये। नगर क्षेत्र में टू व्हीलर एवं वाहनों हेतु बहुखण्डीय मल्टीलेबल/अण्डर ग्राउण्ड पार्किग हेतु स्थान चयन की कार्यवाही की जाये तथा भवष्यि में इस कार्य में गति लाये जाने के भी निर्देश दिये गये। डीएम ने नगर क्षेत्र में रोड सेफ्टी कार्नर की स्थापना करने तथा नागरिकों को रोड सेफ्टी सम्बन्धित चित्र के माध्यम से संकेतकों के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिये गये। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिये गये निर्देशों पालन सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक दशा में एक सप्ताह के अन्दर आख्या उपलब्ध करा दें, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

बैठक का संचालन जिला सड़क सुरक्षा समिति के सचिव/अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रदीप कुमार ने किया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार व प्रवर्तन के ओ.पी. सिंह, ई.ओ. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी तथा समिति के सदस्य श्यामकरण टेकड़ीवाल, मनीष मल्होत्रा, मनोज गुप्ता व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# सरयू नदी में डीएम व सीडीओ ने नौ प्रजाति के कछुओं को छोड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। बुधवार को घड़ियाल पुनर्वास केंद्र लखनऊ के तत्वावधान में जनपद के करनैलगंज में स्थित सरयू नदी में कछुआ विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी नेहा शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने प्रतिभाग किया।

सरयू नदी के पारिस्थितिक संतुलन को मजबूत करना और कछुओं के महत्व पर जागरूकता बढ़ाना।विमोचन कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के नौ प्रजातियों के 93 कछुए नदी में छोड़े गए, जिनकी उपस्थिति से नदी की जैव विविधता को संरक्षित रखने एवं पर्यावरण को संतुलित करने में सहायता मिलेगी। विमोचन कार्यक्रम के दौरान सरयू नदी करनैलगंज में नौ प्रजातियों के 93 कछुए नदी में छोड़ा गया, इसमें भारतीय स्टार टर्टल, पेंटेड टर्टल, स्पॉटेड फ्लैपशेल टर्टल, गंगा



साफ्टशेल टर्टल, रेड-ईयर्ड स्लाइडर, और अन्य महत्वपूर्ण प्रजातियो को शामिल किया है। सभी प्रजाति का सरयू नदी के पारिस्थितिकी तंत्र में अपना-अपना अलग महत्व है।

यह प्रजाति गंगा और उसकी सहायक नदियों में आमतौर पर पायी जाती है। ये अपने खाने में मछलियों और छोटे जलीय जीवों को खाकर जल को स्वच्छ रखने में सहायता करती है।

कछुए जल पर्यावरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी उपस्थिति नदियों और अन्य जलाशयों के जैविक स्वास्थ्य का संकेत होती है।कछुए नदी में न केवल जल को स्वच्छ रखते हैं, बल्कि अन्य छोटे जलीय जीवों की संख्या को भी नियंत्रित करते हैं। कछुओं का पारिस्थितिकी तंत्र पर गहरा प्रभाव होता है, क्योंकि वे जलाशयों के तल पर उपस्थित पत्तियों,मृत जीवों,और अन्य जैविक तत्वों को खाकर जल को स्वच्छ बनाए रखते हैं।इस कार्यक्रम के दौरान नौ प्रकार की प्रजातियों के 93 कछुये सरयू नदी में छोड़े गये।

सभी प्रजाति का इस नदी के पारिस्थितिकी तंत्र में विशेष योगदान होता है। विमोचन कार्यक्रम के दौरान जिला धिकारी नेहा शर्मा तथा मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कछुओं को नदी में छोड़ा।इस अवसर पर जिला धिकारी ने कहा कि कछुओं की उपस्थिति से सरयू नदी के पारिस्थितिक तंत्र को सुदृढ़ किया जा सकेगा। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने भी कछुआ संरक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

# पचास हजार की घूस लेते सीबीआई ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में रेलवे ट्रैक शेड में सीबीआई ने छापा मार क़र रिश्वत लेते हुए सीबीआई ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेल पथ अरुण कुमार मिश्रा को पचास हजार रुपए की रिश्वत लेते उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।ट्रैक जांच मशीन को सीबीआई टीम ने ज़ब्त किया है। सामानों की लोडिंग और अनलोडिंग के नाम पर ठेकेदार सेक्शन इंजीनियर रिश्वत ले रहे थे।टीम उन्हें गिरफ्तार क़र लखनऊ लेकर चली गई।

इस अप्रत्याशित कार्रवाई के चलते गोंडा रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया।मौके पर पहुंचे जीआरपी के पोस्ट कमांडर नरेंद्र पाल ने भी रेलवे ट्रैक शेड के अंदर जाकर पूरे मामले की जांच की और वहां मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ की।

जीआरपी और आरपी एफ को सीबीआई की इस छापेमारी की कोई अग्रिम सूचना नहीं दी गई थी जिससे दोनों सुरक्षा एजेंसियों को जानकारी नहीं हो सकी।




**आरपीएफ के पोस्ट कमांडर नरेंद्र पाल ने दी जानकारी**

आरपीएफ पोस्ट कमांडर नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि सीबीआई टीम गोंडा रेलवे ट्रैक शेड में आई थी और सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मिश्रा को अपने साथ ले गई।हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि किस मामले में जांच चल रही है या अधिकारी को कहां ले जाया गया है। जांच एजेंसी ने जीआरपी या आरपीएफ को कोई भी सूचना साझा नहीं की है।सीबीआई की इस कार्रवाई ने रेलवे कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच खलबली मचा दी है।

सूत्रों के मुताबिक, रेलवे ट्रैक शेड में कथित भ्रष्टाचार की एक गोपनीय शिकायत के आधार पर लखनऊ सीबीआई की यूनिट ने यह छापेमारी की। शिकायत के चलते सीबीआई ने गोपनीय तरीके से कार्रवाई को अंजाम दिया।

# भीषण सड़क हादसा : दिल्ली से नवाबगंज जा रही डबल डेकर बस पलटी मची चीख पुकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के शहबाजपुर रेलवे क्रासिंग के पास डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस पलटने के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई।आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर यात्रियों को किसी तरह बाहर निकाला।इस हादसे में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं।

तीन को प्राथमिक उपचार के बाद गोंडा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। जिले के कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के शहबाजपुर रेलवे क्रासिंग के पास बुधवार की सुबह करीब आठ बजे दिल्ली से आकर नवाबगंज जा रही।

यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई।बस पल टने के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई।आसपास के लोग बस पलटने की तेज आवाज सुनकर दौड़कर मौके पर पहुंचे पुलिस को सूचना दी गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर सभी यात्रियों को बाहर निकाला।इस हादसे में आधा दर्जन से अधिक यात्रियों के घायल होने की सूचना मिल रही है।बस पलटने के बाद चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए।सभी घायलों को सामु दायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज ले जाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद तीन लोगों को गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।



**घायलों को मेडिकल कॉलेज के लिए किया गया रेफर**

घायलों में कौड़िया थाना के गांव लाले पुरवा के रहने वाले जीवन लाल पुत्र शंकर 24 वर्ष और मिंटू पुत्र शंकर, तथा उमरी बेगमगंज थाना के गांव ऐली परसौली के रहने वाले लालू पुत्र शमशेर 35 वर्ष, मोतीगंज थाना के गांव विद्या नगर के रहने वाली नीलम पत्नी मनोज कनौजिया 26 वर्ष,परसपुर थाना के गांव पूरे गजराज सिंह तलहा के रहने वाले बृजराज शुक्ला पुत्र शारदा,तथा उमरी बेगमगंज थाना के गांव बदलेपुर के रहने वाले चंद्र प्रकाश पाठक पुत्र सतीश चंद्र 37 वर्ष शामिल है।

इनमें बृजराज शुक्ला मिंटू और चंद्र प्रकाश पाठक को प्राथमिक उपचार के बाद गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं तमाम यात्रियों को मामूली चोटे आई हैं।वह अपने घर चले गए हैं,प्रभारी निरीक्षक करनैलगंज ने बताया कि इस हादसे में 6 यात्री घायल हुए हैं। कुछ लोगों को हल्की–फुल्की चोटे आई हैं। सभी लोग खतरे से बाहर हैं।

# छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष को घर में पुलिस ने किया नजरबंद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पाण्डेय को मंगलवार की देर रात बहलोलपुर आवास में पुलिस ने नजरबंद कर दिया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से प्रांतीय सिविल पीसीएस और समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी आरओ की परीक्षा दो दिन में करने के निर्णय के विरोध में छात्रों द्वारा लोक सेवा आयोग के गेट पर प्रदर्शन किया जा रहा है।जिसमें छात्रों के ऊपर लाठी चार्ज भी हुआ था। छात्रों के समर्थन में छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पाण्डेय बुधवार को प्रयागराज जाने वाले थे,लेकिन पुलिस ने उन्हें घर पर ही नजर बंद कर दिया गया है।छात्र पंचायत के अध्यक्ष शिवम पाण्डेय ने बताया कि छात्रों पर लाठी चार्ज बहुत ही निंदनीय कृत्य है। अगर देश में वन नेशन वन इलेक्शन की बात हो सकती है,तो एक दिन में परीक्षा क्यों नहीं हो सकती है। श्री पाण्डेय ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बताया गया है,कि अगर परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी हो गया है,फिर उसमें बदलाव नहीं किया जा सकता है। उन्होंने लोक सेवा आयोग पर कई सवाल खड़े करते हुए पूछा कि आयोग के अध्यक्ष गायब क्यों हैं ? छात्रों से वार्ता क्यों नहीं कर रहे हैं? उन्होंने अपना संकल्प दोहराते कहा कि हम लोग प्रयागराज जरूर जाएंगे। उन्होंने पुलिस व एसओजी टीम द्वारा मंगलवार की रात से ही कहीं भी आने-जाने से रोके जाने की कार्रवाई को लोकतंत्र की हत्या बताया।वहीं जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ल ने बताया कि पुलिस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पाण्डेय को नजर बंद किया है यह बहुत ही निंदनीय है,अगर पुलिस उनके घर से नहीं हटाई गई तो हम लोग बड़ा आंदोलन करेंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी गोंडा पुलिस प्रशासन की होगी।

# अपर निदेशक अभियोजन की मौजूदगी में बालिकाओं को किया गया जागरूक




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । बुधवार को नगर के श्री शंकर इंटर कॉलेज में अपर निदेशक अभियोजन देवीपाटन परिक्षेत्र गोंडा की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बच्चों एवं बच्चियों को मिशन शक्ति के तहत शासन व उच्चाधिकारियो द्वारा दिए गए।

आदेशों, निर्देशो के क्रम मे बच्चों से बातचीत कर उनकी समस्याओ को मद्देनजर रखते हुए महिलाओ व बच्चो के प्रति होने वाले अपराधो के प्रति जागरूक किया गया तथा महिला संबंधित घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108 आदि नंबरों व साइबर संबंधित अपराध शिकायत के लिए टोल फ्री नं0 1930 की जानकारी दी गई साथ ही बालिकाओ से उनकी समस्याओ के बारे में भी पूछते हुए जानकारी दी गई ।शंकर इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनुराग प्रकाश श्रीवास्तव व उनकी टीम द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। इस मौके पर वीरेंद्र विक्रम सिंह (अपर निदेशक अभियोजन देवीपाटन परिक्षेत्र, गोंडा), निर्मल यादव अभियोजन अधिकारी, देवेश चंद्र त्रिपाठी (सहायक अभियोजन अधिकारी), सुश्री तबस्सुम (सहायक अभियोजन अधिकारी), प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह, मधउधनिध कल्पना सिंह, उधनिध रवि कुमार, मा0आ0 आभा देवी आदि मौजूद रहे।

## लोक अदालत की सफलता के लिए बैंक अधिकारियों के साथ हुई बैठक

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आगामी 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता एवं आमजन को अधिकाधिक लाभ पहुंचाये जाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव/नोडल अधिकारी लोक अदालत बहराइच विराट शिरोमणि ने सिविल कोर्ट बहराइच स्थित सभागार में लीड बैंक प्रबन्धक व अन्य बैंक प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए निर्देशित किया कि अधिकाधिक संख्या में बैंक वसूली मामलों को चिन्हित कर उनका निस्तारण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जाये। बैठक के दौरान बैंक अधिकारियों से गत लोक अदालत से अधिक संख्या में बैंक वसूली मामलों का निस्तारण कराये जाने की अपेक्षा करते हुए लोक अदालत को सफल बनाये जाने के विषय में सुझाव भी प्राप्त किये गये।

## वृद्धाश्रम में संवासित 20 बुज़ुर्गों के बने आयुष्मान कार्ड

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।**



अमीनपुर नगरौर स्थित वृद्धाश्रम में संवासित 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के शत-प्रतिशत वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार द्वारा मंगलवार को भेजी गई टीम द्वारा कैम्प लगाकर 20 वृद्धजनों के आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाये गये।

उल्लेखनीय है कि वृद्धाश्रम में 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के संवासित 45 बुज़ुर्गों के सापेक्ष 10 के पास पूर्व से ही आयुष्मान कार्ड उपलब्ध है। अवशेष बचे 35 के सापेक्ष शिविर के माध्यम से 20 वृद्धजनों के आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बना दिये गये हैं। जबकि 15 बुज़ुर्गों की केवाईसी पूर्ण न होने के कारण एक सप्ताह के अन्दर पुनः शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही की जायेगी।

मंगलवार को आयोजित शिविर में 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के संवासित बुज़ुर्गों यथा जनपद बहराइच निवासी कन्धई लाल, सुशीला, परमेश्वरी दयाल, कन्हैया लाल, केसरी देवी, मीरा देवी, सत्य प्रकाश, सियाराम, जगदीश, ननकऊ, राम लखन, तेज सिंह, मस्तराम मिश्रा, पंचम, श्यामलाल, सीतामाता, सलिक व अमृतलाल, गोण्डा के अवध सरन मिश्रा व श्रावस्ती के सियाराम दुबे के आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही की गई।

## प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण की स्थापित हो रही इकाईयों से किसानों को उनकी उपज का मूल्य, तथा लोगों को मिल रहा है रोजगार

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश में विभिन्न कृषि जलवायु क्षेत्रों में वर्ष भर खाद्यान्न, बागवानी, दुग्ध तथा अन्य कृषि उत्पाद हेतु प्रदेश के वृहद उत्पाद को दृष्टिगत रखते हुए अवशेष (सरप्लस) उत्पाद को मूल्य संवर्द्धन श्रृंखला में परिवर्तित करते हुए प्रसंस्कृत उत्पाद के रूप में आमजन के लिए सुलभ कराये जाने के लिए प्रदेश सरकार विस्तृत रूप में कार्य कर रही है।

प्रदेश में सहज सुलभ श्रमशक्ति, वृहद स्तर पर प्रसंस्करण योग्य उत्पाद एवं इस क्षेत्र में रोजगार सृजन की असीमित सम्भावनाओं को देखते हुए प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का सुनियोजित विकास बहुगुणित करने हेतु सरकार ने उ0प्र0 खाद्य प्रसंस्करण नीति लागू की है। उ0प्र0 राज्य में बागवानी एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में पूंजी निवेश, रोजगार सृजन एवं राज्य की ग्रामीण आय में वृद्धि की अपार सम्भावनाएं हैं। खाद्यान्न, बागवानी उत्पाद, दूध, मांस के कुल उत्पादन में पूरे देश में उ0प्र0 का प्रमुख स्थान है। बड़े बाजार, उत्पादन की कम लागत, मानव संसाधन के अलावा कच्ची उपज की पर्याप्त उपलब्धता के कारण राज्य में बागवानी एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना के लिए काफी सम्भावना है।

# केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने बाघ एक्सप्रेस का हरी झंडी दिखा कर किया शुभारंभ, उपस्थित रहे चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। थाना माधोटांडा क्षेत्र में स्थित पर्यटन स्थल मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस में पहुंचकर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने मानव वन्य जीव संघर्ष के प्रचार प्रसार के वाहन बाघ एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया है। जनपद में जीव संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों में जन जागरूकता करने के उद्देश्य से बाघ एक्सप्रेस जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक,फिल्म शो,बाघ मित्रों से अनुभव साझा करके जागरूकता फैलाई जाएगी। इस समय गन्ना कटान का कार्य प्रगति पर है।और जनवरी माह तक चलेगा गन्ना काटने के दौरान अक्सर मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाएं होती रहती हैं।ऐसी घटनाओं को छोटी-छोटी सावधानियां बरत कर बाघ के हमले से बचा जा सकता है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि इन घटनाओं को रोकने में बाघ एक्सप्रेस बहुत ही सहायक साबित होगी। जंगल सीमा के किनारे स्थित लगभग 72 ग्राम पंचायतें हैं। जो कि बाघ की उपस्थिति से प्रभावित हैं।इन्हीं ग्राम पंचायतो में यह जागरूकता कार्यक्रम 31दिसंबर तक चलाया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से एमएलसी सुधीर गुप्ता,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता,भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,अनुराग अग्निहोत्री जिला महामंत्री भाजपा, डीएफओ मनीष सिंह,रेंजर सहेंद्र कुमार, तहसीलदार कलीनगर हबीबुरउरमान अंसारी,विधायक बाबूराम सहित वन विभाग के कर्मचारी और भाजपा नेता उपस्थित रहे।




# कंपोजिट विद्यालय चाट फिरोजपुर में पहुंचे समाजसेवी पोलियो को लेकर चलाया जागरूकता अभियान उपस्थित रहे विद्यार्थी और विद्यालय स्टाफ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।पोलियो जागरूकता अभियान के अंतर्गत रोटरी क्लब ने विभिन्न सरकारी स्कूलों में जाकर बच्चों के बीच फ्लेक्स बांट कर पोलियो जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया संस्था के अध्यक्ष कौशलेंद्र भदोरिया ने बताया रोटरी क्लब के मंडल अध्यक्ष नीरव निमेष अग्रवाल के निर्देशन में कंपोजिट विद्यालय चाट फिरोजपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर ,प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती,प्राथमिक विद्यालय ढका पूरनपुर ,प्राथमिक विद्यालय नंबर 1, उच्च प्राथमिक कन्या विद्यालय में जाकर बच्चों को पोलियो के बारे में जानकारी प्रदान करी 5 साल तक के सभी बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाना है। बच्चों से कहा कि अपने आसपास 5 साल तक की उम्र के बच्चों को पोलियो ड्राप और पोलियो टीकाकरण अवश्य करवाएं।कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदौरिया,बृजेश शुक्ला रोहित मिश्रा,श्रद्धा वर्मा,राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका एवं महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष निराजना शर्मा, रश्मि,सरिता भारती आदि लोगों का विशेष योगदान रहा हैं।

# अधिकारी ठंड में सेंक रहे हाथ,गायों की दुर्दशा हुई बेहाल, जल्द नहीं हुई कार्यवाही तो पूरे जनपद में होगा धरना प्रदर्शन : जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।अखिल भारत हिन्दू महासभा ने बुधवार को देवीपुरा गौशाला में गौ वंशों की मौत के जिम्मेदारों के विरुद्ध तीन दिन में कार्रवाई न होने पर बुधवार को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने के संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि अखिल भारत हिन्दू महासभा के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर 22 अक्टूबर को देवीपुरा पहुँच कर हालात देखे तो गांव के लोगों द्वारा दी गई सूचना सही पाई गईं। वहां पर मृत गौवंशों के शवों को ठीक से दफन न किए जाने के कारण उनके शवों को कुत्ते,चील एवं कौए नोच कर खा रहे थे।जिसकी सूचना जिलाधिकारी को दी गई थी। उक्त विषय से संबंधित खबरें विभिन्न समाचार पत्रों में भी प्रकाशित हुई थी। लेकिन जिलाधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर गौवंशों की मौत के जिम्मेदार अधिकारियों,प्रधान,सचिव एवं केयरटेकर के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने हेतु 15 दिन के भीतर जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया गया था। इसके क्रम में 15 दिन बीतने के बाबजूद आजतक कोई कार्रवाई नही की गई है। इससे परिलक्षित होता है। कि देवीपुरा में गौवंशों की मौत के जिम्मेदारों को जानबूझकर खुला संरक्षण दिया जा रहा है। इससे पूर्व में भी हिन्दू महासभा की ओर से देवीपुरा गौशाला में अनियमितताओं के विरोध में धरना प्रदर्शन किया जा चुका है।ज्ञापन में संगठन के पत्र की प्राप्ति के तीन दिन में देवीपुरा गौशाला में गौवंशों की मौत के जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की गई है। साथ ही कहा गया है। कि कार्रवाई न होने पर संगठन जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा,जिला महामंत्री मयंक जायसवाल,कोषाध्यक्ष संजीव मिश्रा,युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा,युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप, सर्वेश कश्यप, मनोज वर्मा, लवी सिंह, सनी कश्यप, अजय शर्मा, मोहित लोधी, अनिल वंशवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# कार्डधारकों को अंगूठा रखने के तीसरे दिन मिलता है राशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### संविधानिक वितरण प्रणाली की दुकानों में लटकता रहता है ताला

अमेठी। तहसील तिलोई क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था पटरी से नीचे उतर गयी है।इन ग्राम पंचायतों में कार्डधारकों को अपने हक के लिये कई दिनों तक कोटा की दुकानों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।कोटेदारों द्वारा राशन वितरण के पहले ही कार्डधारकों से ई पास मशीन पर अंगूठा रखवा लिया जाता है।कोटेदारों की मनमानी के चलते कार्डधारकों में आक्रोश व्याप्त है लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कार्डधारकों की व्यथा सुनने वाला नही है।प्रदेश सरकार द्वारा अन्त्योदय एवं पात्र ग्रहस्थी योजना के कार्डधारकों को प्रत्येक माह निःशुल्क खाद्यान्न मुहैया कराया जाता है।बताते चलें कि विकास क्षेत्र तिलोई के 35312,सिंहपुर के 26898, बहादुरपुर के 20324 एवं नगर पालिका परिषद जायस के 3805 कार्डधारकों को निःशुल्क गेहूं चावल का वितरण किया जाता है।विकास खण्ड तिलोई, सिंहपुर व बहादुरपुर क्षेत्र में अधिकांश उचित दर विक्रेताओं का बोलबाला है यहां पर अपने हक के लिये कार्डधारकों को कोटा की दुकानों की कई दिनों तक परिक्रमा करनी पड़ती है।इसके अलावा दर्जनों ग्राम पंचायतें तो ऐसी है जहां पर उचित दर विक्रेताओं द्वारा राशन वितरण के पूर्व ही कार्डधारकों से अंगूठा रखवा लिया जाता है जो कि नियमतः गलत है जिससे आपूर्ति महकमे से लेकर आला अधिकारी तक भलीभांति वाकिफ हैं लेकिन सब मौनधारण किये रहते हैं।विकास क्षेत्र सिंहपुर की कई दुकानों पर घटतौली तो चरम सीमा पर की जाती है अगर कोई कार्डधारक अपनी जुबान खोलता है तो उसे अपमानित भी होना पड़ता है।क्षेत्र में निःशुल्क राशन वितरण व्यवस्था पटरी से नीचे उतरती नजर आ रही है।

## अधिवक्ताओं ने कोतवाली रोड पर किया जाम जमकर की नारेबाजी समस्या का नहीं हुआ समाधान तो अगली बार नेशनल हाईवे किया जाएगा जाम

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन अध्यक्ष के नेतृत्व में गाजियाबाद प्रकरण को लेकर कोतवाली रोड पर जाम करके जमकर नारेबाजी की है। तहसील के पास कोतवाली रोड पर जाम लगाते हुए बताया। कि गाजियाबाद न्यायालय में जमीन विवाद में पैरवी कर रहे अधिवक्ता व जज से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि इस पर जज ने निहत्थे अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज करवा दी थी। इसको लेकर पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। जज व पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर अधिवक्ता लगातार विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंप रहे हैं। उसके बाद भी सरकार मामले को गंभीरता से नहीं ले रही हैं। इसी से नाराज अधिवक्ताओं ने कोतवाली रोड तहसील गेट पर जाम लगाकर पुलिस व जज के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौपा है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से अधिवक्ता अमिताभ मिश्रा,फखरुल इस्लाम मंजरी,सुनील वर्मा, मुकेश कुमार, कौशलेंद्र भदोरिया,नाजिम,शाहिद खान,युनुस खान,फजल अहमद, नईम खान,संजय सक्सेना,मुकेश गुप्ता, हरीश राठौर सहित दर्जनों अधिवक्त उपस्थित रहे।

## फोरलेन निर्माण में किया जा रहा गोलमाल मौके पर पहुंचे किसान नेता मचा हड़कंप

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। अमरिया ब्लॉक के अंतर्गत किसानों द्वारा कंस्ट्रक्शन कंपनी की मनमानी का मुद्दा संज्ञान में लाये जाने के बाद मंडल अध्यक्ष बरेली सुखजीत सिंह औलख के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष पीलीभीत रंजीत सिंह कहलो अपनी टीम सहित मझोला पहुंचकर मझोला से होते हुए सितारगंज निर्माण अधीन फोरलेन रोड का मुआयना किया है।जिसमें मानकों को दरकनार कर सड़क पर मिट्टी डालने का कार्य किया जा रहा था।जिसको भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ने गलत तरीके से हो रहा निर्माण कार्य रुकवा दिया आनन फानन में पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौके पर पहुंचे जिन्होंने माना की निर्माण कार्य में अनियमिताएं हो रही हैं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुखदीप सिंह औलख ने कहा कि किसानों का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब तक मानक से अधिक गहरे खोदे हुऐ गड्ढों को पाटा नहीं जाता तब तक निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा वही जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह काहलों ने कंस्ट्रक्शन कंपनी के गलत किये गये कार्य करने वाले कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारियों के खिलाफ विभाग द्वारा जांच करवाकर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।इसके बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने किसान नेताओं को मांगों के निस्तारण का आश्वासन दिया है। अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## गौरीगंज में रोजगार मेला इक्कीस नवम्बर को होगा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने बताया कि निदेशालय के निर्देशानुसार जनपद में संचालित हो रहे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों को सेवायोजित कराने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विभिन्न अधिष्ठानों से सम्पर्क करते हुए अप्रेटिंसशिप/रोजगार मेला का आयोजन इक्कीस नवम्बर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज परिसर में कराया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने बताया कि उक्त आयोजित मेले में प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा जिसमें जनपद के समस्त निजी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राओं को प्रतिभाग कराकर सेवायोजित कराया जायेगा।

## शोकाकुल परिवारों से मिले एमएलसी, बंधाया ढांढस

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विगत दिनों में जनपद में हुई असामयिक मृत्यु के गमगीन परिवारों से मिलने गोरखपुर फैजाबाद स्नातक क्षेत्र के एमएलसी देवेंन्द्र प्रताप सिंह सुल्तानपुर पहुंचे। स्नातक एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने शोकाकुल परिवारो को ढांढ़स बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में वो उनके साथ है।एमएलसी ने पीड़ित परिवारों के सदस्यों का मनोबल दृढ़ एवं धैर्य बनाए रखने का आग्रह किया। विगत दिनों शाहगंज सभासद मनीष जायसवाल के पिता की मौत हो गई थी। सभासद मनीष जायसवाल के घर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए एमएलसी ने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में विवेक एवं धैर्य बनाए रखना।उसके बाद लक्ष्मणपुर निवासी ज्ञानेंद्र सिंह की सड़क हादसे में हुई मौत पर परिवार से मिलकर सांत्वना दी।

## राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में आदर्श ने बढ़ाया जिले का मान

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद सुल्तानपुर के करौंदी कला ब्लॉक के गांव अमरेमऊ निवासी आदर्श पटेल पुत्र बृजलाल पटेल ने बरेली में आयोजित हुई राष्ट्रीय स्तर की एस-टी-एफ -आई वॉलीबॉल प्रतियोगिता में आदर्श पटेल का प्रदर्शन बहुत ही अच्छा रहा। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के साथ राजस्थान बिहार की खेल टीमों ने प्रतिभाग किया था। आदर्श पटेल जिला मुख्यालय पर निवास करते हैं पढ़ाई के साथ-साथ पंत स्टेडियम में प्रतिदिन खेल भी खेलते रहते हैं। जिससे आज जनपद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हो रहा है। आदर्श पटेल ने अपनी सफलता का मुख्य श्रेय अपने पिता बृजलाल को दिया है। बालक खेल में बेहतर प्रदर्शन पर जनपद के वालीबाल संघ के पूर्व अध्यक्ष चंद्रभद्र सिंह सोनू, खिलाड़ी के कोच प्रदीप धीरेंद्र शिवनारायण सैयद नूर अली रितेश आदि ने खुशी जाहिर किया है।

## कर सम्बन्धी जागरूकता शिविर का किया आयोजन

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। आयकर विभाग, सुलतानपुर द्वारा अग्रिम कर, आयकर प्रावधान एवं घ्इग से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज दिन बुधवार को अपराहन 3.30 पर आयकर कार्यालय, सुलतानपुर में किया गया, जिसमे अग्रिम कर, आयकर प्रावधान एवं घ्इग से संबंधित आवश्यक जानकारी आयकरदाताओं एवं जन सुविधा केंद्र चलाने वालों को प्रदान की गयी। जागरुकता कार्यक्रम में लगभग सत्तर से अधिक आयकरदाता एवं जन सुविधा केंद्र चलाने वाले उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को श्री राम करन गौतम, आयकर अधिकारी, सुलतानपुर के द्वारा सम्बोधित किया गया ।

## कानपुर में बाल विज्ञान प्रदर्शनी को देखते लोगों का छायाचित्र

कानपुर। कानपुर में बुधवार को संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल के द्वारा 52 वीं मंडल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता 2024 का आयोजन ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज जवाहर नगर में किया गया।

## कानपुर में भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का छायाचित्र

कानपुर। कानपुर में बुधवार को ग्वालटोली चौराहे पर सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व सांसद रमेश अवस्थी, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्रदेश की सभी सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित : अरुण सिंह

मीरजापुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने मझवा विधानसभा के सिटी ब्लॉक स्थित एक लॉन में बुधवार को ग्राम प्रधानों व बीडीसी सदस्यों के साथ बैठक की।

# गन्ना समिति में किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन, उपस्थिति रहे गन्ना मंत्री



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।गन्ना समिति पीलीभीत में कृषक गोष्ठी एवं संजय सिंह गंगवार राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें यूपी सरकार का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मंत्री द्वारा 30 कृषकों को सम्मानित किया गया तथा बजाज हिन्दुस्तान बरखेड़ा का गन्ना मूल्य भुगतान दिनांक 15.12.2024 तक पेराई सत्र 2023-24 का समस्त भुगतान हो जायेगा। कृषकों को गन्ने के साथ सहफसली खेती एवं नई प्रजातियों के उन्नतशील बीज बोने के लिए कहा गया तथा अवगत कराया गया कि उन्नतशील बीज शेष परिषद शाहजहॉपुर में उपलब्ध है। उकत आयोजन में गन्ना समिति पीलीभीत,बीसलपुर, मझोला,पूरनपुर एवं भुडिया-अमरिया के अध्यक्ष उपस्थित रहे एवं गन्ना समिति पीलीभीत के सभी संचालक उपस्थित रहे। बैठक में ब्लाक प्रमुख ललौरीखेड़ा अजय सिंह गंगवार,गन्ना समिति पीलीभीत के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह,जिला सहकारी बैंक पीलीभीत के उपाध्यक्ष पूरनपुर एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत रामभद्र द्विवेदी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मझोला विजय लक्ष्मी तथा समिति के सचिव प्रदीप अग्निहोत्री उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता रामकिशन पूर्व संचालक गन्ना समिति पीलीभीत के द्वारा की गयी हैं।

# डीएम ने किसान दिवस में किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया तथा मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। किसान दिवस के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा किसानों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी किसान को उपलब्ध कराई गई तथा किसानों को जैविक व प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी गई। किसान दिवस में जनपद के प्रगतिशील किसानों ने भी अपने-अपने विचार साझा किया तथा बताया कि कैसे उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर खेती की और अच्छा मुनाफा कमाया। किसान दिवस में जिलाधिकारी निशा अनंत ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों को दिया जाय। उन्होंने किसान भाइयों से अपील करते हुये कहा कि शासन द्वारा कृषि, मत्स्य, उद्यान, पशुपालन आदि विभागों में कई सारी जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं जिनका लाभ आप लोग लेकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई नलकूप सहित अन्य संबंधित अधिकारी व किसान मौजूद रहे।

### किसानों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी




# ध्रुव का मतलब है अटल: बाल व्यास मधुर जी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धनपतगंज सुल्तानपुर। बेटियां घर की लक्ष्मी होती है उन्हें भार नहीं मानना चाहिए।समाज में समर्पण का भाव सिर्फ बेटियों में ही मिलता है। उक्त बातें बड़नपुर ग्राम पंचायत के ग्राम पूरे पंडित आचार्य ब्लॉक धनपतगंज सुल्तानपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में दूसरे दिवस पर पूज्य बाल व्यास मधुर जी महराज ने बताया। वृंदावन धाम से आए हुए बाल व्यास महराज ने कथा में आगे ध्रुव चरित्र के अंतर्गत बताया कि जीवन में कितना भी संघर्ष मिले पर अपने कर्तव्य पथ को छोड़ना नहीं चाहिए। अपने कर्तव्य के प्रति दृढ़ निश्चय रखना चाहिए और यही दृढ़ निश्चय ही मनुष्य को एक दिन सफलता अवश्य प्राप्त कराता है। उन्होंने आगे बताया कि अपने गुरु के प्रति हमेशा विश्वास रखना चाहिए। इस पृथ्वी पर विषम परिस्थितियों में भी कोई साथ दे न दे लेकिन एक गुरु अवश्य अपने शिष्य के प्रति अपने कर्तव्य को निभाते हैं। इसलिए गुरु के वचनों के प्रति तथा उनके आचरण के प्रति हमेशा विश्वास करना चाहिए। ध्रुव जी महाराज की कठोर तपस्या का ही फल है कि आज भी वह संसार में ध्रुव तारे के रूप में चमक रहे हैं। विवाह संयोग में भी ध्रुबावलोकन का नियम होता है। ध्रुव से तात्पर्य अटल से है। अगर ध्रुव जैसी ऊंचाई पर जाना है तो जीव को ध्रुव जैसी तपस्या भागवत निष्ठा और गुरु के प्रति विश्वास होना अति आवश्यक है।जीवन में वही मनुष्य सुखी है जो भगवत भजन में लीन है। मनुष्य को सबसे सौभाग्यशाली माना जाता है क्योंकि वह संसार में रहकर भागवत कथा के श्रवण का सुख प्राप्त करता है। कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिवस पर मुख्य यजमान पूर्व प्राचार्य पंडित जगदेव प्रसाद पाण्डेय शास्त्री के पुत्र संतोष पाण्डेय पत्रकार ने कथा श्रवण में आए हुए समस्त श्रद्धालुओं को धन्यवाद दिया।इस अवसर पर पूर्व मंत्री जय नारायण तिवारी, मनोज मिश्र,कालिका तिवारी सुधीर पांडेय राजू तिवारी श्री निवास शुक्ला अयोध्या मिश्रा साहेब बक्श सिंह रामशंकर तिवारी डॉक्टर अमन वर्मा ,मोनू पांडेय,शिवानंद शुक्ला चंद्र भूषण शुक्ला रवि पांडेय राम सुख तिवारी ( पूर्व सूबेदार)अशोक पांडे,जुगेश्वर नाथ पांडेय अंकित पांडेय सहित सैंकड़ों कथा भक्त उपस्थित रहे।



# युवा बसपा नेता देव स्वरूप आर्य के आवास पर बसपा का विधानसभा स्तरीय कैंडर कैंप हुआ संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर पंचायत कलीनगर में बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष के आवास पर विधानसभा स्तरीय कैंडर कैंप का आयोजन किया गया इसमें मुख्य अतिथि उत्तराखंड व बरेली मंडल के प्रभारी भीमराव अंबेडकर ने मुख्य रूप से सभा को संबोधित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता बसपा के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह गौतम ने की कार्यक्रम का संचालन देव स्वरूप आर्य पूर्व बसपा जिला अध्यक्ष ने किया कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि में वर्तमान समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए इन समस्याओं से निजात पाने का एकमात्र विकल्प बहुजन समाज पार्टी ही है। उन्होंने बसपा के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्य को भी बताया कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रभारी एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद,विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र पाल,सेवाराम मौर्य,कंचनलाल कश्यप, छेद लाल गौतम, चंद्र सिंह,मनोज गौतम,जाहिद नूर सिद्दीकी, विनोद कुमार,लालता प्रसाद, धर्मपाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मुफ्तखोरी के एलान

विधानसभा या लोकसभा के चुनाव राजनैतिक दलों के आंतरिक स्वभाव को उभार कर सामने लाने में बड़े मददगार होते हैं। दल कोई भी हो सत्ता हासिल करना और सत्तासीन होकर उस पर कब्जा बनाए रखना ही उनका परम धर्म हो चुका है। सत्ता के लिए आर्त पुकार जनता तक पहुँचाने की राजनीति जटिल और बहु आयामी होती जा रही है। चुनावी मौसम आते ही राजनीतिक गहमागहमी तेज हो जाती है। नेताओं की अंतरात्मा जाग उठती है और सत्ता-यात्रा में आने वाले सारे बंधनों और अवरोधों को पार करने को छटपटाने लगती है। सत्ता के लिए वे किसी से कोई भी समझौता करने को व्यग्र दिखते हैं। वे अपना दल छोड़ कर दूसरे धुर विरोधी दल में प्रवेश लेने से नहीं कतराते। आज लगभग सभी दल इस तरह की उठापटक को जायज और स्वाभाविक ठहराते हैं, आख़िर युद्ध में सब कुछ उचित जो ठहरा। चूँकि यह प्रवृत्ति किसी एक दल की न होकर सभी दलों की होती जा रही है, राजनैतिक हलकों में इसे सामान्य रणनीति का हिस्सा मान लिया जाता है। अब वैचारिक रुझान या किसी आदर्श या मूल्य से जुड़े आधार से ज़्यादातर दल अपना कोई रिश्ता नहीं रखते। सभी दलों के स्वर और रीति-नीति में बहुत अंतर नहीं दिखता। कभी राजा जी, मालवीय जी, जयप्रकाश नारायण, आचार्य जेबी कृपालानी और डॉ. राममनोहर लोहिया जैसे अनेक राजनेता वैचारिक और नीतिगत असहमति और जन-कल्याण के प्रश्नों पर टकराहट से अपनी मूल पार्टी से अलग हुए थे। अपनी दृष्टि के प्रति उनकी आस्था के पीछे कोई सीमित स्वार्थ नहीं था और वे उसके प्रति स्वाभाविक रूप से जुड़े थे। शायद वे उस जमाने के थे जब निःस्वार्थ भाव से देश की सेवा और समाज के हित की दृष्टि से प्रेरित हो कर लोग राजनीति की ओर आते थे। इस सिलसिले में बहुतों ने पाने की जगह कुछ खोया गँवाया। राजनीति की दिशा में उनका कदम किसी निजी, पारिवारिक या समुदाय के दबाव से या दबदबा बनाए रखने के लिए नहीं बल्कि अपनी पसंद से उठाया गया कदम होता था। उनकी नज़र समाज की कमियों और कमज़ोरियों का सामना करने पर रहती थी। ऐसे नेताओं की अच्छी संख्या होती थी जो अपने बलिदान और त्याग के लिए तैयार रहते थे। समाज की सेवा करने को उन्होंने चुना था। राजनैतिक दलों की अपनी-अपनी वैचारिक पसंद नापसन्द तो होती थी और होनी भी चाहिए पर सबकुछ के बावजूद उन नेताओं के पास देश का एक नक़्शा होता था और बिना किसी संदेह के देशहित ही उनका सबसे महत्वपूर्ण सरोकार होता था। जमीन से उठ कर आने वाले ऐसे प्रामाणिक नेतृत्व की साख उनके द्वारा अर्जित होती थी। वे किसी हाईकमान की कृपा का मुंहताज नहीं होती थी। आज की तरह अपने लिए धनसंग्रह करते रहना उनका उद्देश्य नहीं होता था। उनमें देश-निर्माण का स्वाभाविक जज़्बा और उत्साह होता था जो उनके कार्यों में भी झलकता था। अब स्वतंत्र होने के पचहत्तर साल बीतने के बाद राजनैतिक परिवेश में जोड़-तोड़ की जो प्रवृत्तियाँ उभर कर सामने आ रही हैं वे राजनीति के तेजी से बदलते स्वभाव का संकेत दे रही हैं। हर चुनाव की सुगबगाहट के साथ राजनैतिक दलों द्वारा रेवड़ी बाँटने की नई प्रतिस्पर्धा शुरू हो जाती है। वादों और घोषणाओं की झड़ी लग जा रही है। इसमें क्या कुछ नहीं शामिल होता है: नौकरी, बिजली, घर, सम्मान निधि, गैस सिलेंडर, कर्जमाफ़ी, सस्ता-कर्ज, मुफ़्त वाई-फ़ाई, गरीब को वजीफ़े, आरक्षण की सुविधा यानी जो भी मन करे नेता लोग सब कुछ मतदाता को देने की घोषणा करते नहीं अघा रहे है। अब ज़मींदारों के तर्ज़ पर नेताजी मनमर्ज़ी से कोई भी एलान कर सकते हैं। मुफ़्त की सुविधायें देने के पीछे कोई आर्थिक-सामाजिक नीतिगत आधार नहीं होता है। जाति, उपजाति, क्षेत्र और धर्म जैसे आधार में बांध कर चुनाव की तैयारी कस्टमाइज्ड प्रलोभन देने की मुहिम चल रही है। इस तरह की प्रक्रिया का कोई ओर-छोर नहीं दिखाई पड़ता है। सुविधा और धन बाँट-बाँट कर जनता से वोट बटोरने की रीति-राजनीति में जन-भागीदारी को दूषित कर रही है। आज एमएलए और एमपी के चुनाव में करोड़ों के खर्च होते हैं। इसलिए प्रत्याशी भी करोड़पति होते हैं। ऊपर से संदिग्ध अपराधी भी शामिल होते हैं।

# जम्मू-कश्मीर में फिर अनुच्छेद 370 का राग

**सुरेश हिंदुस्तानी**

**वर्तमान में पूरे देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के स्वर मुखरित होने लगे हैं। समान नागरिक क़ानून निश्चित ही सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का हिमायती है, लेकिन दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर में अलग संविधान को मान्यता देने वाले अनुच्छेद 370 को लाने का प्रयत्न किया जा रहा है। यह जम्मू-कश्मीर को अलग पहचान देने का काम करता है। इसके चलते कश्मीर का संविधान और ध्वज अलग हो जाएगा, जो भारत के संविधान और तिरंगा से अलग होगा। यह स्थिति डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से अलग प्रकार की होगी। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का वह बयान स्वतः ख़ारिज हो जाता है, जिसमें वह कहते हैं कि भाजपा संविधान फाड़कर फेंकना चाहती है। इसका एक आशय यह भी है कि कांग्रेस संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस कौन से संविधान को बचाना चाहती है, यह और स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि बाबा साहब अम्बेडकर कभी भी जम्मू-कश्मीर को अलग दर्ज़ा देने के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने संविधान में इसको जोड़ने से इनकार कर दिया था। अम्बेडकर जी के मना करने के बाद शेख अब्दुल्ला, तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पास पहुंचे, जिन्होंने बाबा साहेब अम्बेडकर की भावना को दरकिनार कर शेख अब्दुल्ला को प्रसन्न करते हुए अनुच्छेद 370 का समावेश संविधान में करा दिया।**

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद प्रदेश की नई सरकार ने पुराने एजेंडे पर काम करना प्रारम्भ कर दिया है। इससे निश्चित ही यह संकेत मिलता है कि जिस अनुच्छेद 370 और 35ए के कारण कश्मीर को शेष भारत से अलग दिखने जैसी स्थिति थी, वैसी ही स्थिति पैदा करने का प्रयास नई सरकार यानी नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस द्वारा किया जा रहा है। राज्य की नई सरकार का यह कदम पाकिस्तान के हौसले बढ़ाने वाला लगता है, क्योंकि पाकिस्तान अनुच्छेद 370 के कारण ही कश्मीर को अपना बताने का कुचक्र रचता रहा है। अनुच्छेद 370 के बहाने राज्य को मिले विशेष अधिकारों के चलते ही पाकिस्तान ने अपना नेटवर्क स्थापित किया था, जिसके कारण वहां के नागरिक भारतीय सेना के प्रति अलगाव का व्यवहार करते दिखाई दिए। उस समय पाकिस्तान परस्त आतंकी कश्मीर में युवाओं को भ्रमित करते रहते थे।

अब उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली प्रदेश की नई सरकार ने जम्मू-कश्मीर में फिर से अलगाव के बीज रोपित करने का काम किया है। जिसमें कांग्रेस की भी भागीदारी है। हालांकि कांग्रेस सरकार को बाहर से समर्थन दे रही है। जम्मू-कश्मीर में जब अनुच्छेद 370 कायम था, तब राज्य ने क्या खोया था, यह पूरा देश जानता है। घाटी में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी घटनाएं होती रहती थी। वर्तमान केंद्र सरकार ने इसे हटाकर कश्मीर को शेष भारत से समरस करने का काम किया है। इसीलिए आज जम्मू-कश्मीर आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगा पाने में बहुत हद तक सफल हुआ है।

वर्तमान में पूरे देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के स्वर मुखरित होने लगे हैं। समान नागरिक क़ानून निश्चित ही सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का हिमायती है, लेकिन दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर में अलग संविधान को मान्यता देने वाले अनुच्छेद 370 को लाने का प्रयत्न किया जा रहा है। यह जम्मू-कश्मीर को अलग पहचान देने का काम करता है। इसके चलते कश्मीर का संविधान और ध्वज अलग हो जाएगा, जो भारत के संविधान और तिरंगा से अलग होगा। यह स्थिति डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से अलग प्रकार की होगी। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का वह बयान स्वतः ख़ारिज हो जाता है, जिसमें वह कहते हैं कि भाजपा संविधान फाड़कर फेंकना चाहती है। इसका एक आशय यह भी है कि कांग्रेस संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस कौन से संविधान को बचाना चाहती है, यह और स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि बाबा साहब अम्बेडकर कभी भी जम्मू-कश्मीर को अलग दर्ज़ा देने के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने संविधान में इसको जोड़ने से इनकार कर दिया था। अम्बेडकर जी के मना करने के बाद शेख अब्दुल्ला, तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पास पहुंचे, जिन्होंने बाबा साहेब अम्बेडकर की भावना को दरकिनार कर शेख अब्दुल्ला को प्रसन्न करते हुए अनुच्छेद 370 का समावेश संविधान में करा दिया। आज कांग्रेस भले इस बात का दम्भ भरे कि वह संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस के कार्य ऐसे लगते नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की सरकार ने ही आपातकाल लगाकर भारत के नागरिकों के सारे अधिकार छीन लिए थे। उस समय आपातकाल लगाने जैसी स्थिति नहीं थी लेकिन अपनी कुर्सी को बचाने के लिए देश पर इसे थोपा गया।आपातकाल संविधान की हत्या जैसा ही कृत्य था।

पांच वर्ष पूर्व केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्ज़ा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 और 35ए को विलोपित कर दिया। भाजपा का यह कदम किसी भी प्रकार से किसी के विरोध में इसलिए नहीं कहा जा सकता, क्योंकि भाजपा के हर घोषणा पत्र में इसे हटाने की बात कही गई। इन्हीं वादों को पूरा करने के लिए भाजपा को समर्थन मिला। जब जनता ने भाजपा के वादों को पूरा करने के लिए समर्थन दिया, तब स्वाभाविक रूप से यही कहा जा सकता है कि




भाजपा ने वही काम किया, जो जनता चाहती थी। अब जम्मू-कश्मीर में भारत का संविधान चलता है, राज्य का अपना कोई संविधान नहीं है। इतना ही नहीं जम्मू-कश्मीर अब केंद्र शासित प्रदेश है। इसलिए उसके संवैधानिक अधिकार सीमित हैं। जम्मू-कश्मीर की सरकार संविधान में बदलाव करने का कोई संवैधानिक हक नहीं रखती। यह केंद्र सरकार का काम है। राज्य कोई विधेयक पारित तो कर सकता है, लेकिन वह विधेयक तब तक लागू नहीं हो सकता, जब तक केंद्र की सरकार न चाहे। इसलिए यह कहा जा सकता है कि राज्य की नवगठित सरकार का यह कदम केवल राजनीतिक लाभ के लिए है।

देश में कई विपक्षी राजनीतिक दलों ने एक साथ आकर इंडी गठबंधन बनाया है। यह गठबंधन बार-बार संविधान बचाने की बात करता रहता है, लेकिन सवाल यह है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को बहाल करने वाले विधेयक पर कोई बोलने को तैयार नहीं है। इसे मौन समर्थन भी माना जा सकता है। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की ऐसी कौन-सी राजनीतिक मजबूरी है जो इसकी बहाली के लिए उनको मजबूर कर रही है। क्या इन दलों को यह पता नहीं है कि इन्हीं कानूनों के कारण ही कश्मीर हिन्दू विहीन हो गया है। क्या यह दल फिर से कश्मीर घाटी को उसी स्थिति में ले जाना चाहते हैं। देश में एक समान कानून होना चाहिए, यह सभी चाहते हैं लेकिन जम्मू-कश्मीर में इसपर मौन हैं। जम्मू-कश्मीर में अगर अनुच्छेद 370 बहाल हो जाता है तो निश्चित ही पाकिस्तान परस्त ताकतें हावी होकर जम्मू-कश्मीर में फिर से अलगाव की स्थिति पैदा कर सकते हैं। ऐसी स्थिति न बने, इसलिए कश्मीर में भी देश का संविधान ही लागू रहे, यह समय की मांग है और यह कदम जम्मू-कश्मीर के हित का भी है।

# नेहरूजी के नौनिहालों के चाचा बनने का किस्सा

बाल दिवस (14 नवंबर) पर विशेष

**डॉ. रमेश ठाकुर**

'बाल दिवस' और जवाहरलाल नेहरू के संबंध में सभी जानते हैं लेकिन अधिकांश लोगों को शायद यह जानकारी न हो कि नेहरूजी आखिर बच्चों के चाचा क्यों कहलाए। बाल दिवस, भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। उनका जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था। यह दिवस पहले संयुक्त राष्ट्र द्वारा अधिकृत 20 नवंबर को पूरे विश्वभर में मनाया जाता था लेकिन साल 1964 में नेहरूजी के निधन के बाद भारतीय संसद में उनके जन्मदिन को आधिकारिक तौर पर 'बाल दिवस' के रूप में मनाए जाने का प्रस्ताव एकमत से जारी किया गया। बच्चों से उन्हें बेहद लगाव था। चलिए बताते हैं नेहरूजी को चाचा कहे जाने की कहानी।

पंडित नेहरू एक मर्तबा इलाहाबाद में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। मौसम जाड़े का था। सभा में एक महिला अपने दुधमुंहे बच्चे के साथ भाषण सुनने के लिए पहुंची थी और नेहरू जी के भाषण देने के दौरान ही बच्चा जोर-जोर से रोने लगा। उपस्थित लोगों का ध्यान बंट गया। यहां तक कि नेहरूजी ने भी बच्चे का रोना सुनकर अपना भाषण रोक दिया। उन्होंने तुरंत अपने अंगरक्षक को बच्चा और उसकी माता को मंच पर लाने को कहा। मां अपने बच्चे के साथ जैसे ही मंच पर चढ़ी, नेहरूजी ने आगे बढ़ कर स्वयं बच्चे को अपनी गोद



में ले लिया। नेहरूजी की गोद में जाते ही बच्चा चुप हो गया और उनकी जेब में लगे पेन से खेलने लगा। बच्चे के प्रति नेहरू के प्यार-स्नेह देखकर सभा में उपस्थित लोग बेहद प्रभावित हुए। यहीं से उन्हें बच्चों के बीच चाचा का मान दिया जाने लगा।

नेहरूजी शुरू से बच्चों के अधिकारों और उनकी अच्छी शिक्षा के लिए मजबूत शिक्षा प्रणाली के पक्षधर थे। वह प्रत्येक बच्चे को देश का भविष्य कहते थे। फूलपुर की चुनावी सभा में नेहरू ने अपने प्रसिद्ध भाषण में कहा था कि बच्चे बगीचे की कलियों की तरह होते हैं, उनका सावधानीपूर्वक और प्यार से पालन-पोषण करना चाहिए, क्योंकि वे देश का भविष्य और कल के नागरिक हैं।

हर साल उनके जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में बड़े उत्साह से मनाया जाता है। इस दिन देशभर के स्कूलों में गायन, निबंध, वाद-विवाद, खेलकूद जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं। नेहरूजी बच्चों को राष्ट्र की संपत्ति मानते थे। अक्सर नौनिहालों को देश का सबसे कीमती संसाधन के रूप में संदर्भित करते थे। इसलिए, अपने युवा नागरिकों के जीवन की बेहतरी के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज इस दिवस के जरिए बच्चों में खुशियां, उनके अधिकारों और उनके उज्ज्वल भविष्य को संवारने के लिए जागरूकता फैलाई जाती है। बच्चों के प्रति जागरूकता को बढ़ाना और उन्हें एक सुरक्षित, खुशहाल और शिक्षा से भरपूर जीवन देने के लिए आज सभी को संकल्पित होना चाहिए।

## सेहत मंत्र

# जानलेवा बनता जा रहा है मधुमेह रोग

मधुमेह रोग आज के समय की सबसे विकट समस्या हैं। जिसने पूरी दुनियां में अपना आतंक फैला रखा हैं। मधुमेह पर नियंत्रण तो किया जा सकता हैं। पर इसे जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता। मधुमेह को अगर नियंत्रित ना किया जाये तो इसका असर किडनी, आंख, हृदय तथा ब्लड प्रेशर पर पड़ता हैं। मधुमेह की बीमारी में शरीर में ब्लड शुगर या ब्लड ग्लुकोज की मात्रा बढ़ जाती है। ऐसा तब होता है जब शरीर में होरमोन इन्सुलिन की कमी हो जाती है या वो इन्सुलिन हमारे शरीर के साथ सही ताल मेल नहीं बैठा पाते हैं। मधुमेह के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय मधुमेह दिवस की शुरुआत की गई। 1991 वह साल था जब विश्व में सभी का ध्यान इस बीमारी के बढ़ते प्रकोप पर गया। लोगों को इसके संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 14 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय मधुमेह दिवस मनाने की घोषणा की गयी थी। दुनिया के अधिकतर देशो में 14 नवम्बर को प्रतिवर्ष विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है। मधुमेह रोग के कारण एवं इसके विभिन्न पहलुओं को समझने हेतु कई लोग प्रयासरत थे। इनमें से एक जोड़ी फ्रेडरिक बैटिंग एवं चार्ल्स बेस्ट की भी थी। जो पैनक्रियाज ग्रन्थि द्वारा स्त्रावित तत्त्व के रसायनिक संरचना की खोज में लगे हुए थे। इस तत्त्व को अलग कर उन्होंने अक्टूबर 1921 में प्रदर्शित किया कि यह तत्त्व शरीर में ग्लूकोज का निस्तारण करने में अहम भूमिका निभाता है और इसकी कमी होने से मधुमेह रोग हो जाता है। इस तत्त्व को इंसुलिन का नाम दिया गया। इसकी खोज मधुमेह के इतिहास में एक मील का पत्थर है। इस कार्य हेतु उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। 14 नवम्बर को फ्रेडरिक बैटिंग का जन्मदिवस है। अतः विश्व मधुमेह दिवस हेतु इस तिथि का चयन किया गया। फ्रेडरिक बेटिंग के योगदान को याद रखने के लिए इंटरनेशनल डायबेटिक फ़ेडरेशन द्वारा 14 नवम्बर को दुनिया के 140 देशों में मधुमेह दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह संघ के सतत प्रयास के फलस्वरूप संयुक्त राष्ट्र संघ ने अन्ततः मधुमेह की चुनौती को स्वीकारा और दिसम्बर 2006 में इसे अपने स्वास्थ कायक्रमों की सूची में शामिल किया। सन 2007 से अब यह संयुक्त राष्ट्र के कार्यक्रम के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के सूची में शामिल होने का सबसे बड़ा लाभ यह हुआ कि अब संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य देश अपनी स्वास्थ्य सम्बंधी नीति-निर्धारण में इसे महत्त्व दे रहें हैं।

## धर्म मंत्र

# पांडवों द्वारा बनाया गया था महाराष्ट्र का केशवराज मंदिर

केशवराज मंदिर सिर्फ आध्यात्मिकक दृष्टिकोण से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि मंदिर के आसपास की प्राकृतिक सुंदरता भी बस देखते ही बनती है। यह मंदिर महाराष्ट्र में स्थित है और दापोली से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। ऐसी मान्यता है कि यह मंदिर पांडवों द्वारा निर्मित है। यह मंदिर भले ही दापोली के पास एक छोटे से गांव में स्थित है, लेकिन फिर भी इसे एक गूढ़ रहस्य के रूप में जाना जाता है। यह छोटा सा मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। लेकिन यहां पर गणपति जी की भी मूर्ति स्थित है। मंदिर का मुख दक्षिण दिशा की ओर है और मंदिर के अंदर का सुखद वातावरण आपको शांति का अनुभव कराता है। मंदिर चारों तरफ से पत्थर के फुटपाथ से घिरा हुआ है और इसे केशवराज देवराय मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यह मंदिर आपको आध्यात्मिक शांति का अहसास करवाता है। मंदिर परिसर में स्थित गाय के मुंह के आकार के पत्थर से साल भर ठंडा और स्वादिष्ट पानी बहता है। केशवराज मंदिर के क्षेत्र के भीतर आप महसूस करते हैं कि भगवान की असली पहचान एकांत, शांति और प्रकृति के बीच है। केशवराज मंदिर प्राकृतिक सौंदर्य की अद्भुत छटा पेश करता है। मंदिर के चारों ओर घने जंगल में, आप वर्ष भर पानी की धारा बहते हुए देख सकते हैं। यहां पर धारा के उपर पुल भी बना है। जब आप इस पुल को पार करते हैं, तो आप लेटराइटिक पत्थर से निर्मित कुछ सीढ़ियां देखते हैं।

## पर्यटन



# पर्यटन स्थल नैनीताल में घूमते समय श्रद्धा के केंद्र नैना देवी मंदिर भी जाएं

पर्यटक स्थल नैनीताल में स्थित माता नैनी देवी मंदिर सहज ही पर्यटकों का ध्यान आकर्षित करता है। नैनी झील के उत्तरी किनारे पर स्थित इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि 1880 में भूस्खलन से यह मंदिर नष्ट हो गया था। बाद में इसे फिर से बनाया गया। इस मंदिर में सती के शक्ति रूप की पूजा की जाती है। मंदिर में दो नेत्र हैं जो नैना देवी को दर्शाते हैं। नैनी झील के बारे में मान्यता है कि जब शिव सती की मृत देह को लेकर कैलाश पर्वत जा रहे थे, तब जहां-जहां उनके शरीर के अंग गिरे वहां-वहां शक्तिपीठों की स्थापना हुई। इस स्थान पर देवी सती के नेत्र गिरे थे। इसीलिए यहां इस मंदिर की स्थापना की गयी। इस मंदिर में नैना देवी की प्रतिमा के साथ ही भगवान श्री गणेश और काली माता की मूर्तियां भी लगाई गयी हैं। साथ ही पीपल का एक विशाल वृक्ष मंदिर के प्रवेश द्वार पर स्थित है जिसके साथ भी कई मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। यहां लोग मन्नत मांगने आते हैं और पीपल के पेड़ पर इसके लिए लाल चुन्नी या धागा बांधते हैं। मंदिर के आसपास का दृश्य भी बेहद खूबसूरत है। इस मंदिर के ठीक बाहर तिब्बती बाजार लगता है। दक्ष प्रजापति की पुत्री उमा का विवाह शिव से हुआ था। शिव को दक्ष प्रजापति पसन्द नहीं करते थे, परन्तु वह देवताओं के आग्रह को टाल नहीं सकते थे, इसलिए उन्होंने अपनी पुत्री का विवाह न चाहते हुए भी शिव के साथ कर दिया था। एक बार दक्ष प्रजापति ने सभी देवताओं को अपने यहाँ यज्ञ में बुलाया, परन्तु अपने दामाद शिव और बेटी उमा को निमन्त्रण तक नहीं दिया। उमा हठ कर इस यज्ञ में पहुंचीं। जब उसने हरिद्वार स्थित कनरवन में अपने पिता के यज्ञ में सभी देवताओं का सम्मान और अपने पति और अपना निरादर होते हुए देखा तो वह अत्यन्त दुःखी हो गयीं। वह यज्ञ के हवन कुण्ड में यह कहते हुए कूद पड़ीं कि 'मैं अगले जन्म में भी शिव को ही अपना पति बनाऊंगी। आपने मेरा और मेरे पति का जो निरादर किया इसके प्रतिफल स्वरूप यज्ञ के हवन कुण्ड में स्वयं जल कर आपके यज्ञ को असफल करती हूं। जब शिव को यह ज्ञात हुआ कि उमा सती हो गयीं, तो उनके क्रोध का पारावार न रहा।

# भट्ठे पर मजदूरी करने आए नाबालिग को जेसीबी ने कुचला, दर्दनाक मौत



**मौका पाकर चालक फरार , पुलिस ने शव को पीएम के किए भेजा**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामसनेहीघाट बाराबंकी। असंद्रा थाना क्षेत्र के सूरजपुर गांव स्थित भैरव नाथ ब्रिक फील्ड पर सीतापुर जनपद से फूफा के साथ मजदूरी करने आए सो रहे किशोर की जेसीबी की चपेट में आने से दर्दनाक मौत।घटना के बाद चालक जेसीबी को एक ईंट-भट्ठे पर खड़ा कर भाग निकला। प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार भोर ईंट भट्ठे पर राम मगन (14) पुत्र प्रताप रैदास निवासी ग्राम दम्मल बेलवा थाना सकरन जिला सीतापुर असंद्रा थाना क्षेत्र के देवीगंज चौराहे के करीब सूरजपुर स्थित भैरव नाथ ब्रिक फील्ड मजदूरी करने के लिए अपने फूफा सरविंद पुत्र त्रिभुवन के साथ आया हुआ था।जो कि जमीन पर सो रहा था।जेसीबी यूपी 41 बीटी 5421 के नीचे आने की वजह से सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद अज्ञात चालक मौके पर ही जेसीबी खड़ी कर भाग गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 व मुकामी पुलिस ने शव को पीएम को भेजते हुए फूफा सरविंद की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राममगन की मौत ने दी गवाही भट्ठों पर नाबालिग करते हैं मजदूरी

सरकार चाहे जितना बाल मजदूरी पर रोक का दावा ठोके लेकिन राममगन की दर्दनाक मौत ने बाल मजदूरी का भी खुलासा कर दिया है, आखिर भट्ठे पर गैर जनपद का किशोर सैर सपाटा करने तो आएगा नहीं लाजिमी है कि मजदूरी करने ही आया होगा, राममगन की मौत महज एक हादसा ही नहीं है बल्कि एक नजीर है कि सूबे में बेरोजगारी और गरीबी के चलते बाल मजदूरी करने को नाबालिग बच्चे मजबूर हैं।
रामसनेही घाट में चरम पर है बाल मजदूरी जिम्मेदार आंख मूंद कर बैठे
तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र में किशोरों के द्वारा काम किए जाने के दृश्य अक्सर नजर आते हैं वेल्डिंग, लोहे की दुकान, बैट्री की दुकान, होटल व ढाबों सहित अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर बचपन खोता नजर आता है, अब इसे किस्मत कहे या गरीबी की मार या प्रशासन की अनदेखी मालिकों की डांट फटकार सुन कर भी किशोर मजदूरी करते नजर आते हैं, तहसील क्षेत्र के देवीगंज, पूरे पटखन, बहरेला, भिटरिया, रामसनेही घाट, सुमेरगंज, कोटवा सड़क, दरिया बाद, आदि जगहों पर नाबालिग लड़के बचपन खोते नजर आते हैं तो वही लखनऊ फैजाबाद हाई–वे पर मौजूद ढाबों और होटलों पर स्थित बदतर नजर आती है।

# बैठक में ग्राम पंचायतों को मॉडल बनाने पर हुई चर्चा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




रामनगर बाराबंकी ब्लॉक सभागार रामनगर जिला बाराबंकी में पंचायत सहायक और सफाई कर्मी एक दिवसीय बैठक आगा खान फाउंडेशन और पंचायती राज विभाग के सहयोग से एक का आयोजन किया गया बैठक का उद्देश सभी ग्राम पंचायतों को स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन के अनुसार कैसे मॉडल बनाया जाए इस संबंध में समझ बनाई गई हर सफाई कर्मी और पंचायत सहायिका को गांव को स्वच्छ बनाने के लिए कुछ टास्क भी दिया जैसे सभी पंचायत सहायक का और सफाई कर्मियों को घर के बने हुए झोले चार-चार बनाने हैं और पानी का दुरुपयोग रोकने के लिए आसपास के नलों में टोटी लगवाने तथा अगर पानी बह रहा है तो उसको बंद करवाना है इसके अलावा एक पंचायत सहायिका को एक सोक पीट बनवाना है और पांच-पांच घरों में डस्ट बिन रखवाना है इस टास्क के साथ अपनी एक फोटो भी डालनी है और छोटी-छोटी वीडियो भी बना कर ग्रुप पर डालनी है तथा गांव में कहां पर पानी भर रहा है और कहां पर कूड़े के ढेर है उसकी लिस्टिंग करा कर भी ब्लॉक को देना है इस मौके पर खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार सहायक विकास अधिकारी पंचायत आनंद कुमार सिंह सहायक कृषि विकास अधिकारी डॉक्टर दलवीर सिंह खंड प्रेरक प्रदीप सहायक विकास अधिकारी सूर्य प्रकाश राहुल पांडे आगा खान फाउंडेशन के सौरभ श्रीवास्तव और अब्बास सौरभ शुक्ला और सतीश कुमार भी इस बैठक को सफल बनाने में अपना योगदान दिया

# नशीली औषधियों की अनाधिकृत व्यक्तियों को बिक्री किये जाने पर प्रभावी रोकथाम हेतु लगातार की जा रही कार्यवाहियां

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बाराबंकी। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार झा के निर्देशानुसार जपनद में कार्यरत सभी मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाने तथा नारकोटिक्स औषधियों की अनाधिकृत व्यक्तियों को विक्री किये जाने पर प्रभावी रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाहियां की जा रही हैं। जिसके अंतर्गत बुधवार को ड्रग इंस्पेक्टर सीमा सिंह के नेतृत्व मे थाना मसौली के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ागांव के आस पास स्थित मेडिकल स्टोर्स के औचक निरीक्षण किये गये । जिसमें सूरज फार्मा, जीशान मेडिकल स्टोर, तथा प्रिंस मेडिकल्स, सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरा लगे हुए पाये गये।जिनकी रिकार्डिंग की जांच की गई। सभी मेडिकल स्टोर संचालको को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना प्रिस्क्रिप्शन के शेडयूल एच-1 की औषधियो का विक्रय न किया जाये। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरा की भी रैन्डम आधार पर कई दिनों की रिकार्डिंग की भी जांच की गई तथा कैशमेमो एवं शेडयूल एच-1 के अभिलेखों को भी नियमानुसार रखें जाने के निर्देश दिये गये। सभी मेडिकल स्टोर की संबंधित निरीक्षण आख्या अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु अनुज्ञापन प्राधिकारी (विक्रय) को प्रेषित किये गये।

# ऊधौ मोहे ब्रज बिसरत नाही, बृंदावन गोकुल तन आवत सघन तृनन की छाही : आचार्य दिव्यांशु जी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामसनेही घाट बाराबंकी। तहसील क्षेत्र में श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा में मंगलवार खेवराजपुर गांव में अधिवक्ता धर्मानन्द तिवारी के निवास पर अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास

**ब्रज भूमि तो प्रेम की भूमि है,**



आचार्य दिव्यांशु महाराज जी ने कंस वध, ऊधौ प्रेम, कालयवन वध, द्वारिका नगरी गमन, भगवान श्रीकृष्ण से रुक्मिणी के विवाह की बहुत ही मनोरम कथा सुनाई।श्रोता भक्ति रस में डूबे रहे।उन्होंने कहा कि,प्रेम चिरंतन होता है उसे स्थायित्व भक्ति और श्रद्धा से ही मिलती है।योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के प्रति रुक्मिणी की भक्ति ,प्रेम और श्रद्धा ही उन्हें वरण करने में सहायक रही।महारानी रुक्मिणी के मन की एकाग्रता ही उन्हें भगवान श्री कृष्ण के सानिध्य में ले जा सकी।कथा व्यास आचार्य दिव्यांशु महाराज जी ने श्रद्धालुओं के समक्ष जीवन के परम लक्ष्य के रहस्य को खोला।उन्होंने बताया प्राणि मात्र का उद्देश्य ईश्वर प्राप्त ही होना चाहिए। ज्ञान से तो ब्रह्म के दर्शन होते हैं किंतु निष्काम भक्ति और श्रद्धा से ईश्वर के साकार दर्शन अवश्य होते है। इसलिए कलयुग में भक्ति ऐसा माध्यम है जिसे ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है।कथा में आस पास सहित क्षेत्र के दर्जनों गांव के सैकड़ों लोग सम्मिलित रहे।आज के आयोजन में भगवान श्रीकृष्ण के विवाह की झांकी देखकर लोग आनंद में नाचने गाने लगे।बड़ा ही मनोरम और सुंदर वातावरण दिखा। इस मौके पर डाक्टर आशीष तिवारी सहित समस्त तिवारी परिवार, अधिवक्ता राहुल तिवारी, इंद्रप्रताप सिंह, शिवमगन यादव, राजेश पाण्डेय, ठाकुर दिवाकर सिंह, उमेश शुक्ला, दीपू शुक्ला मनीष शुक्ला रघुबर मिश्रा सहित सैकड़ों भक्तों ने कथा श्रवण कर प्रसाद ग्रहण किया।

# ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाएं निकलकर देश का नाम करें रोशन : राजरानी रावत



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**दो दिवसीय जनपद स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का एमएलसी व अध्यक्ष जिला पंचायत ने किया शुभारंभ**

बाराबंकी।शहर के स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में दो दिवसीय जनपद स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ सदस्य विधान परिषद अंगद कुमार सिंह व अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य राजरानी रावत ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित, माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। मुख्यातिथियों ने मार्च पास्ट की सलामी लेकर ततपश्चात हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की।प्रतियोगिता में 15 ब्लॉक व एक नगर क्षेत्र के बच्चों ने प्रतिभाग किया विकास खण्ड देवा के प्राथमिक विद्यालय मुजफ्फरमऊ के बच्चो ने सरस्वती वंदना,ब्लॉक बंकी के कम्पोजिट स्कूल कुरौली व निन्दूरा के कम्पोजिट स्कूल बहरौली के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुति किया। सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह ने खेल के आयोजन से पूर्व बच्चों एवं शिक्षकों को शपथ दिलाई।अध्यक्ष जिला पंचायत राजरानी रावत ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाएं निकलकर अपने देश का नाम रोशन करें। जिसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रतियोगिता आयोजित की है।सभी बधाई के पात्र है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब से प्रदेश की बागडोर संभाली है तब से बेसिक शिक्षा में कायाकल्प के जरिये विद्यालयों में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि मुझे भी गर्व है कि मैं एक परिषदीय शिक्षक की बेटी हूं। नन्हे मुन्हे बच्चों की प्रतियोगिता देखकर बहुत खुशी हुई है कि यही बच्चे आगे चलकर देश का नाम रोशन करेंगे।ब्लॉक देवा एवं निन्दूरा के बच्चों के कार्यक्रमों की सराहना की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।मंच का संचालन एआरपी बंकी सुभाष चंद्र तिवारी व मसौली के प्रदीप श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारीगण बंकी चंद्रशेखर यादव, देवा राम नारायण,निन्दूरा सुषमा सेंगर,फतेहपुर आरधना अवस्थी,बनीकोडर संजय राय, हैदरगढ़ सुनील गौड़,हरख अर्चना, रामनगर रमेश चंद्रा, नगर क्षेत्र जैनेन्द्र कुमार,जिला समन्वयक प्रशिक्षण विनीता मिश्रा,जिला समन्यवक एमआईएस पुनीत श्रीवास्तव ,जिला व्यायाम शिक्षक रितु पाठक व अनिल सिंह ,जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ प्रांतीय महामंत्री अरुणेंद्र कुमार वर्मा, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार,जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, जिला महामंत्री देवेंद्र सिंह,प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष डॉ राकेश सिंह, अटेवा जिलाध्यक्ष अमित वर्मा, महिला शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष शहनाज परवीन,शिक्षिका लक्ष्मी सिंह, ऋचा शर्मा,ऋषि टण्डन,लता गुप्ता,संदीप वर्मा, आशीष सिंह बंकी,प्रदीप सिंह,संतोष शुक्ला,मनोज चौधरी,दिवाकर अवस्थी सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### प्रथम दिवस में 200 मीटर दौड़ जूनियर स्तर में हैदरगढ़ प्रथम

**बालिका वर्ग लंबी कूद में बंकी की अंशिका प्रथम**

बाराबंकी। के ड़ी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में उच्च प्राथमिक स्तर की 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में ब्लॉक हैदरगढ़ यूपीएस पट्टी के मो आलमीन प्रथम,त्रिवेदीगंज यूपीएस दहिला के शिवा द्वितीय, सूरतगंज यूपीएस नंदऊपारा के अरुण यादव तृतीय, उच्च प्राथमिक स्तर 400 मीटर दौड़ में हैदरगढ़ कम्पोजिट स्कूल बीजापुर के प्रभात पाठकप्रथम,त्रिवेदीगंज यूपीएस तेजवापुर के विकास शर्मा द्वितीय,रामनगर यूपीएस बिन्दौरा पड़ाव के अनुज तृतीय स्थान,यूपीएस बालक वर्ग 600 मीटर दौड़ में पूरेडलई यूपीएस अजईमऊ के अजय कुमार प्रथम, त्रिवेदीगंज यूपीएस जौरास के अनुराग प्रथम ,बनीकोडर यूपीएस सूपमाऊ के अभय तृतीय स्थान पर रहे।200 मीटर दौड़ उच्च प्रथमिक स्तर की बालिका वर्ग में त्रिवेदीगंज के यूपीएस नरदही की संध्या प्रथम, फतेहपुर कम्पोजिट स्कूल सरैयां की शबी द्वितीय,निन्दूरा कम्पोजिट स्कूल बजगहनी की रोशनी तृतीय,400 मीटर दौड़ में ब्लॉक त्रिवेदीगंज की यूपीएस नरदही की संध्या प्रथम,रामनगर के यूपीएस थाल खुर्द की मोहनी द्वितीय,देवा कंपोजिट स्कूल छेरिया की मानसी तृतीय,600 मीटर दौड़ में त्रिवेदीगंज यूपीएस जौरास की अंशिका प्रथम,देवा कंपोजिट स्कूल छेरिया की शगुन तृतीय पर रही।लंबी कूद बालक वर्ग में त्रिवेदीगंज यूपीएस दहिला के शिवा वर्मा प्रथम,हरख के अभिजीत व सिरौली गौसपुर के शुभम यादव द्वितीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग लंबी कूद में बंकी की अंशिका प्रथम,त्रिवेदीगंज की शगुन,निन्दूरा की रोशनी तृतीय स्थान पर रही है। चक्रक्षेपण बालक वर्ग अंडर 14 में हरख के अभिषेक प्रथम, रामनगर के मान सिंह द्वितीय,सिदौर के विकास तृतीय स्थान हासिल किया।

बीईओ बंकी चंद्रशेखर यादव व बीईओ देवा रामनारायण के निर्देशन में दो दिवसीय जनपद स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता में ब्लॉक देवा बंकी के बच्चों ने शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन खेल से सम्बंधित रंगोली चित्र बनाई।जिसका आगंतुकों ने खूब सराहा।

### परिजनों के सुपुर्द की गई मानसिक विक्षिप्त महिला

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आजमगढ़ जनपद से रास्ता भटकर आई एक मानसिक विक्षिप्त महिला को मिशन शक्ति अभियान के दृष्टिगत ऌआपरेशन खोजङ्क के तहत परिजनों का पता लगाकर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।
एक 31 वर्षीय मानसिक विक्षिप्त महिला रास्ता भटकर थाना रामनगर क्षेत्रान्तर्गत दुर्गापुर हाइवे आ गई थी। थाना रामनगर पुलिस द्वारा उक्त महिला को वन स्टाप सेण्टर भेजा गया। मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत *ऌआपरेशन खोजङ्क के तहत 'सखी–वन स्टॉप सेन्टर' प्रभारी म.उ.नि. माया यादव व काउन्सलर द्वारा उक्त महिला से काउन्सलिंग व अथक प्रयास से बुधवार को परिजनों का पता लगाकर महिला को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### यातायात माह : डीएसप ने हेलमेट पहनाकर यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक



बाराबंकी । यातायात माह के मद्देनजर पुलिस उपाधीक्षक नगर सुमित त्रिपाठी द्वारा हेलमेट पहनाकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया ।
बताते चले कि नवंबर माह में यातायात को लेकर पूरे जनपद भर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में पुलिस उपाधीक्षक नगर सुमित त्रिपाठी की अगुवाई में यातायात प्रभारी एवं पुलिस टीम द्वारा शहर में विशेष अभियान चलाया गया जिसमें बिना हेलमेट बाइक चलाने वालो को हेलमेट दिया गया साथ ही चालान भी किया गया। इसी क्रम में कस्बा हैदरगढ़ में यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह द्वारा बिना सीटबेल्ट कार चलाने एवं बिना हेलमेट बाइक चलाने वालो का चालन काटा साथ ही यातायात के प्रति जागरूक किया ।
यातायात माह के तहत वाहनों की चेकिंग की गई नियम का पालन न करने वालो के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई लोगों को हेलमेट पहनाकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया यह अभियान आगे भी चलता रहेगा ।

# अन्नदाताओं को धान तौल के लिये क्रयकेन्द्रों पर न करना पड़े इंतजार : प्रभारी मंत्री

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**





बाराबंकी । राज्य मंत्री कारागार उत्तर प्रदेश , प्रभारी मंत्री जनपद बाराबंकी माननीय श्री सुरेश राही ने बुधवार को बाराबंकी जिले का भ्रमण किया। उन्होंने अपने भ्रमण कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंडी समिति हैदरगढ़ में स्थित धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। किसानों से बातचीत की और धान खरीद की अद्यतन स्थित की जानकारी मंडी प्रभारी से ली। किसान राम कुमार, कुशहागंज के किसान प्रमोद और एक अन्य किसान रामबोध ने बताया कि उनके धान की तौल की जा रही है। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि अन्नदाताओं को धान तौल के लिये क्रयकेन्द्रों पर इंतजार न करना पड़े इसके लिये समुचित व्यवस्थाएं की जाए। किसान व व्यापारियों की सुविधाओं के लिये मंडी परिसर में पर्याप्त हैंडपंप और शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। तथा सब्जियों के पत्ते व अवशेष सब्जी को गौशाला भेज दिया जाए, मंडी की नियमित साफ सफाई कराई जाए।

**सीएचसी हैदरगढ़ में देखी स्वास्थ्य सेवाएं**

प्रभारी मंत्री मा0 सुरेश राही ने हैदरगढ़ स्थित मंडी में धान क्रय केंद्र का निरीक्षण करने के उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ का निरीक्षण किया। मरीजों से उनका हालचाल लिया और चिकित्सकों से भी बातचीत की। अस्पताल में भर्ती मरीज सुंदारा, अदीबा, रामधन व आशाबहू मालती से उनका हालचाल पूछा। पर्चा काउंटर पर पर्चा बनाने वाले से सवाल जबाव किया। परामर्श केंद्र, टीकारण केंद्र देखा। डेंगू के बुखार के लिये आरक्षित वार्ड की व्यवस्थाओं को देखा। शौचालयों की स्थित पर मंत्री जी ने नाराजगी जताई और अधीक्षक को शौचालयों की मरम्मत कराने के साथ साथ उन्हें साफ सुथरा रखने के निदेश दिये। प्रेरणा कैंटीन को देखा और साफ सफ़ाई के निर्देश दिए।

**भटखेड़ा वार्ड में निर्माणाधीन पेयजल परियोजना का लिया जायजा**

प्रभारी मंत्री मा0 सुरेश राही ने हैदरगढ़ टाउन के भटखेड़ा वार्ड में निर्माणाधीन पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि यहाँ पर करीब 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है जिस पर प्रभारी मंत्री ने समय से अधूरा कार्य पूरा करने के साथ जलापूर्ति के निर्देश दिये।

**जियनपुरवा में बने मिनी स्टेडियम का किया निरीक्षण**

बाराबंकी जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री मा0 सुरेश राही ने विकास खंड सिद्धौर की ग्राम पंचायत जियनपुरवा में बने मिनी ग्रामीण स्टेडियम का निरीक्षण किया। बच्चों से बातचीत की। यहाँ पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए विभिन्न प्रकार के उत्पादों स्टॉल का निरीक्षण किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। मिनी स्टेडियम की प्रभारी मंत्री ने तारीफ भी की।

**जरगावां में लगाई चौपाल, सुनी समस्याएं**

विकास खंड सिद्धौर की ग्राम पंचायत जरगावां में प्रभारी मंत्री ने चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं सुनी। एक बुजुर्ग महिला सिद्धा ने काफ़ी दिनों पेंशन न मिलने की बात बताई जिस पर उन्होंने तुरंत पंचायत सचिव को उक्त प्रकरण देखने को कहा साथ ही यह भी निर्देश दिए कि एक कैम्प लगाकर सभी प्रकार की पेंशन आदि समस्याओं का समाधान करा लिया जाए जिससे जनता को इधर उधर भटकना न पड़े। इसके अलावा गांव का भ्रमण कर लोगों की समस्यायएं देखी और नियमित साफ़ सफाई के निर्देश दिए तथा भूमिहीनों को भूमि का पट्टा आवंटित करने और पात्रों को आवास मुहैया कराने के लिये निर्देश भी दिए।

**बेलांव गौवंश आश्रय स्थल का किया निरीक्षण**

राज्य मंत्री कारागार उत्तर प्रदेश / प्रभारी मंत्री जनपद बाराबंकी माननीय श्री सुरेश राही ने बुधवार को बाराबंकी जिले के भ्रमण कार्यक्रम के तहत विकास खंड सिद्धौर की ग्राम पंचायत पश्चिम बेलांव स्थित गौवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने गायों की आरती उतारी और उन्हें फल व गुड़ खिलाया। गौशाला का भ्रमण किया। गौशाला में तैनात चिकित्सक ने बताया कि कुल 121 गौवंश पशु यहाँ पर है जिसमें 69 नर और 52 मादा गौवंश पशु है। जिनके खाने पीने और उनकी चिकित्सा के समुचित इंतजाम किए गए है। प्रभारी मंत्री ने सभी व्यवस्थाओं को देखा और कहा कि हमें अपनी देशी गायों की नस्लों को बचाना है इसलिये गौशालाओं में पशुओं की अच्छे से देखभाल करनी होगी।

**कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय केसरगंज का किया निरीक्षण**

प्रभारी मंत्री बाराबंकी/ कारागार मंत्री उत्तर प्रदेश मा0 सुरेश राही ने अपने जनपद बाराबंकी भ्रमण के दौरान विकास खंड सिद्धौर स्थित कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय केसरगंज का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने रोली तिलक बैज लगाकर प्रभारी मंत्री मा0 सुरेश राही, विधायक हैदरगढ़ मा0 दिनेश रावत, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती राजरानी रावत, ब्लॉक प्रमुख सिद्धौर श्रीमती आरती रावत का स्वागत किया। प्रभारी मंत्री मा0 सुरेश राही ने छात्राओं से पठन पाठन के विषय में जानकारी ली। स्मार्ट क्लास को भी देखा, 7 वीं की छात्रा सपना से स्मार्ट टीवी को ऑन कराया व शैक्षिक सामग्री आदि सहित रहने खाने की व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी ली, साथ ही इसी कैम्पस में एक निर्माणाधीन भवन का भी निरीक्षण किया और परिसर में पौधरोपण भी किया।

इस अवसर पर माननीय जनप्रतिनिधिगण सहित मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा, सीएमओ डॉ अवधेश कुमार यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री संतोष कुमार देव पांडेय, एसडीएम हैदरगढ़ श्री शम्स तबरेज खान , एसडीएम श्री आनंद तिवारी , अध्यक्ष नगर पंचायत आलोक तिवारी , परियोजना निदेशक श्री मनीष कुमार, उपजिलाधिकारी सुश्री पूजा गुप्ता आदि सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# शाहीन अफरीदी फिर बने नंबर वन एकदिवसीय गेंदबाज

एजेंसी



नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के तेज गेदबाज शाहीन शाह अफरीदी फिर दुनिया के नंबर वन एकदिवसीय गेंदबाज बन गए हैं। बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी पुरुष एकदिवसीय गेंदबाज रैंकिंग में अफरीदी ने नंबर वन स्थान हासिल कर लिया है। हाल ही में पाकिस्तान की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के कारण अफरीदी ने 50 ओवर के क्रिकेट में शीर्ष गेंदबाज के रूप में अपना स्थान पुनः प्राप्त कर किया। उन्होंने तीन मैचों में 12.62 की औसत से आठ विकेट लिए थे। अफरीदी तीन पायदान ऊपर चढ़ गए हैं और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज (दो पायदान नीचे तीसरे स्थान पर) से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है, जबकि अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। अफरीदी ने इससे पहले पिछले साल भारत में हुए आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान नंबर 1 गेंदबाज की रैंकिंग हासिल की थी।

पाकिस्तानी टीम के हारिस राउफ 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि उनके हमवतन नसीम शाह ने भी अपने करियर की नई सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है और 14 स्थान के सुधार के साथ 55वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान टीम के पूर्व कप्तान बाबर आजम एकदिवसीय बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर कामय हैं। दूसरे स्थान पर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा हैं। पाकिस्तान टीम के नए कप्तान मोहम्मद रिजवान दो स्थान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर पहुंचे हैं। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (11 पायदान ऊपर 23वें स्थान पर) और अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई (दो पायदान ऊपर 31वें स्थान पर) भी एकदिवसीय बल्लेबाजों की सूची में आगे बढ़े हैं। अफगानिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद नबी एकदिवसीय ऑलराउंडरों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। हालांकि, मेहदी (चौथे स्थान पर) और उमरजई (दो पायदान ऊपर नौवें स्थान पर) ने इस सप्ताह कुछ प्रगति की है।

# हिमाचल की शानदार गेंदबाजी के आगे पुड्डुचेरी ने टेके घुटने, 85 रनों पर ऑलआउट

एजेंसी



धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन धर्मशाला स्टेडियम में बुधवार को शुरू हुए रणजी एलीट ग्रुप बी के मैच में हिमाचल ने पहली पारी में दो विकेट पर 147 रन बनाकर पुड्डुचेरी के खिलाफ 62 रनों की बढ़त बना ली है। पहले दिन का खेल खत्म होने तक अंकित कलसी 39 रनों पर नाबाद हैं जबकि अमित कुमार 10 रन बनाकर क्रीज पर हैं। इससे पूर्व हिमाचल के ओपनर शुभम अरोड़ा ने अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 58 रन बनाए। वहीं दूसरे ओपनर प्रशांत चोपड़ा ने 23 रनों का योगदान दिया। इससे पूर्व आज सुबह हिमाचल ने टॉस जीतकर पुड्डुचेरी को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया लेकिन हिमाचल की सटीक गेंदबाजी के चलते पहली पारी में पूरी टीम 85 रनों के छोटे स्कोर पर ही ऑलआउट हो गई। हिमाचल की ओर से गेंदबाज विनय ग्लेटिया और मुकुल नेगी ने तीन-तीन विकेट अपने नाम किये। वहीं कप्तान ऋषि धवन और वैभव अरोड़ा ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।

इससे पूर्व पुडुचेरी की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसके ओपनर अजय रोहना जीरो पर आउट हो गए। इसके अलावा ऑफलाइन गंगा श्रीधर राजू ने 15 रन बनाए जबकि अमन हकीम खान भी शून्य पर आउट हुए। पुडुचेरी की ओर से फाबिदअहमद ही एकमात्र ऐसे बल्लेबाज रहे जिन्होंने 25 नाबाद रन बनाए। इसके अलावा सौरव यादव और गौरव यादव दोनों ही शून्य पर आउट हुए जिन्हें हिमाचल के कप्तान ऋषि धवन ने अपना शिकार बनाया। टीम के अन्य बल्लेबाज भी कुछ खास नहीं कर पाए और दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाए। हिमाचल ने पुडुचेरी की पूरी टीम को 34 ओवर में महज 85 रनों पर ऑल आउट कर दिया।

# फीफा वित्तीय प्रशासन कार्यशाला में भाग लेना शानदार अनुभव रहा : अनिल कुमार

एजेंसी




नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव अनिल कुमार ने 6 और 7 नवंबर को श्रीलंका के कोलंबो में हुई फीफा वित्तीय प्रशासन कार्यशाला में भाग लेने को शानदार अनुभव बताया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन सदस्य संघों के वित्तीय प्रबंधन को बेहतर बनाने और मजबूत बनाने में काफी मददगार साबित होंगे।

एआईएफएफ की ओर से बुधवार को जारी बयान में अनिल कुमार ने कहा कि फीफा वित्तीय प्रशासन कार्यशाला में भाग लेना एक अमूल्य अनुभव रहा है। वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता, जवाबदेही और सर्वोत्तम प्रथाओं पर साझा की गई अंतर्दृष्टि हमारे प्रशासन ढांचे को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। वित्तीय प्रशासन मार्गदर्शिका की प्रस्तुति से शुरू हुई कार्यशाला में हितों के टकराव, योजना और बजट तथा खरीद प्रक्रिया जैसे विषयों पर चर्चा, समूह कार्य और केस सत्र शामिल थे, साथ ही पर्याप्त सहायक दस्तावेज रखने के महत्व पर भी चर्चा की गई। सत्रों में फीफा फॉरवर्ड कार्यक्रम के संदर्भ में जवाबदेही, पारदर्शिता और जिम्मेदार वित्तीय प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया गया। श्रीलंका में आयोजित कार्यशाला में भारत के अलावा बांग्लादेश, भूटान, ईरान, किर्गिज गणराज्य, मालदीव, नेपाल, श्रीलंका, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के सदस्य संघों के महासचिवों और वित्त निदेशकों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम नव स्थापित फीफा कैम्पस के बैनर तले आयोजित किया गया, जो सदस्य संघों के लिए फीफा क्षमता विकास और शिक्षा पहलों के लिए केंद्रीय फुटबॉल शिक्षण केंद्र के रूप में कार्य करता है।

# इण्टर हाउट स्पोर्ट्स इवेंट के चौथे दिन ड्रीम हाउस का रहा दबदबा

एजेंसी



लखीमपुर खीरी। सिटी माण्टेसरी इण्टर कॉलेज में हो रहे इण्टर हाउट स्पोर्ट्स इवेंट 'बिगुल 2.0' 'ए बैटल ऑफ टैलेन्ट' की श्रृंखला में आज चौथे दिन हायर जूनियर व सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों के मध्य ऑक्टोपस रेस, लम्बी कूद, स्लो साइकिल रेस, कबड्डी आदि प्रतियोगिताएं कराई गईं, जिसमें ड्रीम हाउस का दबदबा रहा।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम निदेशक नितीश खन्ना, खेल प्रशिक्षक रमेश चन्द्र गुप्ता, पंकज राजवंशी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के चौथे दिवस हिन्दी माध्यम में सरदार पटेल हाउस विनर रहा व अब्दुल कलाम हाउस रनर रहा। वहीं अंग्रेजी माध्यम में ड्रीम हाउस विनर व विजन हाउस रनर रहा। हिन्दी माध्यम के हायर जूनियर वर्ग में 'स्लो साइकिल रेस' में सरदार पटेल हाउस के कक्षा-9 के छात्र ऋषभ प्रथम व अब्दुल कलाम हाउस के कक्षा-6 के छात्र रंजन कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं सीनियर वर्ग में सरदार पटेल हाउस के कक्षा-12 के छात्र तरुण कश्यप रहे प्रथम व अब्दुल कलाम हाउस के कक्षा-10 के छात्र मो. अनस द्वितीय रहे। वहीं 'लम्बी कूद' में सरदार पटेल हाउस के कक्षा-10 के छात्र जाफ़ेद प्रथम व गुरुगोविन्द हाउस के कक्षा-12 के छात्र अंशुमान वर्मा द्वितीय रहे। इसी प्रकार अंग्रेजी माध्यम के हायर जूनियर वर्ग में 'स्लो साइकिल रेस' में विजन हाउस के कक्षा-9 के छात्र आदित्य बक्शी रहे प्रथम व वायब्रेन्ट हाउस के कक्षा-9 के छात्र अभिनव सोनी द्वितीय रहे जबकि सीनियर वर्ग में विजन हाउस के कक्षा-11 के छात्र कन्हैया प्रथम व डिवाइन हाउस के कक्षा-10 के छात्र आदित्य शर्मा द्वितीय रहे। वहीं 'लम्बी कूद' में वायब्रेन्ट हाउस के कक्षा-12 के छात्र सार्थक वर्मा ने प्रथम व ड्रीम हाउस के कक्षा-10 के छात्र अनमोल पाण्डेय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबन्धक विशाल सेठ, संचालिका लेखनी सेठ व प्रधानाचार्य धीरेन्द्र सिंह ने प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। इस दौरान विद्यालय के अंग्रेजी माध्यम सीनियर इंचार्ज एमबी मिश्रा, प्राइमरी इंचार्ज पारुल श्रीवास्तव, शिक्षक आरके सिंह, उपदेश तिवारी, उत्तम तिवारी, अभिषेक वर्मा, रवीन्द्र दीक्षित, मुबस्सिर आफताब, विकास सिंह, अश्वनी सक्सेना, अंकित निशाद, अश्वनी कुमार, अखिलेश वर्मा, अजय दीक्षित, रोशन लाल गौड़, रवि वर्मा, विद्याधर मिश्र सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### इंग्लैंड के खिलाफ शेष तीन टी20 मैचों से बाहर हुए रसेल, अल्जारी जोसेफ की वापसी

बारबाडोस। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर आंद्रे रसेल इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के बाकी बचे तीन मैचों से बाहर हो गए हैं। रसेल को बारबाडोस में श्रृंखला के शुरुआती मैच के दौरान टखने में चोट लग गई थी और वह दूसरे मैच से बाहर हो गए थे। यह मैच वेस्टइंडीज सात विकेट से हार गई थी और श्रृंखला में 2-0 से पीछे हो गई है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने रसेल के स्थान पर ऑलराउंडर शमर स्प्रिंगर को टीम में शामिल किया है। साथ ही तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ की भी तीन मैचों के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम में वापसी हुई है। दाएं हाथ के इस गेंदबाज को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान मैदान पर हुई घटना के कारण दो मैचों का निलंबन मिला था। क्रिकेट वेस्टइंडीज के अनुसार अल्जारी जोसेफ, दो मैचों का निलंबन पूरा करने के बाद शमर जोसेफ की जगह टीम में शामिल होंगे। टी20 श्रृंखला के बाकी मैच सेंट लूसिया में खेले जाएंगे। दोनों टीमों के बीच तीसरा मुकाबला गुरुवार को खेला जाएगा। वेस्टइंडीज टी20 टीम: रोवमैन पॉवेल (कप्तान), रोस्टन चेजज, मैथ्यू फोर्डे , शिमरोन हेटमायर, टेरेंस हिंड्स, शाई होप, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, शेरफ़ेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड, शमर स्प्रिंगर।

### अक्टूबर महीने में यात्री वाहनों की थोक बिक्री में मामूली वृद्धि: सियाम

नई दिल्ली। त्योहारी मांग की वजह से यात्री वाहनों की थोक बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर मामूली बढ़त के साथ 3,93,238 इकाई रही है। अक्टूबर 2023 में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3,89,714 इकाई रही थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि अक?टूबर महीने में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 14 फीसदी बढ़कर 21,64,276 इकाई पर पहुंच गई जबकि अक्टूबर 2023 में ये 18,95,799 इकाई रही थी। स्कूटर की बिक्री अक्टूबर में 22 फीसदी की वृद्धि के साथ 7,21,200 इकाई रही है। इस दौरान मोटरसाइकिल की थोक बिक्री 11 फीसदी की बढ़त के साथ 13,90,696 इकाई हो गई जबकि अक्टूबर 2023 में यह 12,52,835 इकाई रही थी। हालांकि, पिछले महीने अक्टूबर में मोपेड की बिक्री घटकर 52,380 इकाई रह गई जबकि एक वर्ष पूर्व इसी माह में यह 53,162 इकाई रही थी। तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री अक?टूबर महीने में मामूली गिरावट के साथ 76,770 इकाई रह गई जबकि अक्टूबर 2023 में यह 77,344 इकाई थी। उद्योग संगठन सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि त्योहारी सीजन अक्टूबर 2024 में दो प्रमुख त?योहारों दशहरा और दीपावली होने से उपभोक्ता मांग बढ़ी, जिससे मोटर वाहन उद्योग को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि यात्री वाहनों ने 0.9 फीसदी की वृद्धि के साथ अक्टूबर में 3.93 लाख इकाइयों की अपनी उच्चतम बिक्री दर्ज की। मेनन ने कहा कि दोपहिया वाहन खंड ने भी 2024 में अक्टूबर महीने की अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की है।

### स्टेट बैंक, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक घरेलू प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंकों की सूची में शामिल

मुंबई/नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने सार्वजनिक क्षेत्र के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को फिर से घरेलू प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंकों (डी-एसआईबी) की सूची में शामिल किया है। आरबीआई ने बुधवार को डी-एसआईबी 2024 की सूची जारी की है। इस सूची में शामिल होने के लिए ऋणदाताओं को उस 'बकेट' के अनुसार पूंजी संरक्षण भंडार के अतिरिक्त उच्च 'कॉमन इक्विटी टियर 1' (सीईटी 1) बनाए रखना जरूरी है, जिसके अंतर्गत इसे वर्गीकृत किया गया है। रिजर्व बैंक की जारी सूची के मुताबिक एसबीआई अब भी 'बकेट 4' में बना हुआ है, जिसके लिए देश के सबसे बड़े ऋणदाता बैंक को 0.80 फीसदी का अतिरिक्त सीईटी 1 रखना होगा। सूची के मुताबिक निजी क्षेत्र के सबसे बड़ा ऋणदाता एचडीएफसी बैंक को 'बकेट 2' में रखा गया है, जिसके तहत उसे 0.40 फीसदी अधिक सीईटी 1 बनाए रखना होगा। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक को 'बकेट 1' में वर्गीकृत किया गया है,।

# मैं टैकल और रेड दोनों ही प्रभावी ढंग से कर सकता हूं : शादलौई

एजेंसी



नोएडा। हरियाणा स्टीलर्स के स्टार ऑलराउंडर मोहम्मद रेजा शादलौई ने प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 में अपनी बहुमुखी प्रतिभा और प्रभुत्व का प्रदर्शन जारी रखते हुए सिर्फ 76 मैचों में 300 टैकल अंकों की उपलब्धि हासिल कर ली है। यू मुम्बा के खिलाफ पिछले मैच में उनके 10 अंकों में 4 रेड अंक भी शामिल थे, जिससे आक्रमण और रक्षा दोनों में उनकी अनुकूलन क्षमता साबित हुई और लीग के प्रमुख ऑलराउंडरों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई।

शादलौई ने अपने प्रदर्शन के बाद कहा कि हर कोई जानता है कि मैं रेडिंग में भी कुशल हूं, जो मुझे एक सच्चा ऑलराउंडर बनाता है। पीकेएल में कई लोग ऑलराउंडर होने का दावा करते हैं, लेकिन मैंने साबित कर दिया है कि मैं टैकल और रेड दोनों ही प्रभावी ढंग से कर सकता हूं। मैं टीम की जरूरतों के हिसाब से खुद को ढालता हूं, चाहे वह रेडिंग हो या टैकलिंग, और मैं उसी के अनुसार प्रदर्शन करता हूं। सीजन 10 में पुनेरी पल्टन के साथ पीकेएल खिताब जीतने के बाद वर्तमान में हरियाणा स्टीलर्स के लिए खेल रहे शादलौई अपनी प्रगति का श्रेय भारतीय कबड्डी पारिस्थितिकी तंत्र को देते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने सभी भारतीय खिलाड़ियों से सीखा है। सभी ने मेरे सुधार में योगदान दिया है और मैं प्रत्येक सीजन के साथ सीखना जारी रखता हूं।

# मामूली लिस्टिंग के बाद स्विगी के शेयरों ने दिखाई मजबूती, आईपीओ निवेशकों के

एजेंसी

नई दिल्ली। ऑनलाइन फूड डिलीवरी करने वाली कंपनी स्विगी के शेयर की शुरुआती चाल ने आईपीओ निवेशकों चेहरे खिला दिए हैं। आज स्टॉक मार्केट में कंपनी के शेयर करीब 7 प्रतिशत प्रीमियम के साथ लिस्ट हुए। आईपीओ के तहत 390 रुपये के भाव पर स्विगी के शेयर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 412 रुपये और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग 420 रुपये के भाव पर हुई। हालांकिए लिस्टिंग के तुरंत बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इसके शेयरों में गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण स्विगी के शेयर 391 रुपये के स्तर तक गिर गए, लेकिन इसके बाद खरीदारी शुरू होने से इसने तेज छलांग लगा दी। खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 449 रुपये के भाव तक पहुंच गए। लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच दोपहर 12 बजे स्विगी के शेयर 54 रुपये की मजबूती के साथ 444 रुपये के भाव पर ट्रेड कर रहे थे। स्विगी का 11,327.43 करोड़ रुपये का ये आईपीओ इस साल घरेलू शेयर बाजार में लॉन्च होने वाला दूसरा सबसे बड़ा आईपीओ है। इसके पहले अक्टूबर के महीने में हुंडई मोटर ने 27,870 करोड़ रुपये का आईपीओ लॉन्च करके घरेलू शेयर बाजार के इतिहास में सबसे बड़ा आईपीओ लॉन्च करने का रिकॉर्ड बनाया था। स्विगी का आईपीओ 6 से 8 नवंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हुआ था। आईपीओ के तहत 371 से 390 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया था, जबकि लॉट साइज 38 शेयर का था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला था। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के अलावा दूसरी कैटेगरी में इस आईपीओ को लेकर अधिक उत्साह नजर नहीं आया था। खासकर, नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में तो सिर्फ 0.41 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन ही आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन भी अंतिम दिन 1.14 गुना सब्सक्राइब हो सका था।

# जिंका लॉजिस्टिक्स का आईपीओ खुला, निवेशक 18 नवंबर तक लगा सकेंगे बोली

एजेंसी

नई दिल्ली। ट्रक मालिकों का डिजिटल प्लेटफॉर्म जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार को निवेशकों के लिए खुल गया। इस इश?यू के लिए निवेशक 18 नवंबर तक बोली लगा सकते हैं। कंपनी के शेयर बॉम्?बे स?टॉक एक?सचेंज (बीएसई) और नेशनल स?टॉक एक?सचेंज (एनएसई) पर 21 नवंबर को सूचीबद्ध होंगे। जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस लिमिटेड ने आईपीओ के लिए मूल?य का दायरा 259-273 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी के इस आईपीओ में निवेशक न्यूनतम 54 इक्विटी शेयर और उसके बाद 54 इक्विटी शेयरों के मल्टीपल में बोली लगा सकते हैं। जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस की योजना इस आईपीओ के जरिए 1,115 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी पात्र कर्मचारियों को 25 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का डिस्काउंट का ऑफर दे रही है। कंपनी का एक रुपये फ़ेस वैल्यू वाला यह आईपीओ 550 करोड़ रुपये के नए निर्गम और 2.06 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इस आईपीओ में मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर प्रवर्तकों और निवेशकों के ओएफएस का मूल्य 565 करोड़ रुपये बैठता है। जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस नए निर्गम से प्राप्त 200 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग बिक्री और विपणन पहल के लिए करेगी। इसके अलावा 140 करोड़ रुपये की राशि का इस्तेमाल ब्लैकबक फिनसर्व में निवेश के लिए किया जाएगा जबकि 75 करोड़ रुपये उत्पाद विकास से संबंधित व्यय के वित्तपोषण के लिए तथा एक हिस्सा सामान्य कंपनी अपने कामकाज में लगाएगी। उल्लेखनीय है कि जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस लिमिटेड कंपनी ट्रक ऑपरेटरों (यूजर्स की संख्या के हिसाब से) के लिए भारत का सबसे बड़ा डिजिटल प्लेटफॉर्म है।

# एनटीपीसी ग्रीन ने सेट किया आईपीओ का प्राइसबैंड, 102 से 108 के भाव पर लगेगी बोली

एजेंसी




नई दिल्ली। एनटीपीसी की सब्सिडियरी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी ने अपने 10,000 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 102 से 108 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। ये आईपीओ 19 नवंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। आईपीओ की क्लोजिंग 22 नवंबर को होगी। इश्यू के ओपन होने के पहले 18 नवंबर को एंकर बुक की ओपनिंग होगी, जिसके जरिए एंकर इन्वेस्टर्स आईपीओ में अपनी बोली लगाएंगे। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के शेयरों की 27 नवंबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टिंग होगी।

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 75 प्रतिशत पोर्शन रिजर्व किया गया है। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 15 प्रतिशत और रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए 10 प्रतिशत पोर्शन रिजर्व किया गया है। इसमें 200 करोड़ रुपये के शेयर एम्पलाइज के लिए रिजर्व किए गए हैं, जिन्हें प्रति शेयर 5 रुपये का डिस्काउंट दिया जाएगा। इस आईपीओ के तहत सिर्फ नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसमें ऑफर फॉर सेल नहीं होगा।

इस आईपीओ के जरिए जुटाए जाने वाले 10,000 करोड़ रुपये में से 7,500 करोड़ रुपये का इस्तेमाल एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी अपनी सहायक कंपनी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एनआरईएल) के कर्ज को चुकाने में करेगी, जबकि शेष बचे 2,500 करोड़ रुपये का इस्तेमाल सामान्य कॉर्पोरेट जरूरतों को पूरा करने में किया जाएगा। एनटीपीसी के पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडरी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी यूटिलिटी स्केल रिन्यूएबल पावर प्रोजेक्ट्स का पोर्टफोलियो तैयार करती है।

# केंद्र में मेरी और बिहार में नीतीश सरकार मिलकर बिहार के सपनों को पूरा कर रही हैं : मोदी

एजेंसी

दरभंगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि केंद्र में उनकी सरकार और बिहार में नीतीश कुमार की सरकार मिलकर इस प्रदेश के हर सपने को पूरा करने के लिए काम कर रही हैं।

उन्होंने यहां यह भी कहा कि नीतीश कुमार बिहार में सुशासन लाए और 'जंगलराज' को समाप्त किया। मोदी ने दरभंगा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की आधारशिला रखने के बाद कहा, ''दिल्ली में केंद्र में मेरी सरकार और यहां बिहार में नीतीश जी की सरकार मिलकर बिहार के हर सपने को पूरा करने के लिए काम कर रही हैं। हमारी विकास और जन कल्याण योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ बिहार के लोगों को मिले, यही हमारा प्रयास है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर



पर राज्य में 12,100 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में मोदी ने कहा, ''नीतीश बाबू के नेतृत्व में बिहार में सुशासन का जो मॉडल विकसित करके दिखाया गया है, वह अद्भुत है। बिहार को 'जंगलराज' से मुक्ति दिलाने में उनकी भूमिका की जितनी सराहना की जाए, वह कम है।''

मोदी ने आरोप लगाया कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पहले की सरकारों को कभी स्वास्थ्य ढांचे की फिक्र नहीं हुई और उन्होंने जनता से झूठे वादे किए थे, लेकिन नीतीश कुमार के सत्ता में आने के बाद राज्य के हालात में सुधार हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की 'डबल इंजन' की सरकार बिहार में विकास को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बिहार का तेज विकास, यहां बेहतर आधारभूत संरचना और यहां के छोटे किसानों एवं छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देने से ही संभव होने वाला है और राजग सरकार इसी 'रोडमैप' पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में बाढ़ रोकने के लिए राजग सरकार 11,000 करोड़ रुपये की परियोजना चला रही है। मोदी ने कहा कि आज बिहार की पहचान यहां होने वाले अवसंरचना निर्माण, हवाईअड्डों और एक्सप्रेसवे से मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा, ''हमारी सरकार देश की सेवा और लोगों के कल्याण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है। सेवा की इसी भावना से यहां एक ही कार्यक्रम में विकास से जुड़ी 12,000 करोड़ रूपये की अलग-अलग परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया। इनमें सड़क, रेल और गैस अवसंरचना से जुड़ी अनेक परियोजनाएं हैं।

मोदी ने कहा कि दरभंगा में एम्स का सपना साकार होने की तरफ एक बड़ा कदम उठाया गया है जिसके निर्माण से बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा कि इससे मिथिला, कोसी और तिरहुत क्षेत्र के अलावा पश्चिम बंगाल और आसपास के कई क्षेत्रों के मरीजों के लिए सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि नेपाल से आने वाले मरीज भी एम्स, दरभंगा में इलाज करा सकेंगे। मोदी ने कहा, ''एम्स से यहां रोजगार के अनेक नए अवसर बनेंगे। मैं दरभंगा को, मिथिला क्षेत्र को और पूरे बिहार को इन विकास कार्यों के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

# विवाह की आयु के मुद्दे पर अगले सप्ताह अधिकारियों का पक्ष सुनेगी संसदीय समिति

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद की एक स्थायी समिति पुरुषों और महिलाओं के लिए विवाह की उम्र की एकरूपता के मुद्दे पर अगले सप्ताह विचार करेगी। इस संबंध में लाया जा चुका एक विधेयक 17वीं लोकसभा भंग होने के साथ निष्प्रभावी हो चुका है। महिला और बाल विकास मंत्रालय में सचिव और 'नेशनल कोलिशन एडवोकेटिंग फॉर एडोलसेंट कंसर्न्स' (एनसीएएसी) तथा 'यंग वॉइसेस कैंपेन' के प्रतिनिधि 22 नवंबर को संसदीय समिति की बैठक में उसके समक्ष प्रस्तुत होंगे। बैठक में विवाह की आयु में प्रस्तावित बदलावों और महिलाओं संबंधी अन्य विधेयक पर चर्चा होगी। बैठक के एजेंडे के अनुसार कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली शिक्षा, महिला, बच्चे, युवा और खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति विभिन्न वैधानिक और स्वायत्त संस्थाओं के कामकाज पर महिला और बाल विकास मंत्रालय के सचिव का पक्ष सुनेगी। इन संस्थाओं में राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) और राष्ट्रीय सार्वजनिक निगम एवं बाल विकास संस्थान शामिल हैं। बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 को दिसंबर 2021 में लोकसभा में पेश किया गया था और इसे स्थायी समिति को भेजा गया। समिति के इस पर विचार करने के लिए उसका कार्यकाल कई बार बढ़ाया गया। अंततः 17वीं लोकसभा के भंग होने के साथ विधेयक निष्प्रभावी हो गया। विधेयक निष्प्रभावी होने के बाद भी मुद्दों पर विचार करने के बारे में पूछे जाने पर समिति के एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा, ''इस मुद्दे को लेने पर कोई रोक नहीं है। बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 का उद्देश्य बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 में संशोधन करके लड़कियों की शादी की न्यूनतम आयु को बढ़ाकर 21 वर्ष करना है।

# भारत-सऊदी साझेदारी प्रगति पर आधारित और भविष्य पर केंद्रित है : जयशंकर

एजेंसी

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर बुधवार को सऊदी अरब के अपने समकक्ष प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ दूसरी भारत-सऊदी अरब सामरिक साझेदारी परिषद की राजनीतिक, सुरक्षा, सामाजिक और सांस्कृतिक समिति की बैठक की सह अध्यक्षता की। विदेश मंत्री ने कहा कि हमारी साझेदारी प्रगति पर आधारित और भविष्य पर केंद्रित है।

विदेश मंत्री ने अपने शुरुआती संबोधन में कहा कि सऊदी अरब का विजन 2030 और विकसित भारत 2047 हमारे उद्योगों के लिए नई साझेदारियां बनाने के लिए पूरक हैं। उन्होंने भारतीय समुदाय की 26 लाख आबादी के कल्याण और उनकी सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सऊदी अरब का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि



हमारा सुरक्षा सहयोग भी लगातार बढ़ा है। हम आतंकवाद, उग्रवाद, आतंकवाद के वित्तपोषण और मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने में सहयोग कर रहे हैं। विदेश मंत्री ने एक्स पर कहा कि बैठक में रक्षा भागीदारी, सुरक्षा सहयोग, व्यापार और निवेश, संस्कृति, पर्यटन और युवा आदान-प्रदान तथा हमारे लोगों के बीच आपसी संपर्क सहित हमारे बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय, विशेष रूप से पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर संयुक्त प्रयासों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

# एनडीए का मतलब विकास और महाविकास आघाड़ी का मतलब विनाश : अमित शाह

एजेंसी

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को धुले की एक चुनावी सभा में कहा कि एनडीए गठबंधन का मतलब विकास और महाविकास आघाड़ी का मतलब विनाश है। इसलिए महाराष्ट्र की जनता ने राज्य के विकास के लिए एनडीए की सरकार बनाने का मन बना लिया है। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 70 साल तक राम मंदिर नहीं बनने दिया था।

अमित शाह ने धुले में एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित प्रचार सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 70 साल तक राम मंदिर बनने नहीं दिया लेकिन प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने राम मंदिर का सपना साकार किया। साढ़े पांच सौ साल बाद



भगवान राम अपने घर में गए। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शरद पवार, सुप्रिया सुले, राहुल गांधी, उद्धव ठाकरे में से कोई नहीं आया, क्योंकि उन्हें एक निश्चित वोट बैंक खोने का डर था लेकिन हमें इसका डर नहीं है। विधानसभा चुनाव में एक तरफ औरंगजेब फैंस क्लब है तो दूसरी ओर छत्रपति शिवाजी महाराज के हम लोग हैं। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ओबीसी का विरोध करने वाली पार्टी है। महाविकास आघाड़ी ने लाडली बहन योजना का विरोध किया। वे नहीं चाहते कि हमारी बहनों को 1500 रुपये मिले लेकिन अगर हमारी सरकार आई तो यह रकम बढ़ा दी जाएगी। अमित शाह ने कहा कि महाविकास अघाड़ी के लोग यहां लोगों को बांटने का काम कर रहे हैं और दंगे करवा रहे हैं, जो महाराष्ट्र ही नहीं देशहित में बिल्कुल नहीं है। साथ ही अमित शाह ने शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजी नगर करने का विरोध किया, राम मंदिर निर्माण का विरोध किया, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया, हिंदुओं को आतंकवादी कहकर सर्जिकल स्ट्राइक का विरोध किया, वे उनके साथ बैठे हैं।

# गोवा में व्यापम जैसे घोटाले, भाजपा से जुड़े हैं तार : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि गोवा में पिछले 10 वर्ष के दौरान सरकारी नौकरियों में भर्ती को लेकर व्यापम की तरह कई बड़े घोटाले हुए हैं और इन सब घोटालों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के तार जुड़े हुए हैं।

गोवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गिरीश चडोनकर और कांग्रेस सचिव आलोक शर्मा आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गोवा में नौकरियों के नाम पर पिछले 10 साल से युवाओं के साथ धोखा हो रहा है और अब गोवा में नौकरियों का घोटाला सामने आया है। उन्होंने कहा,''मोदी जी ने कहा था-न खाऊंगा, न खाने दूंगा। लेकिन आज हालात ये हैं कि जब भी किसी परीक्षा में धांधली होती है, चाहे मध्य प्रदेश का व्यापम घोटाला



हो,उत्तराखंड के विधानसभा का घोटाला हो, गुजरात में 22 पेपरलीक की घटनाएं हो,हरियाणा में नौकरियों का घोटाला हो या यूपीएससी या नीट का घोटाला हो इन सभी में एक बात समान है कि सबके तार कहीं न कहीं भाजपा से जुड़े मिलते हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा, ''हमारा आरोप है कि 2019 के बाद जो भी भर्तियां हुई हैं, उनमें प्रोसेस स्कैम हुआ है, जिसमें सही प्रक्रिया नहीं अपनाई गई। गोवा का ये घोटाला बिल्कुल मध्य प्रदेश के व्यापम तरह है। इस इस घोटाले में जो भी लोग गिरफ्तार हुए हैं, उन सभी की तस्वीरें भाजपा के नेताओं के साथ हैं। इस मामले की जांच गोवा पुलिस कर रही है, जो गृह मंत्री के अधीन है और गृह मंत्रालय यहां के मुख्यमंत्री के पास है। उन्होंने कहा, ''गोवा में व्यापम पार्ट-2 चल रहा है जिसमें भाजपा लीपापोती करने में लगी है। गोवा में 'कैश फॉर जॉब' के नाम पर सैकड़ों करोड़ रूपये का घोटाला हुआ है। मामले में अब तक करीब 20 प्राथमिकी दर्ज हुई हैं और लगभग 19 लोग गिरफ्तार हुए हैं। वर्ष 2019 में गोवा पब्लिक सर्विस कमीशन का एक एक्ट आता है जिसमें दो बार संशोधन किया जाता है, ताकि एक्ट लागू ही न हो। इस एक्ट में संशोधन ऐसे किए गए कि ये एक्ट 2022 से पहले जितने भी विज्ञापन आए या प्रक्रियाओं में लागू नहीं होगा। नीट घोटाले के मामले में भी यही हुआ। मामला सामने आया तो गोवा कांग्रेस ने मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जिसमें करोड़ों की लेनदेन के कई ऑडियो सामने आए, कई लोग गिरफ्तार हुए हैं। ये गोवा का 'व्यापम घोटाला' है।''

# बटेंगे तो कटेंगे का नारा देकर जनता को किया जा रहा गुमराह : खरगे

एजेंसी

मुंबई। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाराष्ट्र के लातूर जिले में बुधवार को चुनाव जनसभा में कहा कि पार्टी के तीन नेताओं ने देश की एकता और अखंडता के लिए बलिदान दिया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला बोलते हुए कहा कि देश एक है और अक्षुण्ण है फिर भी बटेंगे तो कटेंगे का नारा देकर देश की जनता को गुमराह किया जा रहा है।

खरगे ने महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित जनसभा में भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि इन लोगों का देश की लड़ाई में दूर-दूर तक कोई योगदान नहीं है। इन लोगों



ने भारतीय संविधान का सम्मान कभी नहीं किया। इन लोगों ने अब देश में झूठ परोसना शुरू कर दिया है और बटेंगे तो कटेंगे का नारा देना शुरू कर दिया है। खरगे ने डॉ. अंबेडकर का अपमान करने पर उन्हें सबक सिखाने की अपील की है।

खरगे ने कहा कि महाराष्ट्र में सरकार ने झूठे वादे कर लोगों को धोखा दिया है। महाराष्ट्र में सोयाबीन और कपास को सही कीमत नहीं मिल रही है। केंद्र सरकार कृषि वस्तुओं पर जीएसटी लगाकर किसानों को लूट रही है लेकिन सोयाबीन कपास का एमएसपी नहीं बढ़ाई जा रही है। राज्य सरकार ने कहा था कि सोयाबीन पर 6000 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी देंगे, लेकिन नहीं दिया। वर्तमान सरकार कभी भी अपने वादे पूरे नहीं करती। खरगे ने झूठी और धोखेबाज सरकार को सत्ता से हटा कर लोगों के हित में महाविकास अघाड़ी की स्थापना करने की अपील की है।

## पेज एक का शेष

### उच्चतम न्यायालय...

तो आसमान नहीं टूट पड़ेगा। पीठ ने निर्देश दिया कि संपत्ति के मालिक को पंजीकृत डाक से नोटिस भेजा जाए और इसके अतिरिक्त, नोटिस को संपत्ति की बाहरी दीवार पर भी चिपकाया जाए। पीठ ने कहा, ''नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 15 दिन की समयसीमा प्रारंभ होगी, जिसका जिक्र ऊपर किया गया है। पीठ ने निर्देश दिया कि जैसे ही कारण बताओ नोटिस की विधिवत तामील हो जाए, इसकी सूचना संबंधित कलेक्टर या जिलाधिकारी के कार्यालय को डिजिटल रूप से ई-मेल द्वारा भेज दी जाए। इसमें कहा गया है, ''कलेक्टर/जिलाधिकारी एक नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे और एक ई-मेल पता भी प्रदान करेंगे तथा भवन नियमन और ध्वस्तीकरण के प्रभारी सभी नगर निकाय और अन्य प्राधिकारियों को इसकी सूचना देंगे। नोटिस में अनधिकृत निर्माण की प्रकृति, विशिष्ट उल्लंघन और ध्वस्तीकरण के आधार के बारे में विस्तृत जानकारी दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति गवई ने अपने फैसले की शुरुआत प्रसिद्ध कवि प्रदीप की इन पंक्तियों से की, ''अपना घर हो, अपना आंगन हो, इस ख्वाब में हर कोई जीता है, इंसान के दिल की ये चाहत है कि एक घर का सपना कभी ना छूटे। उच्चतम न्यायालय ने देश में संपत्तियों को ढहाने के लिए दिशानिर्देश तय करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर यह व्यवस्था दी। न्यायालय ने इस मामले में एक अक्टूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। कई याचिकाओं में आरोप लगाया गया था कि विभिन्न राज्यों में आरोपियों सहित अन्य की संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा।

### कोचिंग संस्थानों के...

विज्ञापन की रोकथाम' शीर्षक वाले दिशानिर्देशों में 'कोचिंग' को अकादमिक सहायता, शिक्षा, मार्गदर्शन, अध्ययन कार्यक्रम और ट्यूशन को शामिल करने के लिए परिभाषित किया गया है लेकिन परामर्श, खेल और रचनात्मक गतिविधियों को बाहर रखा गया है। कोचिंग संस्थान सफल अभ्यर्थियों की लिखित सहमति के बिना उनके नाम और तस्वीर या संस्थान की प्रशंसा में उनकी टिप्पणियों का उपयोग नहीं कर सकते। उन्हें अस्वीकरण को प्रमुखता से प्रदर्शित करना चाहिए और पाठ्यक्रमों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी का खुलासा करना चाहिए। खरे ने कहा, ''सिविल सेवा परीक्षा के कई अभ्यर्थी प्रारंभिक और मुख्य परीक्षाएं खुद अध्ययन करके ही उत्तीर्ण कर लेते हैं और कोचिंग संस्थानों से केवल साक्षात्कार के लिए मार्गदर्शन लेते हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों को यह सलाह दी कि वे इस बात की जांच कर लें कि सफल अभ्यर्थियों ने असल में किस पाठ्यक्रम में दाखिला लिया था। सीसीपीए प्रमुख खरे ने कहा कि कोचिंग संस्थानों को यह बताना चाहिए कि पेश किए जाने वाले पाठ्यक्रम विधिवत मान्यता प्राप्त हैं। ये प्रावधान मौजूदा कानूनों के अतिरिक्त हैं। खरे ने कहा कि उल्लंघन करने पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत जुर्माना लगाया जाएगा।

### सीआईएसएफ की महिला ...

में 1,000 से अधिक कर्मियों वाली पहली पूर्ण महिला बटालियन को सोमवार को मंजूरी दी थी। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राष्ट्र निर्माण के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के मोदी जी के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम उठाते हुए मोदी सरकार ने सीआईएसएफ की पहली पूर्ण महिला बटालियन के गठन को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा, ''एक विशिष्ट सैन्य टुकड़ी के रूप में गठित की जाने वाली महिला बटालियन देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों, जैसे हवाई अड्डों और मेट्रो रेल की सुरक्षा करने तथा कमांडो के रूप में वीआईपी को सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी संभालेगी। गृह मंत्री ने कहा कि यह निर्णय निश्चित रूप से देश की रक्षा के महत्वपूर्ण कार्य में अधिक महिलाओं की भागीदारी की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। सीआईएसएफ में सात प्रतिशत से अधिक महिला कर्मी हैं जिनकी वर्तमान संख्या लगभग 1.80 लाख है।

### झारखंड के 43 विस...

मुख्यमंत्री हेमंत तीन सोरेन उनकी पत्नी कल्पना सोरेन रांची में,रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अपनी पत्नी साक्षी के साथ रांची में और राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार रांची में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

झारखंड में पहले चरण में कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया (अजा), चतरा (अजा), बहरागोड़ा, घाटशिला (अजजा), पोटका (अजजा), जुगसलाई (अजा), जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला (अजजा), चाईबासा (अजजा), मझगांव (अजजा), जगन्नाथपुर (अजजा), मनोहरपुर (अजजा), चक्रधरपुर (अजजा), खरसांवा (अजजा), तमाड़ (अजजा), तोरपा (अजजा), खूंटी (अजजा), रांची, हटिया, कांके (अजा), मांडर (अजजा), सिसई (अजजा), गुमला (अजजा), विशुनपुर (अजजा), सिमडेगा (अजजा), कोलेबिरा (अजजा), लोहरदगा (अजजा), मनिका (अजजा), लातेहार (अजा), पांकी, डालटेनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर (अजा), हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्रों में आज मतदान संपन्न हुआ। प्रथम चरण के मतदान में आज जिन प्रमुख नेताओं का भाग्य ईवीएम में बंद हुआ उनमें पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा, उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा साहू, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी, पूर्व मंत्री सरयू राय, पूर्व मंत्री सीपी सिंह, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी,वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री मिथिलेश ठाकुर और अजय नाथ शाहदेव शामिल है।

### खुदरा महंगाई ...

बीएसई के सभी 21 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इस दौरान रियल्टी 3.23, कमोडिटीज 2.45, सीडी 2.04, ऊर्जा 1.79, एफएमसीजी 0.66, वित्तीय सेवाएं 2.16, हेल्थकेयर 1.78, इंडस्ट्रियल्स 2.95, आईटी 0.75, दूरसंचार 1.28, यूटिलिटीज 1.86, ऑटो 2.26, बैंकिंग 1.94, कैपिटल गुड्स 2.72, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.87, धातु 2.54, तेल एवं गैस 1.78, पावर 2.29, टेक 0.55, सर्विसेज़ 2.54 और फोकस्ड आईटी के शेयर 0.50 प्रतिशत टूट गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.19, जर्मनी का डैक्स 0.29 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.51 प्रतिशत उछल गया जबकि जापान का निक्केई 1.66 और हांगकांग के हैंगसेंग में 0.12 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 180 अंक की गिरावट लेकर 78,495.53 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 78,690.02 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 77,533.30 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 78,675.18 अंक की तुलना में 1.25 प्रतिशत लुढ़ककर 77,690.95 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 61 अंक गिरकर 23,822.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,873.60 अंक के उच्चतम जबकि 23,509.60 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 23,883.45 अंक की तुलना में 1.36 प्रतिशत टूटकर 23,559.05 अंक रह गया। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में टाटा स्टील 3.40, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.23, अडानी पोर्ट्स 2.82, एसबीआई 2.18, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.17, एचडीएफसी बैंक 2.16, इंडसइंड बैंक 1.89, कोटक बैंक 1.87, रिलायंस 1.64, एक्सिस बैंक 1.50, आईसीआईसीआई बैंक 1.31, एलटी 1.27, पावरग्रिड 1.18, टीसीएस 1.12, मारुति 0.68, टेक महिंद्रा 0.67, एचसीएल टेक 0.23, भारती एयरटेल 0.18, आईटीसी 0.12 और हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.02 प्रतिशत शामिल रही।वहीं, एनटीपीसी 0.21, टाटा मोटर्स 0.18 और इंफ़ोसिस के शेयर 0.02 प्रतिशत चढ़ गए।

### हरियाणा में कोटे...

में ग्रुप-ए, बी और सी में अन्य अनुसूचित जातियों को ज्यादा लाभ मिला है और ग्रुप-डी की सेवाओं में वंचित अनुसूचित जातियों को अधिक लाभ मिला है। इस असमानता को खत्म करने, सभी को समान अवसर सुनिश्चित करने और सार्वजनिक रोजगार में पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए उप-वर्गीकरण किया गया है।

### रोटी-बेटी-माटी को ...

लूटा, कोयला लूटा। उन्होंने पेपर लीक पर हेमंत सरकार को घेरते हुए कहा कि इन लोगों ने आपके बच्चों का पेपर लूटा है सरकारी नौकरी लूट कर अपने चहेतों को दे दी।

# बयानबाजी से कुछ नहीं होने वाला, भाजपा ही जीतेगी केदारनाथ सीटः मनवीर सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। उत्तराखंड में केदारनाथ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव पर हर किसी की नजर है। इस सीट के लिए भाजपा और कंग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है। ऐसे में दोनों पार्टियां एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए हैं। केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव को लेकर हरीश रावत के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है।

उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि खाता ना बही, जो हरीश रावत कहे वही सही, कहने वाले हरीश रावत यह भूल चुके हैं कि आज कंग्रेस के पास न तो संगठन है न कोई नेता है और न ही उनके पास आज कोई कार्यकर्ता है। ऐसे में वह भाजपा को दो गुटों में बंटने वाली पार्टी बता रहे हैं, जो विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, ?जिससे जुड़े कार्यकर्ता पार्टी को अपने परिवार की तरह समझते हैं। वह पार्टी कभी दो धड़ों में नहीं बंट सकती। हां यह जरूर है कि कंग्रेस में अब कई धड़ हो चुके हैं और हरीश रावत को लग चुका है कि वह केदारनाथ विधानसभा का चुनाव हार रहे हैं, इसलिए अब इस तरीके की बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन इन बयानबाजी से अब कुछ होने वाला नहीं है। भाजपा केदारनाथ में भारी बहुमत के साथ विजयी होगी।

उल्लेखनीय है कि केदारनाथ विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव में 20 नवंबर को मतदान होना है। चुनाव परिणाम 23 नवंबर को घोषित होंगे।अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे के अनुसार केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र में कुल 90,540 मतदाता हैं। इसमें 44,765 पुरुष और 45775 महिला मतदाता शामिल हैं। उपचुनाव के लिए पूरे इलाके में 173 मतदान बूथ बनाए गए हैं।

# भव्य एवं दिव्य महाकुम्भ-2025 के आयोजन के लिए किया विचार विमर्श

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। महाकुम्भ-2025 के अवसर पर उन्नत एवं सुदृढ़ संचार व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के किये 11 नवम्बर को पुलिस रेडियो मुख्यालय लखनऊ पर निदेशक, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, इलाहाबाद (आईआईआईटी इलाहाबाद) के साथ गहन विचार-विमर्श किया। उक्त के परिप्रेक्ष्य में उ0प्र0 पुलिस रेडियो विभाग एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, इलाहाबाद ( आईआईआईटी इलाहाबाद ) के मध्य मेमोरेण्डम ऑफ अण्डरस्टैंडिंग (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया। इस दौरान डॉ0 संजय तरडे पुलिस महानिदेशक दूरसंचार, डॉ0 मुकुल सतावने, निदेशक आईआईआईटी इलाहाबाद, सुनील कुमार सिंह, महानिरीक्षक / निदेशक, पुलिस दूरसंचार एवं राघवेन्द्र द्विवेदी, उपमहानिरीक्षक, (पुलिस दूरसंचार) तकनीकी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



समझौता ज्ञापन का उद्देश्य भव्य एवं दिव्य महाकुम्भ-2025 के आयोजन हेतु संचार ग्रीन कारीडोर, आईआईआईटी द्वारा वीएचएफ संचार इंस्टालेशन का वेलिडेशन, नई तकनीकी उपकरणों से वीएचएफ संचार नेटवर्क का सर्वे कर ब्लैकस्पॉट को चिन्हित करते हुए वहाँ सुदृढ़ संचार की व्यवस्था कराया जाना, आईआईआईटी इलाहाबाद द्वारा एडवांस कम्यूनिकेशन टेक्नालॉजी की सहायता से निर्बाध संचार प्रदान किये जाने में सहायता प्रदान किया जाना, संचार उपकरणों के विश्वसनीयता (सत्यता) सुरक्षा एवं अनुमापकता पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाना है। उक्त के अतिरिक्त ज्ञान हस्तांतरण भी किया जायेगा। उक्त हेतु आवश्यकतानुसार आईआईआईटी इलाहाबाद द्वारा सोफ्ट स्कील एवं तकनीकी शोधित समाधान के बारे में प्रशिक्षण कार्यक्रम भी सम्पादित कराये जायेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## बीस नवंबर को बंद होंगे श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट

रुद्रप्रयाग। श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट 20 नवंबर को शीतकाल हेतु बंद कर दिए जाएंगे। पूर्व परंपरा के अनुसार भगवान मद्महेश्वर की उत्सव डोली ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में विराजमान होगी। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने यह जानकारी दी।

मुख्य कार्याधिकारी ने बताया कि इस शीतकाल के लिए श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट 20 नवंबर को प्रातः पूर्व परंपरा के अनुसार बंद कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मद्महेश्वर की उत्सव डोली 20 नवंबर को मद्महेश्वर मंदिर से प्रस्थान कर रात्रि विश्राम के लिए गौंडार पहुंचेगी। अगले दिन 21 नवंबर को ग्राम गौंडार से प्रातः प्रस्थान कर रात्रि विश्राम के लिए रांसी गांव और 22 नवंबर को रांसी से प्रस्थान कर रात्रि विश्राम के लिए गिरीया गांव पहुंचेगी।

उन्होंने बताया कि 23 नवंबर को गिरीया गांव से प्रस्थान कर अपराह्न 02 बजे पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में प्रवेश करेगी। इस अवसर पर समस्त श्रद्धालुओं की ओर से मद्महेश्वर भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया जाता है।

## केदारनाथ उपनिर्वाचन : लापरवाही बरतने पर दो अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश

रुद्रप्रयाग।केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान को लेकर प्रशासन गंभीर है। उप निर्वाचन में लापरवाही बरतने पर दो अधिकारियों को नोटिस जारी कर उनका वेतन रोक दिया गया है।

अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम सिंह राणा ने बुधवार को बताया कि एफएसटी टीम प्रभारी के रूप में लोक निर्माण के अवर अभियंता को गुप्तकाशी से कालीमठ के साथ ही गौरीकुंड मोटर के दोनों ओर का क्षेत्र आवंटित किया गया है। मुख्यालय में स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम में निरीक्षण के दौरान जीपीएस लोकेशन ट्रैक करने पर अवर अभियंता को आवंटित वाहन की लोकेशन मेखंडा में पार्क होनी पाई गई। इसके बाद संबंधित अधिकारी से फोन पर पता चला कि वह निर्धारित ड्यूटी समय से पूर्व ही अपने आवास पर चले गए हैं।

इसी तरह एक अन्य एफएसटी प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ऊखीमठ को कुंड से ऊखीमठ चोपता, मनसूना परकंडी मोटर मार्ग के दोनों ओर का क्षेत्र आवंटित किया गया है। जीपीएस लोकेशन ट्रैक करने पर उक्त अधिकारी को आवंटित वाहन चुन्नी बैंड पर पार्क होनी पाई गई।फोन पर वार्ता करने पर पता चला कि उक्त टीम प्रभारी निर्धारित ड्यूटी समय से पूर्व ही अपने आवास पर चले गए।

उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देश पर दोनों अधिकारियों की लापरवाही पर नोटिस जारी किया गया है और अग्रिम आदेशों तक दोनों का वेतन रोकने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पोगठा के चौरा गदेरे में मिला युवक का शव

गोपेश्वर। चमोली जिले के पोखरी विकास खंड के पोगठा गांव निवासी 22 वर्षीय उत्तम कुमार का शव संदिग्ध अवस्था में गांव के ही चौरा गदेरे में मिलने पर सनसनी फैल गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुक़दमा दर्ज किया।

बुधवार को पोगठा निवासी 22 वर्षीय उत्तम कुमार पुत्र जसपाल लाल का शव गांव के पास चौरा गदेरे में मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने मृतक के पिता जसपाल लाल की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

थानाध्यक्ष विनोद चौरसिया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मृतक उत्तम कुमार के पिता जसपाल लाल ने बताया कि उनका बेटा उत्तम कुमार विगत 11 नवम्बर की शाम को छह बजे शाम को अपने चाचा राकेश लाल के घर गया था। जब वह रात को घर नहीं लौटा तो वह उसे ढूंढने निकले तो बुधवार को गांव के पास ही चौरी गदेरे पर उत्तम कुमार का शव मिला। उसका चेहरा खून से लतपत था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने पोगठा गांव पहुंच कर शव का पंचनामा भराकर पोस्टमार्टम के लिए कर्णप्रयाग भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक उत्तम कुमार के पिता जसपाल लाल की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ पुरस्कार वितरण के साथ हुआ संपन्न

गोपेश्वर। चमोली जिले के पोखरी मिनी स्टेडियम में युवा कल्याण विभाग के सहयोग से तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ का बुधवार को समापन हो गया है। खेल महाकुंभ के अन्तिम दिवस पर अंडर 20 के बालक, बालिकाओं की खेल प्रतियोगिताओं की गई। अन्तिम दिवस पर अंडर 20 के बालक वर्ग और बालिका वर्ग की दौड़, गोला फेंक, चक्का फेंक सहित प्रतियोगिता की गई, जिसमें 100 मीटर बालक वर्ग दौड़ में सायल प्रथम, अतुल द्वितीय, शुभम रौतियाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की पांच हजार मीटर दौड़ में दिव्यांशु प्रथम, आयुष द्वितीय और बालिका वर्ग में शिवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ब्लॉक समन्वयक और युवा कल्याण अधिकारी ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। युवा कल्याण अधिकारी संदीप पन्त ने तीन दिनों तक चलने वाले खेल महाकुंभ में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित तमाम खेल प्रतियोगिताओं का सहयोग के लिए आभार जताया। इस अवसर पर युवा कल्याण अधिकारी संदीप पन्त, खेल समन्वय अनुप सिंह रावत, विजय सिंह, रमेश चौधरी, विनोद सजवाण, अंजन नेगी, सतीश कुमार, प्रमोद असवाल, विक्रम कठैत, मनबरसिंह, ताजबरसिंह राणा आदि मौजूद थे।

## धूमधाम से मना श्री मां कात्यानी मंदिर का वार्षिक महोत्सव

ऋषिकेश। शीशम झाड़ी स्थित श्री मां कात्यानी मंदिर ज्ञान करतारआश्रम द्वारा मंदिर का 11 वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान श्री मां कात्यानी का कुंभाभिषेक व मां कीआरती भी विधि विधान से की गई। श्री मां कात्यानी मंदिर के संस्थापक गुरविंदर सलूजा की अध्यक्षता में आयोजित वार्षिक महोत्सव के दौरान रामायण पाठ भजन कीर्तन के साथ श्रद्धापूर्वक श्री मां कात्यानी का कुम्भाभिषेक भी किया गया, इससे पूर्व श्री स्वामीनारायण घाट से मंदिर तक बैंड बाजों के साथ महिलाओं द्वारा कलश यात्रा भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर नमिता सलूजा, रविंद्र सलूजा, राजीव कपूर, सुनील सलूजा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# कैबिनेट मंत्री गणेश ने आशा नौटियाल के पक्ष में मांगे वोट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गुप्तकाशी। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने केदारनाथ विधानसभा के उप चुनाव प्रचार के निमित्त केदारनाथ विधानसभा के अंतर्गत सतेराखाल मण्डल के दूरस्थ गांव वनथापला, गढ़ीधार काण्डई, महड़, जरमवाड़ गांवों में नुक्कड़ सभाएँ और जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के समर्थन में आयोजित नुक्कड़ सभाओं में उपस्थित जन समूह और मातृ शक्ति को सम्बोधित करते हुए कहा कि केदारनाथ क्षेत्र की पूर्व विधायक स्व. शैलारानी रावत को श्रद्धांजलि अर्पित देते हुए कहा कि शैला रानी रावत ने सदैव केदारनाथ के विकास के लिए तत्पर रही। उन्होंने कहा कि आशा नौटियाल उस पार्टी की प्रत्याशी है। जिसका नेतृत्व विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करता है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ हमारी आस्था का केंद्र है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का केदारनाथ से एक विशेष लगाव है। यहीं कारण हैं, कि 2013 की आपदा के बाद केदारनाथ को संवारने के काम अगर किसी ने किया है तो प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पद चिन्हों पर चलकर प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य के चौमुखी विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि विगत अगस्त माह में केदारनाथ में आई आपदा से प्रभावित हुए व्यवसायियों को राहत देने के लिए 10 करोड़ रुपए की सहायता राशि देने का काम प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया है। उन्होंने कहा कि आज माहौल भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के पक्ष में नजर आ रहा हैं। उन्होंने कहा कि केदारघाटी के चौमुखी विकास के लिए उपचुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत देकर आशा नौटियाल को विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। इस अवसर पर जन संवाद के दौरान उन्होंने ग्रामीण की विभिन्न समस्याएं भी सुनी और समस्याओं के निराकरण का भरोसा भी दिलाया।इस अवसर पर जय वर्धन काण्डपाल धीर सिंह रावत, कृपाल सिंह रावत, कुलदीप रावत, लखपत सिंह रावत, सते सिंह रावत, उमेद सिंह, महिला मंगल दल अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, ग्राम प्रधान शांति देवी, कुसुम राणा, लक्ष्मण सिंह, हीरा सिंह, हेमंत बर्थवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## मंत्री धन सिंह ने बैकुंठ चतुर्दशी मेला और प्रदर्शनी स्थल का किया भूमि पूजन

पौड़ी/श्रीनगर। सात दिवसीय बैकुंठ चतुर्दशी मेले का शुभारंभ 14 नवंबर से होगा। बुधवार को मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बैकुंठ चतुर्दशी एवं विकास प्रदर्शनी स्थल आवास विकास मैदान का भूमि पूजन किया। भूमि पूजन से पूर्व उन्होंने मेला एवं प्रदर्शनी स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्रीनगर शहर में बैकुंठ चतुर्दशी मेला एवं विकास प्रदर्शनी का आयोजन 14 नवंबर से शुरू होकर 20 नवंबर तक चलेगा। इस मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। क्षेत्रीय विधायक कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने भूमि पूजन के बाद कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संजोये इस मेले को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए विशेष प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेले को और अधिक आकर्षक रूप देने के लिए इस बार धारी देवी मन्दिर से कमलेश्वर मन्दिर तक जल कलश यात्रा निकल रही है। भगवान कमलेश्वर को अलकनंदा नदी का पवित्र जल चढ़ाया जाएगा।

# मुख्यमंत्री धामी पहुंचे बदरीनाथ, मंदिर में दर्शन कर देश प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोपेश्वर। उत्तराखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को बदरीनाथ पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बदरीनाथ धाम में विशेष पूजाओं में प्रतिभाग किया। पूजा अर्चना कर देश प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि यात्रा अब अंतिम चरणों में है। अभी भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान बद्री विशाल के दर्शन करने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो तीन सालों से श्रद्धलुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। आने वाले समय में यात्रियों की संख्या में रिकार्ड वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से यहां पर मास्टर प्लान का काम तेजी से पूरा हो रहा है। आने वाले समय में यहां का भव्य स्वरूप निकल कर आयेगा। हर साल अच्छी यात्रा हो यही हमारा प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि यात्रा प्राधिकरण बनाया जा रहा है। फिर सभी धामों की यात्रा व्यवस्थाओं के हिसाब से सिस्टम विकसित किया जायेगा और संख्या सुनिश्चित की जाएगी।



इस दौरान उन्होंने तीर्थ पुरोहितों, व्यापार मंडल, होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी से बीकेटीसी कार्यालय में मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निदान का आश्वासन दिया। तीर्थ पुरोहितों, व्यापार मंडल, होटल एसोसिएशन ने यात्रा को लेकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने यात्रियों से बातचीत की और यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। इस साल अब तक 13 लाख 85 हजार यात्रियों ने बद्री विशाल के दर्शन किए हैं। इस दौरान बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार, सीईओ विजय प्रसाद थपलियाल, एसडीएम ज्योतिर्मठ चंदरशेखर वशिष्ठ, एसडीएम चमोली राजकुमार पाण्डेय आदि मौजूद थे।

# 21 नवंबर तक हो जाएगा कांग्रेस की बूथ से लेकर महानगर की कमेटियों का गठन : प्रकाश जोशी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। भाजपा के साथ अब कंग्रेस में भी संगठन चुनाव की सरगर्मियां शुरू हो गई है। चुनाव को लेकर हरिद्वार जिले के प्रभारी प्रकाश जोशी ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि 21 नवंबर बूथ, ब्लॉक से महानगर तक की कमेटियों का गठन कर लिया जायेगा। इसके साथ ही भाजपा सरकार पर निकाय चुनाव टालने के आरोप लगाए। रुड़की नगर निगम सभागार में बुधवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए हरिद्वार जिले के प्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी ने कहा कि पूरे प्रदेश में संगठन चुनाव चल रहे हैं, जिसमें हरिद्वार की जिम्मेदारी पार्टी ने उन्हें दी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन चुनाव पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि जिले में बूथों की कमेटी का गठन अगले सात दिनों में पूरा कर दिया जाएगा। उससे पूर्व ब्लॉक और महानगर की कमेटियों का गठन भी जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार आम आदमी की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पा रही है। पहाड़ पूरे खाली हो रहे हैं। बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि नारायण दत्त तिवारी सरकार में जो उद्योग लगे वही हैं और कई सरकार की नीतियों से बंद हो गए, लेकिन नए उद्योग सरकार नहीं लाई। उन्होंने सरकार पर स्थानीय निकाय चुनाव को टालने का आरोप लगाया। हरिद्वार से लोकसभा प्रत्याशी रहे वीरेंद्र रावत ने कहा कि हाल ही में हुए विधानसभा उप चुनावों में हुई हार से भाजपा घबराई हुईं है और निकाय चुनाव करवाने से डर रही है। उन्होंने कहा कि कंग्रेस चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है और पार्टी के पास हर सीट पर मजबूत प्रत्याशी है। उन्होंने कहा कि चाहें जब मर्जी चुनाव हो जीत कंग्रेस की ही होनी है।

## बदरीनाथ धाम के कपाट बंद की प्रक्रिया शुरू, पंच पूजा के? पहले दिन गणेश मंदिर के कपाट बंद

गोपेश्वर,। बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद होने की पंच पूजा की प्रक्रिया बुधवार प्रातः से शुरू हो गयी है। शाम को विधिविधान से पूजा के बाद श्री गणेश मंदिर के कपाट बंद हो गये हैं। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल हुए। पंच पूजा के तहत गणेशजी के मंदिर परिसर स्थित मंदिर में रावल, धर्माधिकारी वेदपाठी आचार्यों की ओर से पूजा-अर्चना की और फिर विधिवत पंच स्नान के पश्चात गणेश जी की मूर्ति को निर्वाण रूप में लाकर बद्रीनाथ मंदिर गर्भगृह में बदरीश पंचायत के साथ दर्शनार्थ रखा गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बद्रीनाथ धाम पहुंचे और दर्शन किए। धामी बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया के तहत पहली पंच पूजा में शामिल हुए। भगवान बद्रीविशाल के साथ ही उन्होंने बदरीश पंचायत में विराजमान हुए श्री गणेशजी की पूजा-अर्चना एवं दर्शन किए और सबकी मंगलकामना की। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुजन भी दर्शन को पहुंचे है।

# चेन्नई में सरकारी डॉक्टर पर चाकू से हमला, आईएमए की हमलावर पर सख्त कदम उठाने की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली/चेन्नई। तमिलनाडु में चेन्नई के गुइंडी में कलैगनार सेंटेनरी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल (केसीएसएसएच) में बुधवार को कुछ लोगों ने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर डॉ. बालाजी जगन्नाथ को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कथित तौर पर एक मरीज के रिश्तेदार द्वारा किए गए इस हमले को सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा और स्टाफ की स्थिति से जोड़कर देखा जा रहा है, जिस पर चिकित्सा पेशेवरों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

डॉ. बालाजी जगन्नाथ अस्पताल के ऑन्कोलॉजी विभाग में ड्यूटी पर थे, जब पेरुंगलाथुर के 26 वर्षीय आरोपित विग्नेश ने उनसे संपर्क किया। स्थानीय पुलिस के अनुसार विग्नेश और तीन दोस्त विग्नेश की मां से मिलने के लिए सुबह करीब साढ़े दस बजे अस्पताल पहुंचे। एक बार अंदर जाने के बाद वे कथित तौर पर महिला की बिगड़ती हालत को लेकर डॉ जगन्नाथ के साथ गरमागरम बहस में उलझ गये और उन्होंने डाक्टर ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया। पुलिस के अनुसार विग्नेश ने कथित तौर पर रसोई में इस्तेमाल होने वाला चाकू निकालकर डॉ. जगन्नाथ पर हमला किया। चाकू से उनकी गर्दन पर वार किया गया और उनके सिर और शरीर के ऊपरी हिस्से पर भी चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और डॉक्टर को आईसीयू में ले गए, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। सरकारी डॉक्टर पर हमला करने की घटना का इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने कड़ी निंदा की है और राज्य सरकार से चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता कदम उठाने की मांग की है। आईएमए ने बुधवार को अपने बयान में कहा कि चेन्नई में कलैगनार सेंटेनरी अस्पताल में ड्यूटी के दौरान ओन्को सर्जन डॉ. बालाजी को एक मरीज ने एक के बाद एक सात वार कर घायल कर दिया। डॉक्टर का काफी खून बह गया। इससे साफ जाहिर होता है कि तमाम घटनाओं के बाद भी डॉक्टरों की सुरक्षा अधर में है। आईएमए के अध्यक्ष डॉ आर वी अशोकन ने कहा कि इस घटना को देख कर पता चलता है कि डॉक्टर कितने असुरक्षित हैं। सरकार के नियम कारगर साबित नहीं हो रहे हैं। इस तरह की घटना को रोकने के लिए सख्त नियमों की आवश्यकता है। देश के डॉक्टर अपनी सुरक्षा को लेकर आशंकित हैं।



मीडिया से बातचीत में उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि ऐसी घटनाएं दोहराई न जाएं और घटना की विस्तृत जांच का वादा किया। स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने डॉक्टरों की कमी की खबरों को खारिज कर दिया और इसे कुछ समूहों द्वारा फैलाई गई झूठी खबर बताया। उन्होंने कहा कि विभाग फरवरी तक डॉक्टरों के लिए 3,505 रिक्तियों को भरेगा और विभाग इस सप्ताह 1,271 नर्सों की भर्ती भी करेगा।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063